21/8/97
HVS/Lib/1

# हरियाणा विधान सभा

की

# कार्यवाही

24 मई, 1996

खण्ड 1, अंक 3

अधिकृत विवरण

## विषय सूची

शुक्रवार, 24 मई, 1996


| | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| घोषणाएं | |
| (क) अध्यक्ष द्वारा— | |
| (i) महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी (अमैंडमैंट) विल, 1988 को लौटाते हुए राज्यपाल, हरियाणा से प्राप्त संदेश संबंधी। | (3) 1 |
| (ii) कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी (अमैंडमैंट) बिल, 1988 को लौटाते हुए राज्यपाल, हरियाणा से प्राप्त संदेश संबंधी। | (3) 2 |
| (iii) इंडियन इलैक्ट्रिसिटी (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 1989 को लौटाते हुए राज्यपाल, हरियाणा से प्राप्त संदेश संबंधी। | (3) 3 |
| (iv) पैनल आफ चेयरमैन संबंधी | (3) 4 |
| (ख) सचिव द्वारा— राज्यपाल, द्वारा अनुमति दिए गए बिलों संबंधी | (3) 4 |
| नियम 15 के अधीन प्रस्ताव | (3) 5 |
| नियम 16 के अधीन प्रस्ताव | (3) 5 |
| नियम 121 के अधीन प्रस्ताव | (3) 5 |
| सदन की मेज पर रखे गए/पुनः रखे गए कागज पत्र | (3) 7 |
| भारतीय किसान यूनियन की मांगों से संबंधित मामला | (3) 7 |
| राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा (पुनरारम्भ) | (3) 8 |
| राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर मतदान | (3) 80 |


मूल्य : 54.00

# हरियाणा विधान सभा

## शुक्रवार, 24 मई, 1996

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर-1, चण्डीगढ़ में प्रातः 9.30 बजे हुई। अध्यक्ष ( प्रो० छत्तर सिंह चौहान) ने अध्यक्षता की।

---

## घोषणाएं

(क) अध्यक्ष द्वारा

(i) महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी (अमैंडमैंट) बिल, 1988 को लौटाते हुए राज्यपाल, हरियाणा से प्राप्त संदेश संबंधी।

**Mr. Speaker :** Hon'ble members, I read out the following message received from the Governor of Haryana returning the Maharshi Dayanand University (Amendment) Bill, 1988, —

**Message from the Governor**

"I, Mahabir Prasad, Governor of Haryana do hereby return the Maharshi Dayanand University (Amendment) Bill, 1988 which was reserved for the consideration of the President of India under the provisions of Article 200 of the Constitution of India, for reconsideration by the Legislature of the State of Haryana as directed by the President of India, in pursuance of the proviso to Article 201 of the Constitution of India with a message to suitably amend sub-section (1) of Section 9A of the Maharshi Dayannad University Act, 1975, on the following lines :-

"(1) The State Government shall constitute a Selection Committee consisting of one nominee of the Chancellor and two nominees of the Executive Council, which shall prepare a panel of at least three names, in alphabetical order, from which the Chancellor shall appoint the Vice-Chancellor, on the advice of the State Government. The terms and conditions of service of the Vice-chancellor, shall be determined by the Chancellor, on the advice of the State Government; and

(2) The Chancellor may, on the advice of the State Government, cause an inquiry to be held in accordance with the principles of natural justice, and remove the Vice-Chancellor from office, if he is found on such inquiry, to be a person patently unfit to be continued in such office."

I also read out the following directive dated 30th March, 1995, from the President of India to the Governor of Haryana, Chandigarh :—

**Directive of the President of India**

"I, Shanker Dayal Sharma, President of India, having considered the Maharashi Dayanand University (Amendment) Bill, 1988 which was reserved

[Mr. Speaker]
for my consideration under the provisions of Article 200 of the Constitution of India, do hereby direct in pursuance of the proviso to Article 201 of the Constitution, that the bill be returned to the Legislature of the State of Haryana, together with a message that the Legislature will reconsider it and suitably amend sub-section (1) of section 9-A of the Maharshi Dayanand University Act, 1975 on the following lines :—

(1) The State Government shall constitute a Selection Committee consisting of one nominee of the Chancellor and two nominees of the Executive Council, which shall prepare a panel of at least three names, in alphabetical order, from which the Chancellor shall appoint the Vice-Chancellor, on the advice of the State Government. The terms and conditions of service of the Vice-Chancellor, shall be determined by the Chancellor, on the advice of the State Government; and

(2) The Chancellor may, on the advice of the State Government, cause an inquiry to be held in accordance with the principles of natural justice, and remove the Vice-Chancellor from office, if he is found on such inquiry, to be a person patently unfit to be continued in such office."

(ii) कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी (अमैंडमैंट) बिल, 1989 को लौटाते हुए राज्यपाल, हरियाणा से प्राप्त संदेश संबंधी।

I read out the following message received from the Governor of Haryana returning the Kurukshetra University (Amendment) Bill, 1988, —

**Message from the Governor**

"I, Mahabir Prasad, Governor of Haryana do hereby return the Kurukshetra University (Amendment) Bill, 1988 which was reserved for the consideration of the President of India under the provisions of Article 200 of the Constitution of India, for reconsideration by the Legislature of the State of Haryana as directed by the President of India, in pursuance of the proviso to Article 201 of the Constitution of India with a message to suitably amend sub-section (1) of Section 11-A of the Kurukshetra University Act, 1986, on the following lines :-

(1) The State Government shall constitute a Selection Committee consisting of one nominee of the Chancellor and two nominees of the Executive Council, which shall prepare a panel of at least three names, in alphabetical order, from which the Chancellor shall appoint the Vice-Chancellor, on the advice of the State Government. The terms and conditions of service of the Vice-Chancellor, shall be determined by the Chancellor, on the advice of the State Government; and

(2) The Chancellor may, on the advice of the State Government, cause an inquiry to be held in accordance with the principles of natural justice, and remove the Vice-Chancellor from office, if he is found on such inquiry, to be a person patently unfit to be continued in such office."

I also read out the following directive dated 30th March, 1995, from the President of India to the Governor of Haryana, Chandigarh :—

**Directive of the President of India**

"I, Shanker Dayal Sharma, President of India, having considered the Kurukshetra University (Amendment) Bill, 1988, which was reserved for my consideration under the provisions of Article 200 of the Constitution of India, do hereby direct in pursuance of the proviso to Article 201 of the Constitution, that the bill be returned to the Legislature of the State of Haryana, together with a message that the Legislature will reconsider it and suitably amend sub-section (1) of section 11 of the Kurukshetra University Act, 1986 on the following lines :—

(1) The State Government shall constitute a Selection Committee consisting of one nominee of the Chancellor and two nominees of the Executive Council, which shall prepare a panel of at least three names, in alphabetical order, from which the Chancellor shall appoint the Vice-Chancellor, on the advice of the State Government. The terms and conditions of service of the Vice-Chancellor, shall be determined by the Chancellor, on the advice of the State Government; and

(2) The Chancellor may, on the advice of the State Government, cause an inquiry to be held in accordance with the principles of natural justice, and remove the Vice-Chancellor from office, if he is found on such inquiry, to be a person patently unfit to be continued in such office."

(iii) इंडियन इलैक्ट्रिसिटी (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 1989 को लौटाते हुए राज्यपाल, हरियाणा से प्राप्त संदेश संबंधी।

I read out the following message received from the Governor of Haryana returning the Indian Electricity (Haryana Amendment) Bill, 1989 : —

**Message from the Governor**

"I, Mahabir Prasad, Governor of Haryana do hereby return the Indian Electricity (Haryana Amendment) Bill, 1989 which was reserved for the consideration of the President of India under the provisions of Article 200 of the Constitution of India, for reconsideration by the Legislature of the State of Haryana as directed by the President of India, in pursuance of the proviso to Article 201 of the Constitution of India with a message that the Legislature will reconsider it and suitably amend clause 2 of the Bill, by substituting the words "forty per cent ", for the words "fifty per cent".

I also read out the following directive dated 11th October, 1995, from the President of India to the Governor of Haryana, Chandigarh :—

**Directive of the President of India**

"I, Shanker Dayal Sharma, President of India, having considered the Indian Electricity (Haryana Amendment) Bill, 1989, which was reserved for my

[Mr. Speaker]
consideration under the provisions of Article 200 of the Constitution of India, do hereby direct in pursuance of the proviso to Article 201 of the Constitution, that the bill be returned to the Legislature of the State of Haryana, together with a message requesting that the Legislature will reconsider it and suitably amend clause 2 of the Bill by substituting the words "forty percent" for the words "fifty percent".

(iv) पैनल आफ चेयरमैन संबंधी

**Mr. Speaker :** Hon'ble members, under Rule 13 (1) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly, I nominate the following members to serve on the Panel of Chairmen :-

1. Shri Jaswant Singh, M.L.A. (Narnaund)
2. Shri Ganeshi Lal, M.L.A.
3. Shri Dharamvir Yadav, M.L.A.
4. Shri Balwant Singh Maina, M.L.A.

(ख) सचिव द्वारा —

राज्यपाल द्वारा अनुमति दिए गए बिलों संबंधी

**Mr. Speaker :** Now, the Secretary will make an announcement.

**Secretary :** Sir, I beg to lay on the Table of the House a statement showing the Bills which were passed by the Haryana Legislative Assembly during its Budget Session held in February-March, 1996, and have since been assented to by the Governor.

**STATEMENT**

1. The Haryana Municipal (Amendment) Bill, 1996.
2. The Punjab Ayurvedic and Unani Practitioners (Haryana Amendment and Validation) Bill, 1996.
3. The Haryana Mechanical Vehicles (Levy of Tolls) Bill, 1996.
4. The Haryana Municipal Corporation (Amendment) Bill, 1996.
5. The Haryana Appropriation (No.1) Bill, 1996.
6. Guru Jambheshwar University Hisar (Amendment) Bill, 1996.
7. The Haryana Prevention of Defacement of Property (Amendment) Bill, 1996.
8. The Haryana General Sales Tax (Amendment) Bill, 1996.
9. The Punjab Village Common Lands (Regulation) Haryana Amendment Bill, 1996.
10. The Punjab Land Revenue (Haryana Amendment) Bill, 1996.
11. The Haryana Appropriation (No.2) Bill, 1996.

## नियम 15 के अधीन प्रस्ताव

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, now the Parliamentary Affairs Minister will move the motion under Rule 15.

**Development & Panchayats Minister** (Shri Jagan Nath) : Sir,

I beg to move —

> That the proceedings on the items of business fixed for today be exempted at this day's sitting from the provisions of the Rule "Sittings of the Assembly," indefinitely.

**Mr. Speaker :** Motion moved —

> That the proceedings on the items of business fixed for today be exempted at this day's sitting from the provisions of the Rule "Sittings of the Assembly," indefinitely.

**Mr. Speaker :** Question is —

> That the proceedings on the items of business fixed for today be exempted at this day's sitting from the provisions of the Rule "Sittings of the Assembly," indefinitely.

*The motion was carried.*

## नियम 16 के अधीन प्रस्ताव

**Mr. Speaker :** Now the Parliamentary Affairs Minister will move the motion under Rule 16.

**Development & Panchayats Minister** (Shri Jagan Nath) : Sir,

I beg to move —

> That the Assembly at its rising this day shall stand adjourned sine-die.

**Mr. Speaker :** Motion moved.

> That the Assembly at its rising this day shall stand adjourned sine-die.

**Mr. Speaker :** Question is —

> That the Assembly at its rising this day shall stand adjourned sine-die.

*The motion was carried.*

## नियम 121 के अधीन प्रस्ताव

**Mr. Speaker :** Now the Parliamentary Affairs Minister will move the motion under Rule 121.

**Development & Panchayats Minister** (Shri Jagan Nath) : Sir,

I beg to move —

> That this Provisions of Rule 228, 230, 230-B and 260-A of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Haryana Legislative Assembly in-so-far as they relate to the Constitution of the—
>
> (i) Committee on Public Accounts:
> (ii) Committee on Estimates;
> (iii) Committee on Public Undertakings; and
> (iv) Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes,
>
> for the year 1996-97 be suspended.

Sir, I also move —

> That this House authorises the Speaker, Haryana Vidhan Sabha to nominate the Members of the aforesaid Committees for the year 1996-97, keeping in view the proportionate strength of various parties/groups in the House.

**Mr. Speaker :** Motion moved —

> That the Provisions of Rule 228, 230, 230-B and 260-A of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly in-so-far as they relate to the Constitution of the—
>
> (i) Committee on Public Accounts;
> (ii) Committee on Estimates;
> (iii) Committee on Public Undertakings; and
> (iv) Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes,
>
> for the year 1996-97 be suspended.
>
> and
>
> That this House authorises the Speaker, Haryana Vidhan Sabha to nominate the Members of the aforesaid Committees for the year 1996-97, keeping in view the proportionate strength of various parties/groups in the House.

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** स्पीकर सर, इसमें मेरा आपसे सिर्फ यही कहना है कि जो मैम्बर्ज दूसरी बार, तीसरी बार, या चौथी बार इलैक्ट हुए हैं और जिनको आपने कमेटीज में इलैक्ट करना है, उनके अपने अपने कुछ स्पैसिफिक इंट्रैस्ट होते हैं जिसके कारण वे अपनी इच्छा की कमेटीज में काम करने के इच्छुक

होते हैं। इसलिए अगर आप उनसे उनकी सलाह लेकर या उनसे पूछकर उनकी इच्छा के मुताबिक कमेटीज में नोमीनेट करेंगे तो वे मैम्बर्ज और भी ज्यादा इंट्रेस्ट से काम कर सकेंगे।

**श्री अध्यक्ष** : ठीक है, हम उनसे बात करके या पूछकर यह काम करेंगे।

Question is —

That the Provisions of Rules 228, 230, 230-B and 260-A of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly in-so-far as they relate to the Constitution of the—

(i) Committee on Public Accounts;
(ii) Committee on Estimates;
(iii) Committee on Public Undertakings; and
(iv) Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes,

for the year 1996-97 be suspended.

and

That this House authorises the Speaker, Haryana Vidhan Sabha to nominate the Members of the aforesaid Committees for the year 1996-97, keeping in view the proportionate strength of various parties/groups in the House.

## सदन की मेज पर रखे गए/पुनः रखे गए कागज पत्र

**Mr. Speaker :** Now the Parliamentary Affairs Minister will re-lay/lay papers on the Table of the House.

**Development & Panchayats Minister** (Shri Jagan Nath) : Sir,

I beg to re-lay on the Table —

1. The Excise and Taxation Department Notification No. G.S.R. 91/H.A. 20/73 /S.64/95, dated the 6th December, 1995 regarding the Haryana General Sales Tax (Fourth Amendment) Rules, 1995 as required under Section 64 (3) of the Haryana General Sales Tax Act, 1973.
2. The Excise and Taxation Department Notification No. G.S.R. 5/H.A. 20/73 /S.64/95, dated the 16th January, 1996 regarding the Haryana General Sales Tax (Fourth Amendment) Rules, 1995 as required under Section 64 (3) of the Haryana General Sales Tax Act, 1973.
3. The General Administration Department (General Services) Notification No. G.S.R.9/Const./Art. 320/Amd. (1)/96,

dated the 9th February, 1996 regarding the Haryana Public Service Commission (Limitation of Functions) First Amendment Regulations, 1996 as required under Article 320(5) of the Constitution of India.

4. The General Administration Department (General Services) Notification no. G.S.R. 10/Const./Art.320/Amd.(2)/96 dated the 9th February, 1996 regarding the Haryana Public Service Commission (Limitation of Functions) Second Amendment Regulations, 1996 as required under Article 320 (5) of the Constitution of India.

Sir, I also lay on the Table—

5. The Annual Statement of Accounts for the year 1989-90 of the Housing Board Haryana as required under sub-section (3) of Section 19-A of the Comptroller and Auditor General (Duties, Powers and Conditions of Service.) Act, 1971.

6. The Grant Utilisation Certificate and Audit Report for the year 1992-93 of the Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University, Hisar as required under Section 34(5) of the Haryana and Punjab Agricultural Universities Act, 1970.

## भारतीय किसान यूनियन की मांगों से संबंधित मामला

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से लीडर ऑफ दी हाउस से सबमिशन करना चाहता हूं कि भारतीय किसान यूनियन के जो किसान हैं वे 27.12.95 से के०सी० चौक, चंडीगढ़ में किसानों की जो न्यायोचित मांग है उसको लेकर जेल भरो आंदोलन चला रहे है। उसके तहत हजारों किसान छः महीने से लगातार जेलों में जा चुके हैं। इसलिए मैं मुख्यमंत्री महोदय से यह प्रार्थना करना चाहूंगा कि उनकी जो उचित मांगे हैं उन पर विचार विमर्श के लिए कोई ऐसा चैनल ओपन किया जाए जिससे यह आंदोलन समाप्त हो सके और किसानों की जायज मांगों पर विचार किया जा सके।

**मुख्यमंत्री (श्री बंसी लाल) :** अध्यक्ष महोदय, जैसा चौधरी बीरेन्द्र सिंह ने कहा, इस संबंध में मैं कहना चाहता हूं कि जो चैनल ये कहें, वही हम एडोप्ट करने के लिए तैयार हैं। किसानों की हर जायज बात पर विचार के लिए हम हर समय तैयार हैं। चौधरी बीरेन्द्र सिंह उनको अपने साथ ले आएं।

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** मैं चाहूंगा कि मनीराम गोदारा साहब उन से बात कर लें।

**श्री बंसी लाल :** ठीक है आप उनको साथ ले आएं और मनीराम गोदारा साहब के साथ बैठकर बातचीत कर लें।

## राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा (पुनरारम्भ)

**श्री अध्यक्ष :** अब चौटाला साहब गवर्नर एड्रैस पर बोलेंगे।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला (रोड़ी) :** अध्यक्ष महोदय, कल किसी जरूरी कारण-वश मैं हाजिर नहीं था। मैं आपका आभार व्यक्त करूंगा कि आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया। मेरी गैरहाजिरी में

जो चर्चाएं हुई, उनके बारे में मुझे पूरी तरह से ज्ञान नहीं हो पाया लेकिन समाचारपत्रों में जो खबरें पढ़ी, उसके आधार पर मेरी गैर-हाजिरी में मेरे नाम से कुछ चर्चाएं चलीं। खास तौर से कांग्रेस पार्टी के रणदीप सिंह ने मेरे मुतल्लक चर्चाएं कीं। बच्चा है उसकी मेडन स्पीच थी। मुझे उस पर आपत्ति नहीं। बच्चे गुस्ताखी किया ही करते हैं। बुजुर्गों की दाढ़ी तक भी हाथ डाल दिया करते हैं। इसने तो चुनाव के दौरान में अपने बाप को भी बेवकूफ और नालायक कहा था। तो अध्यक्ष महोदय, जो लड़का अपने बाप को बेवकूफ और नालायक कह सकता है तो मुझे इस बारे ज्यादा नहीं कहना है। नया नया आया है अपने आप सीख जायेगा क्योंकि हमें तो साल-सवा साल इकट्ठे ही रहना है।

**श्री रणदीप सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। श्री औमप्रकाश चौटाला जी से पूछा जाये कि अगर किसी पिता ने अपने बेटे को बेटा नहीं माना है तो वे श्री औमप्रकाश चौटाला के ही पिता थे न कि रणदीप के। यह रिकार्ड की बात है। यह चौधरी साहब को शायद याद नहीं है वे भूल गये हैं।

**श्री अध्यक्ष :** मेरा माननीय सदस्यों से निवेदन है कि वे व्यक्तिगत कटाक्ष न करें अपनी हर बात को सौहार्दपूर्ण तरीके से कहें तो अच्छा है।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, रणदीप जी अभी बच्चे हैं समय सब सिखा देगा। गवर्नर महोदय के अभिभाषण पर चर्चा करने के लिए मुझे अवसर प्रदान किया इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। गवर्नर महोदय के अभिभाषण में सरकार की पालिसी, नीति और कार्यक्रम ही बताये जाते हैं। मौजूदा सरकार को जनता जनार्दन की तरफ से जनमत मिला है। प्रजातांत्रिक प्रणाली में जनता का फैसला सर्वमान्य होता है। आज भी हरियाणा विकास पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के गठबन्धन की सरकार है। इस सरकार ने गवर्नर महोदय के अभिभाषण में जिक्र किया है कि चर्चाओं के मुताबिक अपनी नीतियों और कार्यक्रमों को अपने चुनाव घोषणा पत्र के आधार पर ये प्रशासन चलायेंगे। मुझे बहुत खुशी होगी अगर ये जनता से किए गये वायदों को पूरी तरह से निभा पायेंगे। हम विपक्ष की भूमिका अदा करते हुए विशेष प्रजातांत्रिक प्रणाली के तहत सरकार के हर अच्छे काम की सराहना करेंगे और उस मामले में सरकार को भरपूर सहयोग और समर्थन भी देंगे। जो मुद्दे खासतौर से स्टेट के इंट्रैस्ट के लिए होंगे, हरियाणा प्रदेश के इंट्रैस्ट में होंगे वे हमारे लिए सर्वोपरि हैं। लेकिन दोनों पार्टियों के घोषणा पत्र जो हमने पढ़े हैं उन में बातें भिन्न हैं। पता नहीं ये अपने इस गठबन्धन को कैसे चला पायेंगे ? हरियाणा विकास पार्टी ने एस.वाई.एल. नहर का जिक्र किया है और गंगा से हरियाणा में पानी लाने की बात कही है। लेकिन यमुना जल समझौते के जिक्र के तहत हरियाणा प्रदेश का 30 प्रतिशत पानी हिमाचल, राजस्थान, दिल्ली और यू०पी० को देने की बात भी कही है। इसके विरोध में विपक्ष में होते हुए हमने बहुत लड़ाई लड़ी थी और त्यागपत्र भी दिया। उस समय आंदोलन भी चला और बहुत लोगों पर मुकदमें भी चले जो आज भी चल रहे हैं। परन्तु हरियाणा विकास पार्टी ने इस बात की अपने चुनाव घोषणा पत्र में चर्चा तक नहीं की। मुख्यमंत्री जी ने कार्य भार संभालने के बाद पहली प्रैस कांफ्रैंस में भी यमुना जल
10.00 बजे समझौते का जिक्र तक नहीं किया। इस पर हमें शक पैदा होता है क्योंकि इस गठबंधन की दूसरी पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने उस वक्त भी यमुना जल समझौते का समर्थन किया था। क्योंकि उनकी निगाह दिल्ली पर है। इनके सामने हरियाणा प्रदेश का इन्ट्रैस्ट नहीं था और इनकी पार्टी की जनरल सैक्रेटरी श्रीमती सुषमा स्वराज जो आज केन्द्र में मंत्री है उन्होंने उस समय पब्लिकली उस समझौते का समर्थन किया था। अध्यक्ष महोदय, जिस समझौते से हरियाणा प्रदेश का 30 प्रतिशत पानी चला गया हो और जिस प्रदेश की सीमित जल प्रणालियां हों, आपको तो सब हालात की जानकारी है। अगर यह यमुना जल

[श्री ओम प्रकाश चौटाला]

समझौता इसी प्रकार बरकरार रहेगा तो हरियाणा प्रदेश के लोग पीने के पानी से वंचित रह जायेंगे। हरियाणा प्रदेश में पीने के पानी के केवल तीन सोर्स हैं। ज्यादातर हरियाणा में भूमि के नीचे का पानी खारा है और जो मीठा पानी है वह भी गलत नीतियों के कारण नहीं मिल पा रहा है। जब पहले चौधरी बंसी लाल जी हरियाणा के मुख्यमन्त्री थे, तब उस पानी को डीप टयूबवैल स्कीम से निकालकर भिवानी ले गए थे और वाटर टेबल नीचे चला गया था। उसकी वजह से हजारों आदमी मौत के मुँह में चले गए। बिजली के अभाव की वजह से वह पानी पूरी तरह से निकाला नहीं जा सका है। दूसरे, पानी का साधन हमारे पास भाखड़ा का है। 12 हजार क्यूसिक पानी हमें भाखड़ा से मिलता है। अध्यक्ष महोदय, पिछली सरकार ने इस मामले में कुछ नहीं किया। उसने न नहरों की सफाई करवाई, न नहरों के बैंकों को मजबूत करवाया। जिसके परिणामस्वरूप हमारे हिस्से का 5 हजार क्यूसिक पानी हम बर्तन छोटा पड़ने की वजह से नहीं ले पाये थे। तीसरा पानी का साधन हमारे पास यमुना जल का है और उसका भी 30 प्रतिशत पानी यदि हमें नहीं मिलेगा तो हरियाणा प्रदेश की जनता पीने के पानी से महरूम रह जाएगी लेकिन मौजूदा सरकार भाजपा के सहयोग और समर्थन से चल रही है। यह एक गठबंधन की सरकार है। अगर चिंता की बात है तो यह चिंता रहेगी केवल 28 तारीख तक। उसके बाद तो यह चिंता समाप्त हो जाएगी। चौधरी बंसी लाल का डर भी समाप्त हो जाएगा क्योंकि केन्द्र में इनका जो डर है वह शायद 28 तारीख को समाप्त हो जाएगा। क्योंकि केन्द्र की भाजपा सरकार गिर जाएगी। लेकिन क्या परिणाम निकलें, सवाल तो इस बात का है कि हरियाणा प्रदेश के इंट्रैस्ट कैसे बचाए जा सकें। आखिर जनता जनार्दन ने हमें हरियाणा प्रदेश के अस्तित्व की रक्षा के लिए यहाँ भेजा है और अगर हम हरियाणा के हितों के लिए, हरियाणा के अधिकारों के लिए लड़ाई नहीं लड़ेंगे तथा आज जो अवसर हमें मिला है उसका यदि हम लाभ नहीं उठा पाएंगे तो, हरियाणा प्रदेश की क्या हालत होगी ? यह एक विचारणीय विषय है। इस को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर लेना चाहिए। इसी सदन में जब सत्ता में कांग्रेस पार्टी थी तो चौधरी बंसी लाल जी विपक्षी बैंचों पर बैठते थे। उस वक्त मैंने एक रैजोल्यूशन मूव किया था। मैंने कहा था कि हम एक रैजोल्यूशन लाते हैं और कांग्रेस पार्टी उसका समर्थन करे। मैं कहता हूं कि जब कर्नाटक और तमिलनाडू के बीच कावेरी जल विवाद को लेकर सारी पार्टियां एक हो सकती हैं तो हरियाणा के इंट्रैस्ट को मद्देनजर रखते हुए हम भी अपने अधिकारों के लिए एक मुश्तरका आवाज उठाएं। संयोग से उस वक्त केन्द्र में भी कांग्रेस पार्टी की सरकार थी तथा हरियाणा में भी कांग्रेस पार्टी की सरकार थी। उस वक्त हमने कहा था कि हम इस मामले को उठाते हैं और कांग्रेस पार्टी इसका समर्थन करे। अगर कांग्रेस पार्टी में कोई कमजोरी नहीं है तो कांग्रेस पार्टी रैजोल्यूशन लेकर आए, हम उसका समर्थन करेंगे ताकि हमारे हिस्से का पानी हमें मिल सके। लेकिन वह नहीं हो पाया था। उस वक्त चौधरी बंसी लाल भी इस बात के पक्षधर थे। पता नहीं सत्ता में आने के बाद आदमी का दिमाग बदल जाता है, वह पुरानी बातें भूल जाता है। अच्छी बात है अगर वह पुरानी बातें भूल जाए क्योंकि उनका पुराना किरदार बड़ा भयावह रहा है। वह बड़ा डरावना था। जो भी इनके साथ हैं वह सब भयभीत हैं। अब देखिए श्री रामविलास जी जो इस वक्त सत्ता में हैं, वे भी डरे हुए हैं। हो सकता है अब हालात ठीक हो जाएं। चौधरी बंसी लाल जी ने मुख्यमंत्री का पद भार संभालने के बाद एक प्रैस कांफ्रैंस में भी यह बात कही थी कि अब मैं विंडक्टिव नहीं रहूँगा और बदले की भावना से कोई काम नहीं करूँगा तो हरियाणा की जनता ने बड़े सुख की साँस ली थी। लेकिन मैं चौधरी बंसी लाल जी को याद कराना चाहता हूं कि इनके मुख्यमंत्री का पद भार संभालने के बाद हरियाणा प्रदेश में लॉ एंड आर्डर की स्थिति बिगड़ी है। इनके अपने जिले में महिलाओं तक को भी अपमानित किया गया। मेरी पार्टी की एक सदस्या निर्मला शर्मा को कुछ गुण्डों ने

उसके घर में जाकर घेरा। उस बेचारी ने एस०पी० से सम्पर्क स्थापित किया। एस०पी० ने उसको मदद देने का आश्वासन दिया और एक ए०एस०आई० पुलिस फोर्स लेकर उसको गिरफ्तार करने के लिए उसके घर में चला गया। लोगों ने इसका विरोध भी किया। सैंकड़ों लोग वहाँ पर इकट्ठे हो गए। एस०पी० भी आ गया और एस०पी० ने ए०एस०आई० को डांट कर कहा कि तुम्हें क्या अधिकार था कार्यवाही करने का, जब तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं होती ? क्यों इस महिला को परेशान करते हो ? ए०एस०आई० का जवाब था कि मुख्यमंत्री जी की कोठी से टैलीफोन आया है कि निर्मला शर्मा को गिरफ्तार किया जाए।

**मुख्यमंत्री (श्री बंसी लाल)** : अध्यक्ष महोदय, एक बात मैं बीच में ही कह दूँ। मेरे यहाँ से किसी एस०पी० या डी०एस०पी० को टैलीफोन नहीं किया गया आजकल तो इलैक्ट्रोनिक सिस्टम है। अगर कहीं से एस०टी०डी० डायल की जाएगी तो उस टैलीफोन का नम्बर भी साथ ही लिखा जाएगा जहां से टैलिफोन किया जाएगा। इसलिए इनको इस तरह से मनघड़ंत बातें नहीं कहनी चाहिएं। यदि ये ठीक ठीक बात कहेंगे तो ठीक रहेगा।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला** : अभी तो शुरूआत है। मैं ठीक बातों पर भी आऊँगा। मैं वह सारी बातें भी बताऊँगा। इतनी जल्दी स्पष्टीकरण देने से काम नहीं चल पाएगा। अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी कहते हैं कि इनके यहाँ से कोई टैलीफोन नहीं किया गया। अगर मुख्य मंत्री जी को सारे टैलीफोन्ज का ज्ञान है और सारे हालात का ज्ञान है तो ठीक है लेकिन सारे हरियाणा प्रदेश में इस बात की चर्चा है। चर्चा तो इस बात को लेकर भी है कि मुख्य मंत्री जी ने चुनावों के दौरान हरियाणा प्रदेश के लोगों से कहा था कि मुख्य मंत्री बनने के बाद 15 सैकिन्ड में शराब बन्द कर दूँगा। शराब की एक बूँद भी हरियाणा प्रदेश में नहीं आ पाएगी। अध्यक्ष महोदय, आज सरकार बने हुए काफी दिन हो गए। इस सरकार ने निर्णय भी लिया है कि पहली जुलाई से शराब बंद कर दी जाएगी। शराब के ठेकेदारों को दो महीने का पीरियड दिया गया है इस बात की सारे हरियाणा प्रदेश में चर्चा है कि शराब के ठेकेदारों को दो महीने का समय देने के लिए 10 या 15 करोड़ रुपए लिए गए हैं। मुख्य मंत्री जी यह भी कहेंगे कि इन्हें इस बात का ज्ञान नहीं है। आप अपने परिवार के लोगों से पूछें और इस बात का स्पष्टीकरण दें। आखिर जनता में जिस बात की चर्चा चलती है उसका स्पष्टीकरण तो अच्छे पदों पर बैठे हुए लोगों को देना ही पड़ेगा कि वह चर्चा क्यों चलती है और नाम के आगे यह प्रश्न चिन्ह क्यों लगा हुआ है? इसका स्पष्टीकरण सत्ता में बैठे लोगों को देना पड़ेगा। अध्यक्ष महोदय, यह बात ठीक है और अच्छी बात है कि बदले की भावना से कोई काम न किया जाए लेकिन यह हो रहा है। ये लिस्ट बना रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, जैसे भिवानी के एस०पी० और डी०एस०पी० ने उस ए०एस०आई० को डांटा आपको तो इस बारे में पता भी है क्योंकि वह आपका भी जिला है भिवानी के एस०पी० को इस दिन बदल दिया गया और डी०सी० को बदल दिया गया लेकिन वह ए०एस०आई० आज भी वहां पर है। अध्यक्ष महोदय, अगर गुस्ताख लोगों को अवसर दिया जाएगा और ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारियों को बदला जाएगा तो निश्चित रूप से अधिकारी वर्ग में डीमारेलाइजेशन आएगी। प्रशासन चलाने वाले अधिकारियों में डीमारेलाइजेशन आएगी तो फिर कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ेगी। इन सारी बातों को अभी से ध्यान में रखकर चलने की आवश्यकता है। अध्यक्ष महोदय, किस नजरिए से तबादले किए जाते हैं उसकी आज तक जो लिस्ट आई है उसके मुताबिक आप स्वयं अंदाजा लगाएं कि यह सरकार क्या करने जा रही है। हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों में जितने भी डी०सी० लगाए हैं उनमें से शिड्यूल्ड कास्ट का एक लगाया गया है यानि 17 जिलों में से एक जिले का डी०सी० शिड्यूल्ड कास्ट है। किसी सिख को क्यों नहीं लगाया गया और दूसरी बिरादरी के लोगों को क्यों नहीं लगाया गया। इस सरकार ने हरियाणा प्रदेश

[श्री ओम प्रकाश चौटाला ]

में पंजाबी भाषा को दूसरी भाषा का दर्जा दिया है इसके लिए हम सरकार का आभार प्रकट करते हैं। सरकार इसको पूर्ण रूप से लागू करे ताकि इस समुदाय के लोगों की पुरानी इच्छा पूरी हो सके। अध्यक्ष महोदय, जितने डी०आई०जी० लगाए हैं उनमें से एक भी हरिजन नहीं लगाया गया। अध्यक्ष महोदय, डिविजनल कमिशनर चार हैं उनमें से एक हरिजन लगाया गया है। हमारी सरकार के वक्त जब हरियाणा प्रदेश में 12 जिले होते थे उस समय 6 हरिजन डी०आई०जी० हुआ करते थे। डिविजनल कमिशनर चार में से तीन हरिजन हुआ करते थे और 12 एस०पी० में से पाँच एस०पी० हरिजन हुआ करते थे। पता नहीं यह सरकार किस नजरिए से काम कर रही है। हम तो यह समझते थे कि इनके पुराने तौर तरीके बदल जाएंगे लेकिन मुझे लगता है कि जैसे एक बूढ़ा बाघ शिकार करने में असमर्थ हो गया तो वह फर्जी माला ले कर बैठ गया। उसने जंगली जानवरों को तसल्ली दिलाई कि अब उसने पुराने तौर तरीके छोड़ दिए हैं। अब मैं ठीक चलूँगा। इसमें कोई न कोई बेचारा पशु फंस जाया करता था तो वह अपना शिकार मारकर इस प्रकार अपना काम किया करता था। तौर तरीके नहीं बदले जा सकते। कुत्ते की पूंछ अगर 100 साल तक भी बांस में दे दी जाये तो बांस पाट जायेगा लेकिन पूँछ ज्यों की त्यों मिलेगी। अच्छी बात है चौधरी बंसी लाल जी अपनी आदत बदल लें लेकिन लगता नहीं है कि वे अपनी आदत बदल लेंगे।

**कृषि मंत्री (श्री कर्ण सिंह दलाल)** : अध्यक्ष जी, माननीय चौधरी ओम प्रकाश चौटाला हमारी सरकार के बारे में जो कटाक्ष कर रहे हैं, हमारे नेता चौधरी बंसी लाल जी के बारे में जो बातें कह रहे, वे ठीक नहीं हैं। मैं यह समझता हूं कि अगर यह कुत्ते की पूँछ वाली बात किसी पर लागू होती है तो वह श्री ओम प्रकाश चौटाला पर लागू होती है। जितना भी पीछे इनका शासन था, सारे इनके कामों पर गौर करें। अधिकारियों के बारे में ये चर्चा करते हैं कि यह सरकार हरिजन अधिकारियों के साथ ठीक न्याय नहीं कर रही। अध्यक्ष महोदय, यदि आप याद करें तो आप पाएंगे कि इनके राज में अधिकारियों की तो सुनवाई ही नहीं होती थी। अधिकारियों को तो इतनी बुरी तरह दुत्कारा जाता था कि कोई कानून व्यवस्था नाम की चीज इनके राज में नहीं थी। ये चौधरी बंसी लाल जी के बारे में ऐसी बातें कहते हैं तो मैं आपके माध्यम से अनुरोध करूँगा कि ये अपनी सीमाओं में रह कर सही तरीके से सदन में अपनी बात कहें।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, आपने कह भी दिया कि यहाँ सौहार्द वातावरण में बात करें लेकिन कुछ लोग फिर भी न समझ पाए हैं और हैरानी उन लोगों पर है जो 5 साल तक इस हाउस के सदस्य रह चुके हैं। इस मुद्दे को किस शकल में उठाया जाये या तो ये पहले सारे सलाह कर के पहले बोल लें ताकि मैं एक ही बार में सब का इकट्ठा जवाब दे दूँ नहीं तो मुझे बार-बार खड़ा होना पड़ेगा। हमें हरियाणा की प्रगति का काम करने का हरियाणा के लोगों ने अवसर दिया है उसमें हमने सूझबूझ का परिचय देना है। ये कहते हैं कि यहां हैल्दी क्रिटिसिज्म होना चाहिए। मैं स्वयं इसका पक्षधर हूं लेकिन अध्यक्ष महोदय आज जिन परिस्थितियों में यह प्रदेश गुजर रहा है इस प्रदेश के विकास के लिए क्या कारगर कदम उठाये जाएंगे सरकार की तरफ से यह एक चर्चा का मामला है। मंत्री महोदय को इस बात पर आपत्ति है कि हमारे लीडर के खिलाफ इस प्रकार की बातें न की जायें। चौधरी बंसी लाल जी को स्वयं सारी बातों का ज्ञान है, ये पहले भी मुख्यमंत्री रहे थे, शाह आयोग की रिपोर्ट इनके खिलाफ है। इसी प्रकार से जगन मोहन रेड्डी साहब की रिपोर्ट में बाकायदगी से इनके खिलाफ फैसले हुए हैं। एकाउंटेंट जनरल की रिपोर्ट इनके खिलाफ आई है और वी०वी० नागरकर की रिपोर्ट इनके खिलाफ आयी है। इनके पुराने तौर तरीके को जानते हुए मैं यह बात कह रहा हूं कि ये किसी मंत्री से स्पष्टीकरण दिलवाने की बजाय स्वयं मुख्यमंत्री जी इस अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देंगे तो इन सभी बातों की स्वयं

चर्चा करेंगे और जगन मोहन रेड्डी की रिपोर्ट का खासतौर से उल्लेख करें, जिस रिपोर्ट में इनके खिलाफ भ्रष्टाचार के खुले इल्जाम लगे हैं। नागर कर की रिपोर्ट में भी इनके खिलाफ आरोप लगे हैं। हर विलेज इलैक्ट्रीफाईड करने के नाम से पंजाब बिजली बोर्ड के रिजैक्टिड पोल जो ज्यादा पैसे देकर खरीदे गए थे, ए०जी० की रिपोर्ट में भी यह बात इनके खिलाफ आई थी। और अभी तो केवल 5-7 दिन हुए हैं अभी से चर्चाएं हैं और इस किस्म की चर्चा है क्या इनके तौर तरीके बदले हैं ? पहले 1986 में प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। 1987 के चुनाव के बाद और चुनाव और गिनती के बीच में कितनी माईन्ज और मिनरल्ज के लाईसेंस दे दिए गए, इसका भी स्वयं मुख्यमंत्री जी अपने भाषण में उल्लेख करेंगे। अध्यक्ष महोदय, जहां इस तरह की बेकायदगियां की गई हों वे दूसरों की की गई बेकायदगियों को भी छुपाने का प्रयास कर रहे हैं। जाने वाली सरकार भी जाते जाते दो तारीख को हरियाणा प्रदेश में बहुत सी माईन्ज और मिनरलुज के लाईसेंस दे गई है और मौजूदा सरकार ने भी आज तक उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया है। इस बात की भी चर्चा है कि जिन लोगों ने पुरानी सरकार को पैसा दिया था उन्होंने अब नई सरकार को भी पैसे दिए हैं। अब मुख्यमंत्री जी स्वयं कह देंगे कि मैंने नहीं लिए।अगर मैं ऐसे व्यक्ति का जिक्र करूँगा कि जिसने पैसे लिए हैं तो फिर आपत्ति होगी कि वह हाउस का सदस्य नहीं है। क्या जनता में जो चर्चाएं हैं उन चर्चाओं का स्पष्टीकरण नहीं दिया जाएगा ? ठीक है, अच्छी बात है राजनीति में ईमानदारी से काम करना चाहिए हम इसके पक्षधर हैं। लेकिन अगर जनता के मन में लेशमात्र शकशुभा है तो उसका स्पष्टीकरण देना पड़ेगा और खासतौर से हरियाणा प्रदेश के इन्ट्रैस्ट को ध्यान में रख कर तो उसका स्पष्टीकरण देना ही पड़ेगा। इसलिए हरियाणा प्रदेश के इन्ट्रैस्ट को ध्यान में रखकर इस बात की चर्चा की जाये। हैल्दी क्रिटिसिज्म हो, इस बात के हम पक्षधर हैं। मैंने पहले भी एक बात स्पष्ट की थी और अब भी स्पष्ट करना चाहूंगा कि हम इस बात के पक्षधर हैं और हरियाणा प्रदेश के इन्ट्रैस्टस हमारे लिए सर्वोपरि हैं। स्वस्थ प्रजातान्त्रिक प्रणाली के तहत विपक्ष की भूमिका निभाने में हम यकीन रखते हैं। जहां पर भी हरियाणा प्रदेश के इन्ट्रैस्ट का सवाल आएगा खुले दिल से हम मुख्य मंत्री जी के साथ होंगे। मैं मुख्य मंत्री महोदय को कहता हूं कि यमुना जल समझौते को रद्द करने का रैज़ोल्यूशन मूव करें हम सब इसका समर्थन करेंगे क्योंकि यह सारे हरियाणा प्रदेश के इन्ट्रैस्ट का सवाल है। अगर हरियाणा प्रदेश के इन्ट्रैस्टस को भी हम सेफ नहीं रख सकेंगे तो फिर नैतिकता के आधार पर हमें यहाँ बैठने का कोई अधिकार नहीं है। यह मसला हमारे लिए ज्यादा जरूरी है। अध्यक्ष महोदय, ये गंगा से पानी लाने की बात करते हैं लेकिन गंगा का पानी ये कैसे लेकर आएंगे। उत्तर प्रदेश में गवर्नर की सरकार है, केन्द्र में पता नहीं सरकार के बारे में क्या होने जा रहा है, किसकी सरकार बनेगी। गंगा का पानी ये कैसे लेकर आएंगे अपना पानी तो ये बचा नहीं सके। इस बारे में अभिभाषण में थोड़ी चर्चा की गई है लेकिन इनके चुनाव घोषणा-पत्र में इसकी चर्चा है। अभिभाषण में चर्चा की गई है कि उन स्टेटस से बातचीत करके मसला तय किया जाएगा। वे तो यह बात कर चुके हैं, उनसे अब बातचीत का क्या सवाल रह जाएगा, अब तो दृढ़ता से एक निर्णय लेना पड़ेगा। एस०वाई०एल० के बारे में मुख्य मन्त्री जी कहते है कि नहर मेरे वक्त में बनी थी। मैं फिर यह बात कहूंगा कि एस०वाई०एल० नहर के लिए भी रैज़ोल्यूशन मूव किया जाए। हम इस बात के पक्षधर हैं, सारे हाउस के 90 के 90 सदस्य उसका समर्थन करेंगे, ये रैज़ोल्यूशन ले कर आएं। पहले ये अपनी ऐसी इच्छा तो रखें कि वह पानी हमें मिलेगा। इस मामले में मुख्य मंत्री जी को और सभी लोगों को दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर काम करना चाहिए। हम इस बात का समर्थन करेंगे कि एस०वाई०एल०नहर जल्दी से जल्दी तैयार हो।

**श्री कंवल सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है कि 1977 में इनके पिता चौधरी देवी लाल जी की सरकार थी। दिल्ली में जनता पार्टी की सरकार थी, इनके पिता जी कपूरी गांव गए

[ श्री कंवल सिंह ]
थे और बड़े चाव से चाँदी की कस्सी लेकर वहां पर जमीन को खोदा था। लेकिन उस कस्सी के बाद वहां से एक इंच मिट्टी भी नहीं उठाई गई। उसके बाद फिर जनता दल की सरकार बनी, ये मुख्य मन्त्री रहे और इनके पिता जी भी मुख्य मन्त्री रहे। दिल्ली में भी इनकी पार्टी की सरकार थी, उस दौरान इन्होंने इसके लिए क्या किया, क्या इस बारे में ये कोई जवाब देंगे ?

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, पहले तो हाउस के सम्मानित सदस्य को इस बात का थोड़ा ज्ञान होना चाहिए कि बात करते वक्त डायरैक्ट बात न करें बल्कि आपके माध्यम से बात करें। इन्हें यह भी ज्ञान नहीं है कि कपूरी में नहर खोदने का जो काम किया गया था उस वक्त मेरे पिता-श्री इस हाउस के सदस्य भी नहीं थे। पता नहीं ये किस प्रकार की अनर्गल बात करते हैं। इन्हें यह भी पता नहीं कि ये सब बातें रिकार्ड में आती हैं और असैम्बली प्रोसीडिंग्ज में दर्ज होती हैं। अगर ये असैम्बली प्रोसीडिंग्ज का पुराना रिकार्ड देखेंगे तो इनके पिता श्री की बातें भी उसमें मिलेंगी। अध्यक्ष महोदय, इन्हें बहुत सोच-समझ कर बात करनी चाहिए और हाउस का समय बर्बाद करने की बजाय किसी ठीक विषय पर चर्चा करनी चाहिए। मैं इन से सीधी बात नहीं करना चाहता हूं, आप इनको समझा दीजिए ये समझ जायेंगे। मैंने कहा था कि एस०वाई०एल० के मुद्दे पर सारा हाउस सर्व सम्मति से निर्णय ले, हम इस बात के पक्षधर हैं। मौजूदा सरकार अभी बनी है, हम तो व्यवहारिक लोग हैं और जो पुरानी प्रथाएं चल रही हैं उनको ठीक ही मान कर चलते हैं। इस से ज्यादा ****** सरकार क्या होगी कि जिस दिन मुख्य मंत्री महोदय ने औथ ली उसी दिन प्रदेश में ओले पड़े और जिस मन्त्री मण्डल का गठन हो रहा था उस दिन दुर्घटना में हमारे हाउस के एक सदस्य की मृत्यु हो गई थी। इस प्रकार से लोगों में यह धारणा बन गई है कि इस प्रकार के लोगों के हाथों में जब सत्ता आएगी तो किस किस्म की हालत होगी।

**श्री अध्यक्ष :** चौटाला साहब, मेरा आप से अनुरोध है कि आप थोड़ा अनपार्लियामैंट्री भाषा का इस्तेमाल न करें आई थिंक 'निर्भाग' शब्द अनपार्लियामैंट्री है।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** यह तो आम हिन्दी भाषा का शब्द है। मैंने यह कहा कि यह आम चर्चा का शब्द है, यह शब्द अनपार्लियामैंट्री नहीं है। (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** सांगवान साहब, आप अपनी सीट पर बैठें 'निर्भाग' शब्द को कार्यवाही में रिकार्ड न किया जाए। I again request Mr. Om Parkash Chautala to avoid the hitting language.

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, मैं कोई ऐसी चर्चा नहीं करने जा रहा हूं, यह तो भाषा है इस बात को मुख्य मंत्री जी भी मानेंगे और यह तो इनका पैट शब्द है। अध्यक्ष महोदय, यह तो आम चर्चा है जिस दिन इस सरकार का गठन हुआ उसी दिन औलावृष्टि हुई और जब मन्त्रियों ने औथ ली तो इस प्रकार की दुर्घटना हो गई। (विघ्न)

**श्री सतपाल सांगवान :** अध्यक्ष महोदय, मैं इनको यह कहना चाहूंगा कि यह ठीक बात बोलें।

**श्री अध्यक्ष :** सांगवान जी, आप नए आदमी हैं आप चेयर को एड्रैस करके बोलें।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, सांगवान जी नए आदमी हैं और इनको इस बात का ज्ञान नहीं है कि अध्यक्ष को एड्रैस करके बोलना चाहिए। कोई बात नहीं धीरे-धीरे इनको पता चल जाएगा। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, यह आदमी इतनी जल्दी राजी होने वाला नहीं है। ये तो सर्विस से आए हैं यानि टैलिफोन विभाग से आए हैं। (विघ्न)

* चेयर के आदेशानुसार रिकार्ड नहीं किया गया।

**श्री अध्यक्ष :** सांगवान जी आप बैठ जाएं।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, इनका कसूर भी नहीं है क्योंकि ये टैलीफोन विभाग से आये हैं और वहाँ भी इसी तरह करते थे। इनके लीडर भी यही कहा करते थे कि टैलिफोन कनैक्शन दे देंगे, गैस ऐजैंसी दे देंगे और पैट्रोल पम्प दे देंगे। इस बारे में चौधरी बंसी लाल जी को भी ज्ञान नहीं है। अध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहूंगा कि इस हाउस में आप ही हमारे कस्टोडियन हैं। मैं यह कहना चाहूंगा कि हरियाणा के हितों को ध्यान में रखते हुए एस०वाई०एल० का निर्माण होना चाहिए तथा यह जो यमुना जल समझौता हुआ उसको रद्द करना चाहिए। मुझे विश्वास है कि मैं और मेरी पार्टी के सदस्य तथा अपोजिशन के बाकी सदस्य इस काम को करने के लिए तामिलनाडू और कर्नाटक की तरह दलगत राजनीति से उपर उठकर आपके साथ होंगे और हमें इस बारे में सैन्टर की सरकार की नौलेज में यह बात लानी चाहिए। इसके साथ ही मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

**श्री अजय सिंह :** स्पीकर साहब, कल जब मैं बोल रहा था तो हाउस एडजोर्न हो गया था। इसलिए मेरा विनम्र अनुरोध है कि मुझे बोलने का समय दे दिया जाए।

**श्री अध्यक्ष :** कैप्टन साहब, वैसे तो आप कल बोल चुके थे लेकिन फिर भी एज ए स्पेशल केस आपको दो मिनट का समय दिया जाता है।

**श्री अजय सिंह (रिवाड़ी) :** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैं एक दो बातें और कहना चाहूंगा कि सरकार को खासतौर पर दक्षिणी हरियाणा ने मैनडेट दिया है। यह जो रावी-ब्यास का पानी है, उसका ठीक से डिस्ट्रीब्यूशन करें। इसके अलावा जो हमारी इन्डस्ट्रीज हैं उनमें हरियाणा के डोमिसाईल्ड लड़के/लड़कियों को ही एम्प्लायमैंट एक्सचैंजिज से लगाया जाए। लोगों के साथ ट्रांसफर्ज में विक्टेमाईजेशन न हो। अध्यक्ष महोदय, बिजली बोर्ड के बारे में चौधरी भजन लाल जी के वक्त में जो प्लान मंजूर किए गए थे उनको लागू किया जाए। इसके अलावा जो यमुना नगर और फरीदाबाद के पावर प्रोजैक्ट हैं, उनको भी लागू किया जाए। इसी तरह से एक सबसे अहम मुद्दा पानी के शेयर के बारे में है जिसका चौटाला साहब ने भी जिक्र नहीं किया है। कृष्णावती, दोहान, और साहबी नदियों का जो पानी है, उसके बारे में मुझे उम्मीद है कि मुख्यमंत्री जी अवश्य ध्यान देंगे और हमारा जो शेयर इस पानी में है, वह हमें अवश्य दिलवाएंगे। अध्यक्ष महोदय, यह बात सही है कि लोग परिवर्तन लेकर आए हैं और इसी वजह से आज इस सरकार से यूथ को काफी आशाएं हैं। इसलिए हमें उम्मीद है कि यह सरकार इम्पलायमैन्ट की तरफ ध्यान देगी और शराबबंदी की जो बात इन्होंने की थी, की तरफ पूरा ध्यान देगी। शराबबंदी की मैंने भी सराहना की थी और मैं आज फिर इनसे अनुरोध करुंगा कि शराबबंदी जल्दी से जल्दी प्रदेश में लागू की जाए। क्योंकि यह सरकार इस मुद्दे पर लोगों से मैंडेट लेकर आयी है। जहां तक इनका यह कहना कि फ्लड के दौरान इस से पहली सरकार ने कुछ नहीं किया, ठीक नहीं है। मैं बताना चाहूंगा कि चौधरी भजनलाल जी ने बाढ़ के दौरान गिर हुए पक्के मकानों के लिए दस हजार, कच्चे मकानों के लिए पांच हजार रुपये और तीन हजार रुपये फसलों के नुक्सान के लिए दिए थे। अध्यक्ष महोदय, यह हो सकता है कि कुछ ब्लैक शीप उस समय हों और यह पैसा लोगों तक न पहुंच पाया हो। लेकिन हमारे चौधरी भजनलाल जी ने उस समय नहरों की सफाई के लिए भी और सड़कों की मरम्मत के लिए काफी कार्य किए थे। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से मैं जे० एल० एन० कैनाल की रिपेयर के बारे में और पोल्यूशन फ्री स्टेट बनाने बारे मुख्यमंत्री जी से कहना चाहूंगा कि जितना भी आप इस दिशा में कर सकते हैं, अवश्य करें। खासतौर पर मैं उस एरिये के बारे में कहना चाहूंगा जहां पर ज्यादा इंडस्ट्रिलाइजेशन हो रहा है वहां पर सरकार को पोल्यूशन के बारे में जरूर

[ श्री अजय सिंह ]

ध्यान देना चाहिए। इसी तरह से इस सरकार ने पंजाबी भाषा को दूसरी भाषा का दर्जा देने के बारे में कहा है। मैं इनसे इस बारे में जानना चाहूंगा कि क्या इन्होंने पंजाबी भाषा को दूसरी भाषा का दर्जा देने के लिए तेलगू या अंग्रेजी भाषा को हटाया है या फिर किसी और प्रकार से इन्होंने पंजाबी भाषा को दूसरी भाषा का दर्जा दिया है? अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार से मैं मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड एवं शिवालिक विकास बोर्ड के बारे में कहना चाहूंगा कि इन्होंने इन बोर्डस का राज्यपाल के अभिभाषण में कोई जिक्र नहीं किया है। ये बताएं कि ये इनके बारे में क्या कार्यवाही करेंगे? अध्यक्ष महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया।

**शिक्षा मंत्री (प्रो० रामबिलास शर्मा)** : स्पीकर सर, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है। सर, शिक्षा के सम्बन्ध में हमारे माननीय साथी कैप्टन अजय सिंह ने खदशा जाहिर किया है कि हमने पंजाबी को दूसरी भाषा का दर्जा कैसे दिया है। मैं इनको बताना चाहूंगा कि न तो हमने तेलगू भाषा को खत्म किया और न ही हमने अंग्रेजी भाषा को खत्म किया है। हमने किसी भी भाषा को खत्म नहीं किया बल्कि हमने सभी भाषाओं का सम्मान बहाल रखा है। मैं तो इनकी जानकारी के लिए इतना और बताना चाहूंगा कि हम संस्कृत भाषा को भी बहुत अहमियत देने जा रहे हैं। लेकिन हमने दूसरी भाषा के रूप में पंजाबी भाषा को मान्यता दे दी है। स्पीकर सर, हमने चुनाव के दिनों में लोगों से वायदा किया था कि हम पंजाबी भाषा को राज्य की दूसरी भाषा का दर्जा दे देंगे और वह हमने दे दिया।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला** : स्पीकर सर, इन्होंने पंजाबी को दूसरी भाषा का दर्जा तो दे दिया है और राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में भी इस बात का जिक्र किया गया है। मुख्यमंत्री जी ने इस बात को अपनी प्रैस कांफ्रेंस में भी कहा है लेकिन इनको भारतीय संविधान के मुताबिक यह स्पष्टीकरण तो करना ही पड़ेगा कि क्या आप इसको दूसरी भाषा मानकर चल सकते हैं। इनको यह भी देखना होगा कि भारतीय संविधान के मुताबिक तमिलनाडू या दूसरे प्रदेशों में इस बारे में क्या स्थिति है। इसका स्पष्टीकरण रामबिलास जी नहीं दे सकते बल्कि इसका स्पष्टीकरण तो मुख्यमंत्री जी को ही देना पड़ेगा। इन्होंने शिक्षा का महकमा तो ले लिया है लेकिन इनको इस बात की समझ नहीं है।

**प्रो० रामबिलास शर्मा** : स्पीकर सर, वैसे तो मुख्यमंत्री जी ही अपना जवाब देते समय इनकी बात की तसल्ली करेंगे लेकिन मैं भी इनको बताना चाहूंगा कि स्टेट की जो लिस्ट है उसमें State is sovereign. This House is competent to take a decision in this regard.

**श्री खुर्शीद अहमद (नूह)** : जनाब स्पीकर सर, मैं अपनी बात को शुरु करने से पहले कहना चाहूंगा कि जब भाषा की बात चल रही है तो किसी ने भी उर्दू के बारे में नहीं कहा कि ये उसके साथ क्या करेंगे। इनको इस बारे में भी स्पष्टीकरण देना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि मुख्यमंत्री जरूर इस बारे में स्पष्टीकरण देंगे। स्पीकर सर, कल जो गवर्नर साहब ने यहाँ पर अपना अभिभाषण सुनाया और उस पर जसवन्त सिंह ने चर्चा शुरु की तो सबसे पहले उन्होंने जिस बात की चर्चा की वह शराबबन्दी की थी कि इस पर पाबन्दी लगाई जाएगी। इस बात का असूलन हर एक ने स्वागत भी किया है और मैं भी इस बात का स्वागत करता हूं लेकिन इनकी थोड़ी सी बात जो सन्देह पैदा करती है वह यह कि कोई शराब बुरी है कोई अच्छी है लेकिन मैं समझता हूं कि शराब की चाहे कितनी ही वैरायटीज क्यों न हों, अच्छी कोई भी नहीं है सब बुरी ही बुरी हैं। शराबबन्दी तो जरूर होनी चाहिए (विघ्न) आज सारी स्टेट की तरफ से यह बात आई है लेकिन इससे जो खतरे पैदा हुए हैं, जिनके बारे में मुझसे पूर्व बोलते हुए मेरे साथियों ने भी ध्यान दिलाया। हमारी पड़ौसी स्टेट्स में शराब पैदा भी होती है और पी भी जाती है। हमारे यहाँ

भी डिस्टिलरीज हैं तो इसे बंद करने से कहीं ऐसा न हो कि हरियाणा शराब के स्मगलरों के लिए जन्नत बन जाए। इस बात को हमें बड़ी सख्ती से देखना होगा कि हरियाणा में शराब से पैसा कमाने वाले लोग पनप न पाएं। वैसे शराब बन्द करने से स्टेट ऐक्सचैकर को बड़ा नुकसान है, बहुत बड़ा धक्का है। 400-500 करोड़ रुपए की बात कोई ऐसी बात नहीं है कि जिसे आसानी से मीट-आउट किया जा सके। उसके लिए कोशिश की जाए कि दूसरे रिसोर्सिज से जहाँ से भी रेवेन्यू इकट्ठा हो सके, उन रिसोर्सिज से इकट्ठा किया जाए। स्टेट में सेल्ज टैक्स की चोरी है और ऐक्साइज डियूटी की चोरी है, उसको हम ठीक तरह से देखें। जैसे हमारे यहाँ जो वेस्टफुल ऐक्सपैंडीचर हैं चाहे वह ऐडमिनिस्ट्रेटिव मशीनरी में हो या इंजीनियरिंग डिपार्टमैंट में हो, उसे रोका जाए। पिछले 17-18 साल से बारिश कम होती रही तो उस समय ड्रेनेज की तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया। ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी बजट में ड्रेनेज के लिए पैसा न मिला हो, सफाई के लिए पैसा न मिला हो, हर बार बजट से पैसा मिला है लेकिन उसे न देख पाने की वजह से बड़ी भारी मुसीबत स्टेट में बाढ़ से आ गई। इसलिए इस सब पर नजर रखने की जरूरत है। जहां से जितनी सेविंग की जा सके उतनी की जाए और उसे बचाने के बाद नुकसान की पूर्ति के लिए रेसोर्सिज की तलाशी करें जो शराब पर पाबन्दी लगाने से हुआ है। एक सिलसिला सा चल रहा है कि कोई भी सरकार हो, हर सरकार के ऊपर इल्जाम आता है। कोई कहता है कि पिछली से पिछली सरकार ने माईन्ज लीज पर दीं, उसमें घपला हुआ। कोई कहता है कि कल तक की सरकार ने जो माईन्ज लीज पर दी उसमें घपला हुआ। जैसे अभी बोलते हुए चौटाला साहब ने खदशा जाहिर किया उससे आईन्दा की सरकार में भी उसके रैमीफिकेशन होने शुरु हो गए हैं। कहीं माइनिंग माफिया का नाम दिया जाता है, कहीं एक ऐसी आमदनी का जरिया स्टेट का जाया हो रहा है जिससे बड़े-बड़े लोग इंकम टैक्स में आते हैं, सेल्ज टैक्स में आते हैं और चुंगियों में आते हैं लेकिन वे इन सब से बचकर निकल जाते हैं। स्टेट के अंदर रजवाड़े खत्म हो गए, नबाबियां खत्म हो गई और अब नई-नई नबाबियां इन माईन्ज की लीज के जरिए पैदा की जा रही हैं। इन नवाबियों को खत्म करने के लिए मैं एक बात कहना चाहूंगा कि इन माईन्ज की लीज को नेशनेलाइज कर दीजिए और उन पर स्टेट का कंट्रोल ले लें। इससे जो आमदनी हो वह स्टेट ऐक्सचैकर को मिले तो मैं उम्मीद करता हूं कि जो नुकसान शराब बन्द करने की वजह से हुआ है वह कुछ हद तक पूरा हो जाएगा। शराब बंद करने का काम एक नेक काम है, इसलिए यह करना चाहिए। माइन्ज की सिर्फ नेशनेलाईजशन से ही काम नहीं चलेगा, उसे रैशनलाइज भी करना पड़ेगा। वहाँ ईमानदार आफिसरों को भी लगाना होगा ताकि अगर एक ट्रक भी वहां से उठता है तो उसका जो कंपनसेशन है, जो चुंगी होती है या रॉयल्टी होती है वह स्टेट ऐक्सचैकर को आए यह न हो की एक पर्ची पर सौ-सौ ट्रक निकल जायें और स्टेट एक्सचैकर देखता रह जाए। आज उस चीज को काबू करना है। हम यह समझते हैं कि बहुत हद तक यह सिलसिला पूरा हो जायेगा तो इसके लिए मैं सरकार को और खासतौर से गवर्नर साहब को मुबारकबाद देता हूं जिनके मुँह से शराब की पाबन्दी की बात आई है ताकि शराब की वजह से स्टेट में जो तबाही होती है, वह न हो क्योंकि हर बुराई की माँ शराब है। अगर इस बात से हम अपनी स्टेट को पाक कर देते हैं और दूसरी चीजों की तरफ चलते हैं तो मैं यह समझता हूँ कि हमारी स्टेट के लिए यह बड़ी उपलब्धि होगी।

आज चौटाला साहब ने और जितने भी सदस्य गण बोले हैं उन्होंने एस०वाई०एल० का मुद्दा लिया है। गंगा वाटर का मुद्दा लिया है। पानी हरियाणा प्रदेश की जमीन के लिए एक आबेहयात का काम देता है। हमारे पास जमीन सबसे अच्छी है लेकिन अन्डरग्राउंड वाटर और बहुत से इलाकों मे सब-सायल वाटर ब्रेकिश यानि खारा है और उसके लिए जितना पानी आना चाहिए वह पानी नहीं आ रहा है। बावजूद इसके कि कागजों में यह मिला हुआ है। एस०वाई०एल की दिक्कत की सामने देखते हुए हम

[श्री खुर्शीद अहमद]

इसे लाने में असमर्थ हैं और जो आ चुका है उसको तकसीम करने में हम इस लिए फेल हैं क्योंकि हमारे पास प्रोपर चैनल नहीं हैं। बहुत सी चैनल और स्कीमें ऐसी हैं जिनका डिपार्टमैंट्स में सालों साल केस चल रहा है, अंडर कंसिड्रेशन पड़ी हैं। परन्तु पानी ठीक तरह से पहुंच नहीं पा रहा है। अगर एक तरफ पानी जा रहा है और साउथ हरियाणा से यह आवाज उठती है कि वहां पानी पहुँच नहीं रहा है। पहुँचेगा कैसे जब वहां इन्फ्रास्ट्रक्चर कैनाल का है ही नहीं। मेवात के इलाके में जमीन के नीचे का पानी खारा है और वाटर सप्लाई की जो स्कीमें हैं वह भी मई-जून में सूख जाती हैं और पानी बहुत दूर से लाना पड़ता है। सब सायल वाटर नहीं है और जहां तक मेवात कैनाल का केस है सरकार दर सरकार आती रही और वायदे होते रहे लेकिन किसी ने आज तक उस पर फावड़ा तो दूर खुर्पी तक लगाने की कोशिश नहीं की। केवल यही कहते रहे कि अगली प्लान में देखेंगे। ऐसी प्लान नहीं आई जिसमें मेवात कैनाल का केस लिया गया हो। ऐसा इलाका जहां पीने के पानी की दिक्कत हो, खेत के पानी की दिक्कत हो और उसके लिए अगर अब तक की सरकार सोती रही तो मैं उम्मीद करता हूं कि इस गवर्नरज़ एड्रैस में हमें रीजनल इम्बैलेंस को दूर करने का आश्वासन दिलाया गया है कि ऐसे इम्बैलेंस को दूर किया जायेगा। तो इसके तहत मेवात कैनाल प्रोजैक्ट को टोप प्रियोरिटी पर लेना चाहिए। गंगा वाटर के बारे में जो क्लेम है, इसके बारे में कोई भी आदमी पैसिमिस्टिक हो सकता है। लेकिन मैं इसके बारे में आशावादी हूं। यह एक अच्छा स्टैप है। हमें इसके लिए कोशिश करनी चाहिए और किस तरह हमारा यह राईट माना जाए, उसकी पूरी तरह से कोशिश करें। एस०वाई०एल० कैनाल और गंगा वाटर के लिए हमारी सारी पार्टियां और इन्डिपैन्डैन्ट साथी सबको इकट्ठे होकर अपना केस समझकर एक प्वाईंट पर इकट्ठे हो जायें, एग्री कर जायें और इस केस को एक होकर लड़ें तो अच्छा होगा। यह स्टेट की धरती की मांग है, स्टेट को बचाने की बात है। अगर हम ऐसा करेंगे तो मैं उम्मीद करता हूं कि जो हमने हर खेत को पानी देने का वायदा किया है तो हर खेत को पानी मिलेगा। हर खेत को पानी मिलने की तरफ एक ऐसा कदम बढ़ेगा जो आज नहीं तो दो चार साल बाद पूरा हो सकता है। इसके लिए मैं अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से सारे हाउस से अपील करता हूं कि हम आपस के डिफरेंसिज खत्म करके एक होकर चलें ताकि एस०वाई०एल० और गंगा वाटर दोनों क्लेमों को लें। ये यूनिफाइड प्रोजैक्ट समझकर सारे हाउस की तरफ से लड़े जायें। बड़े-बड़े प्रोजैक्टस को छोड़कर, माइक्रो इरीगेशन प्रोजैक्ट, जो वाटर मैनेजमैंट सायल कंजरवेशन मैथड के जरिये हम कर सकते हैं उनको लिया जाये। इसकी लागत बहुत थोड़ी है लेकिन फायदा बहुत ज्यादा है। ऐसा करने से एक तरफ फ्लड से बचते हैं और दूसरी तरफ हम सब सायल वाटर को री-चार्ज कर सकते हैं। अरावली के साथ-साथ बहुत सी गेजिज हैं, नाले हैं वह पहाड़ों के दरम्यान की जगह है। उसके ऊपर भी काफी जगह हैं जहां किसी की खेती जाया नहीं होगी। छोटे-छोटे बान्ध लगाकर अगर हम बारिश का पानी रोक लें तो वह सब सायल वाटर को री-चार्ज कर सकता है तथा जो मई-जून के महीने में हमें पानी की मुश्किल होती है वह नहीं होगी और हमारा गुजारा हो सकता है। उस सारे पानी से हमारा गुजारा हो सकता है। सब-सायल वाटर री-चार्ज हो सकता है। ट्यूबवैल जहाँ लग सकते हैं, वहां चल सकते हैं। बरसात के दौरान हमें छोटी-छोटी स्कीमों के तहत, जैसे वाटर शैड मैनेजमैंट की स्कीम और बंध की स्कीमें हैं, ये सारी चीजें रखनी चाहिएं आज जो फ्लडज के बारे में चर्चा चल रही हैं। हमें यह बहुत पहले से भुगतनी पड़ती थी। यह अब भी भुगतना पड़ रहा है। लेकिन इस संबंध में जो इंतजाम किया गया था, उसमें गड़बड़ी होने की वजह से मेवात को इस चीज से दो-चार होना पड़ा। मेवात में जब पानी जाता था तो कोटला लेक भर जाती थी। वहां पर सालों-साल पानी नहीं निकलता था। उसका सरकार ने इंतजाम किया। पम्प लगाए गए जो हिसाब से लगाए गए कि 8 पम्प लगाकर इस पानी को ठीक समय तक खाली

कर दिया जाए। जब फसल बोने का टाईम आया, बाकायदा नाप-तोल के हिसाब से तय हो चुका था। लेकिन अब की बार जब फ्लड आई तो 8 में से 4 पम्प तो नदारद थे। जब कहा गया कि उनको चलाओ तो एक पम्प चालू हुआ, फिर दूसरा चालू हुआ। मगर 3 पम्प इकट्ठे तो किसी दिन भी नहीं चले। नतीजा यह हुआ कि हजारों एकड़ जमीन उस वक्त तक पानी से नहीं निकाल पाए जब तक फसल बोने का समय निकल नहीं गया। मुआवजे के लिए अब लोगों ने कोशिश की कि हमारी जमीन पानी से भरी रह गई है तो ऐसे महानुभाव आफिसर वहां पर बैठे हुए थे जिन्होंने एक कलम का आर्डर कर दिया कि यहां पुरानी झील है, तदनुसार यहां कोई मुआवजा देने की जरूरत नहीं है। ये दो आफिसर नूह और फिरोजपुर झिरका के एस० डी० एम० हैं। जबकि वहां पर पम्प चालू नहीं हुए हैं और पिछले साल तक सारी फसलें वहां बोई जाती रही हैं। ऐसे लापरवाह आफिसर्ज थे जो कभी कमरे से बाहर निकलते ही नहीं थे और हजारों एकड़ भूमि पानी से भरी हुई भूमि को नहीं देख सकते थे। ऐसे लोगों का फ्लड के दौरान जो रोल होता है वह ठीक नहीं होता। ऐसे आफिसर्ज जो एडमिनिस्ट्रेशन चलाने में इनकंपीटैंट होते हैं, को कभी फील्ड में ऐसी जगह पर नहीं भेजना चाहिए, जहां पर कोई सैंसिटिव बात आ सकती है। इन लोगों की वजह से आज उन खेतों की पड़ताल हो रही है। आज यह कोशिश हो रही है कि शायद उनको मुआवजा मिल जाए। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि आज वह मुआवजा किस काम का जिसके लिए 6 महीने से वह रोते रहे हैं। आज उन को मुआवजा मिल पाए या न मिल पाए, कल तक पड़ताल हो जाए या न हो पाए। लेकिन जिस वक्त खेतों में पानी था, उस वक्त के आफिसरों ने इतनी बड़ी लापरवाही की जो असहनीय बात है। मैं यह चाहता हूं कि उन दोनों आफिसरों के खिलाफ इंक्वायरी की जाए कि उन्होंने किस जैलसी के तहत ऐसा काम किया है और मेवात के इतने बड़े भाग को उस मुआवजे से महरूम कर दिया जो हरियाणा के हर खेत को मिला था। मेवात को क्यों नहीं इस बात के लिए काबिल समझा गया कि इसको कुछ मिल सके। यह तो एक स्पैसिफिक बात हुई।

इसके अतिरिक्त, मैं अर्ज करना चाहता हूं कि ड्रैनेज का जितना भी सिस्टम है, उसकी सफाई हर साल पूरे तौर पर होनी चाहिए। पहले यह तरीका था कि अच्छी तरह से सफाई होती थी। आजकल तो ठेकेदारों और पता नहीं नीचे के अफसरों ने मिलकर हमारे यहां एक तरह का तमाशा कर रखा है। वे क्या करते हैं कि ट्रैक्टर लाते हैं, ड्रेन के बीच में से हेरो ट्रैक्टर के पीछे लगा कर फेर देते हैं। और ऊपर से सुहागा फेर देते हैं और कहते हैं कि सफाई हो गई। इस तरीके से एक इंच मिट्टी भी नहीं निकलती। इसके अलावा बाहर से जो मिट्टी आती है, वह 2-4 इंच उसके ऊपर और चढ़ जाती है। हर साल ऐसे ही होता है। आजकल यह एक नया तरीका निकाला गया है। मैं बताना चाहूंगा कि पहले जो तौर तरीके होते थे कि मिट्टी को उठाकर किनारों पर डाला जाता था जिसको अब भुलाया जा चुका है। मेरे ख्याल से यह इंजीनियरों की कोई नई टैक्नीक है, जो उसको अप्रूव करते हैं और एक दिन आधे या आधे दिन ट्रैक्टर चलाया जाता है और शाम को बिल की पेमैंट करवा कर कहते हैं कि ठेके पर 25 किलो मीटर की सफाई हो गई। इस तरह के कार्य को मैं एक वेस्टफुल एक्सपैंडीचर ही कहूंगा उस पर भी कंट्रोल किया जाए। इसके लिए ऐसा किया जाए कि फ्लड के टाईम में हमारी हर ड्रेन इस बात के लिए तैयार रहे ताकि संभावित समस्या से निपटा जा सके। मैं एक बात और कहना चाहूंगा कि फ्लड के दौरान जितनी सड़कें टूटी थीं, उनका आज तक इंतजाम नहीं हो पाया है। हमारे यहाँ तो कोई ऐसा उद्योग भी नहीं है। वहां पर उद्योग हैं तो ये हैं कि स्टोन क्रशरर्ज चलते हैं। ट्रक पहाड़ों से पत्थर लाते हैं। उनकी बोडियाँ बड़ी-बड़ी होती हैं। जब उन टूटी हुई सड़कों पर वे चलते हैं तो कहीं पुल टूट जाता है कहीं कुछ हो जाता है। लेकिन चूंकि उनकी रोजी-रोटी का सवाल है, इसलिए उनको उन्हीं सड़कों पर चलना पड़ता है। इस प्रकार क्रशरों के लिए जो माल ले जाया जाता है, उससे हजारों को रोजी रोटी मिलती है। इसमें बड़े लोग

[श्री खुर्शीद अहमद]
भी शामिल हैं तथा छोटे गरीब मजदूर भी शामिल हैं। लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि नूंह डिवीज़न के अंदर उन सड़कों में से आज तक किसी की भी मरम्मत नहीं हो सकी। आज भी हम यह कह सकते हैं कि भले ही नूंह डिवीज़न के लिए 600 करोड़ रुपए आया था, लेकिन उसकी कोई भी निशानी नूंह डिवीजन में नहीं पहुँची। अब यह कैलकुलेशन आप महकमें के जरिए करवा कर देख लें कि उस नूंह डिवीजन की सड़कों की मरम्मत के लिए कितना पैसा दिया गया था। अगर पैसा दिया गया था तो क्या वह केवल कागजों में ही दिया गया दिखाया था या सड़कों की मुरम्मत के लिए उस डिवीजन में वह पैसा पहुँचा था।

इसके अलावा मैं यह भी कहना चाहूंगा कि पीने का पानी बहुत ही जरूरी है। हर इन्सान को पीने का पानी और हवा अवश्य मिलने चाहिएं। वाटर सप्लाई स्कीमें जो बनी थीं वे तीन डिकेड पहले बनी थी। उस समय जितनी भी वाटर सप्लाई स्कीमें बनाई गई थी वे एक गांव की आबादी के आधार पर बनाई गई थी आज उस गांव की आबादी बढ़ चुकी है और एक-एक गाँव की तीन-तीन ढाणियां बस गई हैं। आज उन्हीं पाईपों में से पानी जाता है तो जगह-जगह पर गावों में औरतों में आपस में झगड़े होते हैं। मैं कहना चाहूंगा कि सरकार पीने के पानी के लिए कोई ऐसी व्यवस्था करे जिससे हर ढाणी और हर गांव के लोगों को पीने का पानी मिल सके। इसके साथ-साथ यह व्यवस्था करे कि उस पानी को कोई आदमी नाजायज इस्तेमाल न करें। मैं चाहूंगा कि पीने के पानी की टॉप प्रायर्टी पर व्यवस्था की जानी चाहिए। सरकार से मैं रिक्वेस्ट करूँगा कि सरकार वाटर सप्लाई स्कीमों पर मैसिव इंवैस्टमैंट दोबारा करे और उसके सारे इन्फ्रास्ट्रैक्चर को चैक कराए और यह देखे कि कहां-कहां पर पानी की एडीक्यूएट सप्लाई है और कहाँ-कहाँ पर इनएडीक्यूएट सप्लाई है। जहाँ पर इनएडीक्यूएट सप्लाई है उसको इम्प्रूव किया जाए। देहात में जहां-जहां पर भी इनएडीक्यूएट सप्लाई है उसकी इम्प्रूवमैंट के लिए पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट को पूरी तरह से सतर्क किया जाए। जहां-जहां पर पीने के पानी की सप्लाई इनएडीक्यूएट है उस वाटर सप्लाई स्कीम को पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट रीएग्जामिन करे और यह करे कि जहां जहां आबादी बढ़ चुकी है वहां वहां की पहले आबादी कितनी थी और अब कितनी बढ़ चुकी है। वहां पर पानी की कितनी और जरूरत है उसकी समीक्षा करें और उसका यह फैसला करें कि उस पानी को कैसे पूरा करना है। स्पीकर सर, पीने का पानी सबसे जरूरी है। यदि मुझे पीने का पानी न मिले तो मैं इस माइक पर नहीं बोल सकता। शायद इस महकमें का चार्ज जगन नाथ जी के पास है। वह गांव-गांव में जाकर वाटर सप्लाई स्कीम को चैक कर सकतें हैं।

स्पीकर साहब, बहुत से साथियों ने दिल्ली के इर्द गिर्द स्थापित इंडस्ट्रीज के बारे में बहुत सी सजैशंज दी हैं और यह भी कहा है कि जमीन थोड़ी होती जा रही है। इंडस्ट्रीयल लिबरलाईजेशन का इफैक्ट आ कर दिल्ली के आड़ोस-पड़ोस की आबादी पर पड़ रहा है। एक चीज यह भी है कि लैंड इक्विजिशन एक्ट के तहत जो जमीन एक्वायर हो चुकी है उनके केस पहले कलैक्टर के यहां कलैक्टर रेट पर लड़े जाते हैं। फिर सैशन जज के यहां रैफ्रेंस किया जाता है। फिर हाई कोर्ट में दायर किया जाता है उसके बाद सुप्रीम कोर्ट में केस दायर किया जाता है। यह इतना लैंग्थी प्रोसीजर है कि जो आदमी 7 पुश्तों से जिस जमीन का मालिक था उसको सुप्रीम कोर्ट से अवार्ड मिलता है। सुप्रीम कोर्ट उस आदमी को कहता है कि तेरे लिए फाईनल एवार्ड कलैक्टर ने तीन रुपए प्रति गज का दिया था उसको मैं 300 रुपए गज करता हूं। लेकिन जब तक सुप्रीम कोर्ट से उस जमीन का फाईनल एवार्ड नहीं आता है तब तक वह जमीन जो तीन रुपए गज के हिसाब से एक्वायर की गई थी उसको सरकार 300 रुपए, 400

रुपए, 500 रुपए या 1000 रुपए गज के हिसाब से बेच देती है तो वह कीमत किसान सुप्रीम कोर्ट से तो नहीं ले सकता। लेकिन जिस प्राईवेट आदमी ने या जिस डीलर ने वह जमीन खरीदी वह तो बहुत ज्यादा मुनाफा कमा गया। आज गुड़गांव में यह हालत है कि एक लाख रुपए गज से ऊपर जमीन बिकी है। जो न रेवेन्यू रिकार्ड में आती है और न रजिस्ट्री में आती है उसकी चोरी होती है। स्पीकर साहब, अगर हम लैंड इक्विजिशन एक्ट को अमैंड नहीं कर सकते और सैंट्रल गवर्नमैंट से अमैंड नहीं करा सकते तो मैं इस बारे में सजैस्ट करूँगा कि लैंड इक्विजिशन एक्ट बहुत पुराना एक्ट है और इस एक्ट में सैंट्रल गवर्नमैंट ने कई बार समीक्षा भी की है, इसलिए यदि सैंट्रल गवर्नमैंट इसको अमैंड नहीं करती तो इसको कम से कम स्टेट गवर्नमैंट स्टेट के तौर पर अमैंड कर ले ताकि जिस एक्वायर की हुई जमीन का कलैक्टर अवार्ड देता है उसकी हमें जरूरत न पड़े और वह अवार्ड सीधा ही हमें सुप्रीम कोर्ट से रिजनेबल रेट पर मिल जाए। स्पीकर साहब, जिस आदमी की 7 पुश्तों की जमीन जाती है यदि उसको सीधा सुप्रीम कोर्ट से उससे ज्यादा पैसा मिल जाए जो तीन दिन के लिए जमीन का मालिक बनता है और चौथे दिन प्रोफिट कमा जाता है। मैं यह नहीं कहता कि जमीन एक्वायर ही न हो जहां जरूरत पड़ती है सरकार वहां जमीन एक्वायर करती है लेकिन कोशिश तो यही होनी चाहिए कि जमीन एक्वायर करने की नौबत ही न आए अगर जमीन एक्वायर करनी ही है तो फ्री एन्टरप्राईजिज़ को यह इजाजत दी जाए कि अगर उनकी जमीन खरीदनी है तो उस जमीन की किसानों को पूरी कीमत दी जाए। अब तो लिबरलाइजेशन है, इंडस्ट्रीयल कारपोरेशन आ रही है, मल्टी कारपोरेशंज आ रही है, मल्टी नैशनलूज आ रही है उनके लिए उसका कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अगर आप किसी अमेरिकन कम्पनी से यह कहे कि यह जमीन पाँच डालर महंगी है और अगर वह कम्पनी यह कहे कि All right, we give you five doller more. पाँच डालर का मतलब है हमारे 175 रुपए फालतू। लेकिन उनके लिए इसका कोई फर्क नहीं पड़ता, वह जमीन तो बाहर के आदमी को यहां पर आकर खरीदनी है। अब भी वह जो जमीन खरीदते हैं वह महंगी खरीदते हैं और जमीन की होर्डिंग कर रहे हैं, लैण्ड माफिया उन जमीनों को लेकर बैठ जाता है और उनको आगे बेचते हैं। सरकार से भी दे दिलाकर जमीन अलाट करवा लेते हैं, और फिर उनको बेचते हैं। जो जमीन आप एक्वायर कर रहे हैं उस जमीन का जो पैसा देना है वह आपकी जेब से नहीं जा रहा पैसा तो उसने देना है जो ले रहा है। जो कारखाना लगाना चाहता है, जो जमीन पर मकान बनाना चाहता है उसने देना है। आज भी दे रहे हैं। वे फिर उस जमीन को 10,000 रुपये से लेकर एक लाख रुपये गज तक आगे बेचते हैं। हमारे जमीन लेने के जो एक्ट आज से 100-200 साल पहले के बने हुए हैं उनमें इस तरह की अमैंडमैंट की जाए so that the collector should be more competent than the Supreme Court to award the remunerative price to the land owners. मेरी आप सब से दरख्वास्त है कि इस काम के लिए स्टेट की कोई कमेटी बना दीजिए जो लैंड एक्विजीशन एक्ट में अमैंडमैंट के लिए अच्छे सुझाव दे सके उसकी यह सोच हो कि हरियाणा का किसान मारा न जाये क्योंकि अब तक सभी साथियों ने इस तरफ ध्यान दिलाया है कि फ्लोरीकल्चर आयेगा और उसमें जो इनवैस्टमैंट होगी वह आम साधारण किसान के बस की बात नहीं है। फ्लोरीकल्चर लि० कम्पनीज आएंगी और बहुत से बड़े-बड़े लोग इसमें आगे आएंगे तो मैं यह नहीं कहता कि उनको जमीन न मिले उनको जमीन मिले लेकिन जो जमीन का मालिक है उसके पास भी इतना पैसा आ जाये कि जिस जमीन का वह सात पुश्तों से मालिक रहा है, वह ठीक तरह से अपनी जिन्दगी बसर कर सके। यह नहीं होना चाहिए कि उसकी जमीन वे ले लें और बेचारा किसान वहां पर सिर्फ चौकीदारा करने के लिए ही रह जाये, वह झोपड़ी भी न डाल सके और उसकी 10 किले जमीन चली जाए।

इन सब बातों की तरफ मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता था। जसवंत सिंह जी ने कानून

[श्री खुर्शीद अहमद]

व्यवस्था लागू करने के बारे में बात कही। मैं चाहता हूं कि इसे अच्छी तरह से लागू किया जाये न कि किसी का मुँह देख कर टीका किया जाये यह गलत है। कौमन आदमी को उम्मीद होनी चाहिए कि हमें इन्साफ मिलेगा। कहीं कोई लड़ाई-झगड़ा हो बेधड़क आदमी वहां जाये, जहां इन्साफ मिलने के सरकार ने चैनल बनाए हुए हैं और उसे उम्मीद होनी चाहिए कि उसे इन्साफ मिलेगा। यह नहीं होना चाहिए कि करे कोई और भरे कोई। अनफोरचेन्यूटली हमारा इन्साफ करने वाला महकमा इतना बिगड़ चुका है कि इसकी गलतियों को हम नहीं पकड़ेंगे तो अन्याय होगा और गलतियां छुपी तो नहीं रहेंगी कहीं न कहीं तो लीक अवश्य होगी और कल की मिसाल आपके सामने हैं हरियाणा में किसी को नजर नहीं आया लेकिन हमारे एस०पी० के घर पर छापा पड़ा और सी०बी०आई० ने अगर छापा मारा, उसने इसलिए छापा मारा कि कोई गुनाह किया है। जब आग होगी तो ही धुंआ निकलेगा। उसके खिलाफ कितनी लिखित शिकायतें आ गई हों या और कुछ कितना आ गया हो लेकिन उन पर एक्शन न होने की वजह से ही सारा मामला गड़बड़ होता है। आज भी वहां पर गड़बड़ हो रही है। आज भी झगड़ा हैं। लोग कहते हैं कि फलां फलां काम के लिए हम से पैसे लेते हैं और काम भी नहीं होता और पैसे भी वापस नहीं देते। साथ ही कहते हैं कि अगर पैसे लेने के लिए आएंगे तो डाटेंगे और केस रजिस्टर कर देंगे। ऐसे-ऐसे टाउटस लोग पल रहे हैं, सोसायटी में एन्टी सोशल एलीमेंट पल रहा है जो हुकूमत के तहत पल रहा है और वह इस बात से खत्म नहीं हो जाता कि आज राज बदला है। गवर्नर एड्रैस में एक संदेश आया है कि पोलिटिकल क्रप्शन को खत्म किया जायेगा। That is only just a simple word. लेकिन क्या क्रप्शन सिर्फ पोलिटिकल लैवल पर ही है। इस बात का सवाल उठता है कि क्या आम आदमी को पोलिटिकल लेबल पर ही क्रपशन दिखाई देती है जबकि आपके सामने उदाहरण मौजूद हैं। जैसा कि मैंने अभी बताया कि हमारे जिले में यह हुआ है और डी०एस०पी० और एस०पी० की छुट्टी हो गई। एक दलाल जाकर खड़ा हो गया, उसी वक्त एफ०आई०आर० जो दर्ज हो चुकी है वह बदल दी जाये। यह सब एक महीने बाद हुआ और पहले भी होता आया है और आगे भी होगा। वे लोग मौजूद हैं। वही थानेदार, वही डी०एस०पी०, एस०पी० मौजूद हैं। केवल एक लफज कहने से काम नहीं चलेगा। स्पीकर साहब, इस गवर्नर एड्रैस में जो सबसे बड़ी डेफिशियेंसी मुझे नज़र आई वह यह है कि भ्रष्टाचार एक बहुत बड़ा मुद्दा है लेकिन इस गवर्नर एड्रैस में जो भ्रष्टाचार मुद्दा नहीं रहा। वक्त की जो भी सरकार होती है उसको सरकार में कहीं क्रप्शन नज़र नहीं आती है लेकिन जब सरकार में न हों तो क्रप्शन ही क्रप्शन नज़र आती है। कहीं इन की आँख पर भी पर्दा न पड़ जाए और क्रप्शन पनपती रहे ऐसे जो लोग हैं वे हर जगह पहुँच जाएंगे। अध्यक्ष महोदय, इनको मालूम है कि कई मणियां होती हैं लेकिन एक मणी ऐसी होती है जो मुकुट में ही जा कर लगती है वह मुकुट-मणी कहलाती है। ऐसे लोग मैनेज कर लेते हैं। जिस सिर पर मुकुट लगेगा ये सारी मणियां उसके पास पहुंच जाएंगी इसलिए you have to avoid those people and their company. यह मेरा आप सबसे कहना है कि ऐसी मुकुट मणियों ने केवल हरियाणा प्रदेश को ही नहीं बल्कि सारे हिन्दुस्तान को तबाह किया है। कैसे-कैसे फ्राड आदमी हैं जो उच्च गद्दी पर बैठे हुए आदमी को कहते हैं कि तेरा यह संकट दूर कर दूँगा तू इस हिन्दुस्तान का बेड़ा ग्रक कर दे। इस तरह के लोगों ने यहां पर तमाशा बनाया हुआ है। हुकुमत में जो आदमी बैठा हुआ होता है उसका यकीन कमजोर होता है उसे कहते हैं कि तूं फलां संकट में फसेगा, इसका उपाय यह है जिससे गद्दी पर बैठा आदमी डर जाता है। अध्यक्ष महोदय, मैंने यह बात इसलिए कही है कि चौधरी बंसी लाल जी कह रहे हैं कि मैं बदल रहा हूं लेकिन एक बात में मत बदलना, इन फ्राडियों से मत डरना। ऐसे लोग जो कहते हैं कि मैं संकट का निवारण कर दूँगा, ये केवल फ्राड होते हैं उनके बस का कुछ नहीं होता

एड्रैस पढ़ा है उसमें एक डैफिशियेंसी नज़र आई है। एक सैंटेन्स मेरी समझ में नहीं आया। बट लास्ट वन पैराग्राफ है इसमें कुछ ऐसा संकेत मिलता है जो कि क्लीयर नहीं है। इसमें किस-किस की डिवैल्पमैंट होनी है, कहीं हमारी ही डिवैल्पमैंट तो नहीं होनी है। इसमें यह लिखा है :-

"Hon,ble members, through this brief address, I have presented before you the policy perspectives of the new Government . I hope this presentation will form a sound basis for the deliberations in this august House. I also hope that you will scale new heights in socio-economic development as per the mandate given to you. My best wishes shall always be with you."

He has emphasised twice on me and on everybody else. It should not be interpreted literally. It should be interpreted liberally. Mr. Speaker, Sir, thank you for giving me time to speak.

**श्री करतार सिंह भडाना** : (सम्भालखा) : स्पीकर सर, मैं ज्यादा वक्त नहीं लूंगा केवल दो मिनट का समय ही लूंगा। आदरणीय श्री चौटाला जी ने हमारी सरकार पर कटाक्ष किया कि इस सरकार के आगमन पर ओले बरसे। स्पीकर सर, मैं हाउस को बताना चाहूंगा कि ओले बरसने की एक वजह थी। हमारे यहां बारिश होना शुभ कहलाता है लेकिन जब पाप ज्यादा बढ़ जाता है और धुले नहीं तो उसके लिए बुहारी की जरुरत होती है और इस सरकार को बुहारी से सफाई करनी पड़ी थी। इसके साथ ही एक बात मैं और कहूंगा जो कि दुख की बात है। मैं अपने आप पर बड़ा गर्व करता अगर उस भाई की जगह मुझे अपनी बलि देनी पड़ती। इस सरकार की शक्ति बढ़ाने के लिए और हरियाणा प्रदेश के दुख हरने के लिए अगर मेरी बलि चढ़ती तो मैं ज्यादा गर्व महसूस करता लेकिन इस में मेरा वह भाई नम्बर ले गया जिसका मुझे दुख है। स्पीकर साहब, दूसरी बात अभी खुर्शीद अहमद जी ने माईन्ज के बारे में कही है। माईन्ज के बारे में मुझे कुछ नॉलेज है क्योंकि मैं खुद माईन्ज में रहा हूं इसलिए मैं इस बारे में हाऊस में कुछ बताना चाहूंगा। मैं आप के माध्यम से हाऊस के नेता से रिक्वैस्ट करूंगा कि आप इसको

11.00 बजे नैशनलाईज करने की बजाए, ओपन मार्किट में ओक्शन करें। इसमें अगर सरकार चाहे तो वह भी पार्टीशिपेट कर ले। *अध्यक्ष महोदय, मैं यह बताना चाहता हूं कि मैंने 1979 में एक लीज़ डाली थी और मुझे आज तक नहीं मिली।* इसके अलावा अगर इसको सरकार चलाएगी तो इनको यह सोचना पड़ेगा कि किसको लगाएं और किसको न लगाएं। मैं तो यह कहता हूं कि इसकी ओपन मार्किट में ओक्शन करवाएं जिससे सरकार को फायदा होगा। अब जैसे कि चण्डीगढ़ में शराब के ठेकों की ओक्शन हुई है उसमें वहां की सरकार को बहुत फायदा हुआ है। अगर हम माईनज़ की ओक्शन करते हैं तो आज जो सरकार को फायदा हो रहा है उससे भी चार गुणा फायदा होगा।

**श्री हर्ष कुमार** (हथीन) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। अध्यक्ष महोदय, मैं इस सदन में नया हूं अगर बोलते वक्त मुझसे कोई गलती हो जाए या किसी को ठेस पहुंचे तो उस चीज को नजर अंदाज़ कर दें और मुझे माफ करें। अध्यक्ष महोदय, महा-महिम जी के अभिभाषण में जो प्रोग्राम और नीतियां हैं उनको जब यह सरकार हरियाणा के अन्दर लागू करेगी तो हरियाणा के अन्दर कोई परेशानी नहीं रहेगी। अध्यक्ष महोदय, हमारे मुख्यमंत्री जी ने आगरा कैनाल का कन्ट्रोल 3 महीने के अन्दर हरियाणा के अधीन लाने का वायदा किया है और वे पूरा करेंगे भी। आज जहां पर मेवात में, फरीदाबाद में पीने का पानी और पशुओं के लिए भी पीने का पानी नहीं है तो मैं यह कहना चाहता हूं कि जिस दिन आगरा कैनाल पर हरियाणा सरकार का अधिकार होगा उस दिन से गुड़गाव और फरीदाबाद के कुछ इलाकों में पीने के पानी की कमी नहीं रहेगी। इसके अलावा

[ श्री हर्ष कुमार ]

उस दिन से गुड़गाव और फरीदाबाद के कुछ इलाकों में पीने के पानी की कमी नहीं रहेगी। इसके अलावा मैं हरियाणा के लोगों की एक और परेशानी की तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं कि आज तक हरियाणा के अन्दर जितनी भी सरकारें आई हैं उन्होंने इस तरफ कोई गौर नहीं किया है। हमारा जो फरीदाबाद, होडल और पलवल का इलाका है, इसके लिए दिल्ली बस स्टैंड से कालेखां तक बस चलती है। जबकि चण्डीगढ़ से जो बस जाती है वह हमें दिल्ली आई०एस०बी०टी० पर उतार देती है और कालेखां के लिए हमें वहां से दूसरी बस देखनी पड़ती है। मेरी आपके द्वारा मुख्यमंत्री जी से प्रार्थना है कि जो बस दिल्ली तक जाती है वहीं बस कालेखां के यात्रियों को वहां पर उतार कर वापिस आई०एस०बी०टी० आ जाए।

अध्यक्ष महोदय, पिछली सरकार के वक्त में मुख्यमंत्री चौधरी भजन लाल जी ने कई वायदे फरीदाबाद में किए थे जो इनकी सरकार के वक्त में पूरे नहीं किए गए। इन्होंने शिक्षा के बारे में भी कई वायदे किए थे वे भी पूरे नहीं किए गए। मुझे आशा है कि इस सरकार के द्वारा वहां पर चाहे किसी प्रकार का कालेज हो वहां पर खोला जाएगा। दूसरे ओम प्रकाश चौटाला जी ने हमारी सरकार के बारे में बहुत कुछ कहा। इन्होंने ने भी अपने वक्त में कई बार, कई प्रकार के सपने हरियाणा की जनता को दिखाए। मैं इनको बताना चाहता हूं कि हमारे यहां एक पुरानी कहावत है और इन्होंने भी कुत्ते की पूँछ वाली बात कही है लेकिन मैं अपने साथियों से कहना चाहूंगा कि हमें इनकी बातों में आकर उत्तेजित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। एक पुरानी कहावत भी है कि बटोड़े में से तो उपले ही निकलते हैं। धन्यवाद (विघ्न)

**श्री रमेश कुमार :** स्पीकर सर, बटोड़े वाली बात अनपार्लियामैंट्री है, इसलिए इसको कार्यवाही से निकलवाया जाना चाहिए।

**श्री ओम प्रकाश (पानीपत) :** अध्यक्ष महोदय, मैं इन अपोजिशन के भाईयों से कहना चाहूंगा कि जब वे कहने की क्षमता रखते हैं तो इनमें सुनने की भी क्षमता होनी चाहिए। मान्यवर अध्यक्ष महोदय, नवगठित राज्य सरकार के सत्ता संभालते ही प्रदेश के उद्योगपतियों, व्यापारियों एवं छोटे दुकानदारों में प्रसन्नता की लहर दौड़ गयी है कि राज्य में अब उनकी सरकार बनी है। इसलिए अब इन्सपैक्टरी राज व पूर्व सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी। मान्यवर, मैं पानीपत विधान सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं।

**श्री भागीराम :** अध्यक्ष महोदय, ये तो अपना लिखा हुआ भाषण पढ़ रहे हैं। इसलिए यह तो पढ़ा हुआ ही माना जाना चाहिए।

**श्री ओम प्रकाश :** सर मैं नया मैम्बर होने की वजह से अपनी बात लिख कर लाया हूं। मान्यवर, मैं पानीपत विधान सभा क्षेत्र से ताल्लुक रखता हूं जोकि उद्योगों की नगरी है एवं वहां पर कम्बल का उद्योग है इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि पिछले एक दशक से पानीपत औद्योगिक क्षेत्र में पूर्णतया पिछड़ा है। पूर्व सरकार की उद्योगपतियों को हर तरह से तंग करने की नीति के कारण पंजाब से आए उद्योग तो पानीपत से पुनः पंजाब पलायन कर गए हैं। आज भी उद्योगपतियों पर पर्यावरण प्रदुषण आदि के नोटिसों की भरमार है। लेकिन अब नवगठित राज्य सरकार औद्योगिक नगरों में शीघ्र ही जल शोधक संयन्त्र स्थापित करने जा रही है जिससे उद्योगों को राहत मिलेगी। मैं समझता हूं कि हमारी सरकार उद्योगपतियों के लिए नयी राहतों की घोषणा जल्दी ही करेगी। अगर सरकार ऐसा करेगी तो इस सरकार को जो हानि शराबबंदी करने से होगी वह उनको राहत दिए जाने से पूरी हो सकती है क्योंकि इससे हमारे

उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और वे सरकार को ज्यादा राजस्व देंगे इससे प्रदेश का पूर्णतया विकास भी होगा। मान्यवर, उद्योगों के साथ जुड़े श्रमिकों के बेहतर जीवन की ओर भी सरकार ने ध्यान देने की घोषणा की है। आज पानीपत में दो लाख से भी अधिक श्रमिक उद्योगों में कार्यरत हैं। इन श्रमिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने हेतु श्रमिकों को जो सुविधाएं देने की घोषणा सरकार ने की है, उससे भी उद्योग पनपेंगे तथा शराब बंदी से जो घाटा होने की उम्मीद है वह उद्योगों को राहत व सुविधाएं देने से पूरा होगा। मान्यवर, इतना कहते हुए ही मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया।

**श्री धीरपाल सिंह (बादली)** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे गवर्नर साहब के ऐड्रैस पर बोलने का समय दिया। इस पर जो चर्चा हुई और उसमें जैसा चौधरी ओमप्रकाश जी ने स्वीकार किया है कि हरियाणा प्रदेश की जनता ने इन चुनावों में जो फैसला लिया है उसको मैं भी कबूल करता हूं और लोगों की भावनाओं की कद्र करना लोकतंत्र का तकाजा भी और आवश्यकता भी है। गवर्नर के अभिभाषण पर जो चर्चा हो रही है उसमें कई सदस्यों ने भागीदारी भी ली और सरकार ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में वादा भी किया था कि शराब बंदी की जाएगी। जो भी इस बुराई से परिचित हैं उनकी यही धारणा थी, मान्यता थी कि इस बुराई को बंद किया जाए। सरकार ने यह कदम उठाया है लेकिन एक दिन मुझे अखबार में पढ़ने को मिला कि हरियाणा सरकार के ऐक्साईज एण्ड टैक्सेशन विभाग के अधिकारी गुजरात पैटर्न पर अध्ययन कर रहे हैं तो इस बारे में जैसी मेरी जानकारी है उसके मुताबिक जब तक स्वर्गीय मोरारजी देसाई वहां मुख्यमंत्री रहे तब तक गुजरात शराबबंदी के तहत रहा और जब वे प्रदेश की राजनीति से अलग हो गए, उन्होंने सन्यास ले लिया तो वहां उसमें कुछ कमियां, खामियां व नर्मियां भी आई और मेरी जानकारी में जो चीजें हैं उसके मुताबिक गुजरात में परमिट सिस्टम लागू है। हाउस के नेता चौधरी बंसी लाल जी ने बड़े बुलन्द दावे किए थे कि कोई शराब पीकर सड़क से गुजर नहीं सकेगा। दूसरे प्रदेश के मंत्रियों को रात को बोर्डर पर बैठना पड़ेगा तो मेरा केवल यह कहना है कि अगर गुजरात पैटर्न को लागू किया जाएगा तो यह बुराई बाकी रह जाएगी। इस बुराई को समाप्त करने के लिए सरकार को थोड़ा-सा कठोर कदम उठाना पड़ेगा। स्पीकर सर, मैं आपके द्वारा सरकार से गुजारिश करता हूं कि इस बुराई को समाप्त करने के लिए ईमानदार अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवाएं ली जाएं। इस रास्ते में कई रुकावटें हैं और वह वित्तीय भी हो सकती हैं ऐसे अधिकारी व कर्मचारी जिनकी इस बुराई को समाप्त करने की नीयत है उनकी सेवाएं लेकर इस बुराई को समाप्त करना चाहिए। खुर्शीद अहमद जी ने बोलते हुए इस बारे अच्छे सुझाव दिए हैं हम भी यह चाहते हैं कि जो फिजूलखर्ची प्रशासन में है उसे घटाया जाए। इस अवसर पर यदि मैं मंत्रि-परिषद् के विस्तार के बारे में कहूंगा तो अच्छा नहीं लगेगा। हम किसी के रास्ते में रुकावट नहीं डालना चाहते हैं परन्तु यह जो राजस्व का घाटा हो रहा है इस घाटे को कहां से पूरा किया जाएगा यह जिम्मेदारी ट्रेजरी बैंचिज पर बैठे हुए लोगों की है जिनके पास यह अधिकार है और जिन्हें लोगों की सेवा के लिए मौका मिला है उनका दायित्व है कि किस ढंग से बढ़िया प्रशासन लोगों को दिया जाए। एस०वाई०एल० के बारे में भी कई सदस्यों ने यहां पर चर्चा की । स्पीकर साहब, आपने भी पिछले 5 वर्ष तक दक्षिणी हरियाणा के लिए पानी की मांग में भागीदारी ली और वह सराहनीय रही। आपको भिवानी के लिए हरदम यह ख्याल रहता था। भिवानी में पानी के अभाव के कारण विकास भी रुका और पैदावार भी कम हुई। इस समय हाउस के नेता यहां बैठे नहीं हैं वे जहां होंगे, इस बात को सुन रहे होंगे। उन्होंने सत्ता में आने के लिए रोहतक के लोगों से अनेक वादे किए। जब रोहतक में कोई बात कही जाती थी तो वह दूसरी भाषा में होती थी और महेन्द्रगढ़ में दूसरी भाषा में होती थी व भिवानी में उसका रूप अलग होता था। अगर वह सिरसा

[श्री धीरपाल सिंह]

व हिसार में बोली जाती थी तो उसका अलग रूप होता था इससे लोग झांसे में आ गए यह भेदभाव है। अध्यक्ष महोदय, मैं आप के द्वारा सरकार से यह कहना चाहता हूं कि इन्होंने जो गलत दलीलें दी हैं, गलत भाषा बोली गई है उस भाषा के बल पर ये कलीयर मैजोरिटी में नहीं हैं। ये केवल भारतीय जनता पार्टी के आशीर्वाद से सरकार बनाने में कामयाब हुये हैं। जब तक भारतीय जनता पार्टी का आशीर्वाद इनको मिलता रहेगा ये सरकार में बैठे रहेंगे। अध्यक्ष महोदय, रोहतक में एक विशाल मीटिंग में चौधरी बंसीलाल जी ने चुनावों के कुछ समय पूर्व बड़े बुलन्द दावे किये थे कि हम जो भी काम गलत हुए हैं उनकी बारीकी से जांच करेंगे। अध्यक्ष महोदय, सारी बातें कहने में ज्यादा समय लगेगा। इसलिए मैं संक्षिप्त में कहना चाहता हूं कि हमारे इलाके रोहतक की जमीन पीछे चली गई है। प्रदेश के विभाजन से पहले जिस इलाके की सारे देश में शिक्षा के स्तर में और आर्थिक रूप से पहचान थी आज वह रोहतक का इलाका आर्थिक रूप से, शिक्षा के स्तर में, राजनीतिक रूप से और दूसरे स्तरों में हर स्थिति में पिछड़ गया है। चौधरी भजनलाल जी की पाँच साल की मार सहने के बाद काफी पीछे चला गया है। हमें आशा है कि जो आशा निराशा में बदल गई थी वह फिर आशा में बदल जायेगी। हमारे इलाके के साथ जो सौतेला व्यवहार हुआ है पानी के मामले में, विकास के मामले में, बाढ़ के मुआवजें के मामले में जो ना-इनसाफी हुई है और उस समय के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल जी जो अब विपक्ष में बैठे हुए हैं जिन्होंने वायदा किया था कि वे इस्तीफा दे देंगे अगर काम ठीक समय पर नहीं हुआ तो परन्तु अध्यक्ष महोदय, आज भी रोहतक के मौखरा गांव में, हसनगढ़ के कुछ गांवों में सांपला के आस पास जहां पानी भरा हुआ है उनको मुआवजा नहीं मिला। वहां पर कई बार गिरदावरी हुई परन्तु हमें गिरदावरी के पैमाने का ज्ञान नहीं हुआ। कभी रैवेन्यू विभाग के अधिकारी आदेश देते थे कि गिरदावरी की जायेगी। वहीं दूसरी बार कहते कि विभाग के पास गिरदावरी चली गई। जो लोग उस गिरदावरी में आये जिन्हें मुआवजा मिलना चाहिए था उनके साथ बहुत नाइन्साफी हुई। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा सरकार से कहना चाहता हूं कि बाढ़ के मुआवजें की जो बन्दर बांट कांग्रेस के चमचे तो नहीं कहूंगा (विघ्न) जो कांग्रेस के चहेतों ने की जिस ढ़ग से मुआवजे की राशि को लूटा आज सरकार का यह दायित्व बनता है कि जो गलत काम हुए हैं उनकी इंक्वयारी हो, जिन अधिकारियों ने उस समय किसी दूसरे आदमी के दबाव में आकर नाजायज काम किए तथा गलत आदमियों को मुआवजा दिया और जिन लोगों की जमीन डुबी हुई थी बाढ़ के पानी में उनकी फसल तबाह हो गई थी उनको पैसा नहीं मिला परन्तु कांग्रेस के चहेतों को उनका पैसा मिला। जो सैन्टर से बाढ़ के मुआवजे के लिए पैसा मिला उस सारे के सारे पैसे का दुरुपयोग किया गया। इसलिए हम चाहते हैं कि वर्तमान सरकार बारीकी से जांच करायेगी और जिन लोगों के साथ ना-इंसाफी हुई, जिनकी उपेक्षा हुई, जिनके जानवर मारे गये, फसलें तबाह हो गई उनको उचित मुआवजा मिले और जिन लोगों को गलत ढंग से पैसा देकर लाभ दिया गया उनसे पैसा वापिस भी लिया जाये और दोषी अधिकारियों को दण्डित भी किया जाये। आपके द्वारा सरकार से मुझे ऐसी आशा है कि इस पर चर्चा करके इसकी दोबारा जांच करायेगी।

**गृह मंत्री** (श्री मनी राम गोदारा) : स्पीकर साहब, मैं इस पर बोलना चाहता हूं। (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** धीरपाल जी, गोदारा साहब को बोलने दें।

**श्री मनी राम गोदारा :** स्पीकर सर, इस हाउस में जो बातें बोली जाती हैं और जो बातें कही जाती हैं जैसा आपके ऊपर लिखा हुआ है शायद उसको ये पढ़ते नहीं हैं फिर भी मैं सदन से प्रार्थना करूंगा कि वे ये बातें पढ़ लें आपके ऊपर लिखा हुआ है, सभा में या तो प्रवेश न किया जाए अगर प्रवेश किया

जाये तो स्पष्ट और साफ बात कही जाये, क्योंकि वहां न बोलने से या गलत बोलना इन दोनों ही स्थितियों में मनुष्य पाप का भागी बन जाता है। आज के इस हाउस में मैंने सारी भाषाएं सुनी हैं, स्पीचिज सुनी हैं और जो सुझाव सुने हैं, उनको सुनकर मुझे एक बात की खुशी है कि हमारे इस हाउस में कुछ टेलेंट हैं और इस टेलेंट के नाते कुछ स्टैंडर्ड की बातें कही गई हैं। जिससे कम से कम यह विश्वास पैदा होता है कि उनकी बातों को सुनकर और उन पर अमल करके इस हाउस में हरियाणा की जनता के लिए कुछ कर सकते हैं। यहां पर विश्वास की बात कहनी चाहिए। यहां पर एक तरफ चौधरी भजन लाल जी ने, श्री खुर्शीद अहमद ने, चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने बातें कहीं तथा मेरे एक अजीज भी यहां सामने बैठे हैं। इन्होंने जो बातें कहीं है इनको सुनकर मुझे खुशी होती है। (हंसी)

**श्री अध्यक्ष :** कृपया आप यह तो बताएं कि वह अजीज कौन है ?

**श्री मनीराम गोदारा :** स्पीकर सर, वह श्री ओम प्रकाश चौटाला हैं। हां तो मैं एक बात कह रहा था कि सुझाव अच्छे दिए गए हैं। यहां पर एक तरफ तो आपने यह माना की यह राज्यपाल महोदय का पहला एड्रैस है, उसके अन्दर हम क्या नुक्ताचीनी करें। दूसरी तरफ आप यह मान कर चलते हैं कि जो जो उम्मीदें हैं, क्या वे यह सरकार पूरी कर सकेगी या नहीं कर सकेगी। यह भी आप सोचते हैं। इसके अलावा यह भी सोचते हैं कि कहीं पुराना ही तरीका न आ जाए। मैं कहना चाहता हूँ कि आज जब हम पहली बार यहां बैठे हैं चाहे दो दिन के लिए या तीन दिन के लिए। हमारी सरकार के अभी 15 दिन भी पूरे नहीं हुए हैं। अभी तो आपको इस सरकार का कार्य देखना है तथा यह देखना है कि यह सरकार कैसे फंक्शन करेगी। अगर यह सरकार ठीक तरह से कार्य नहीं करेगी। तो अगली दफा आप यह कह सकते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि कई स्पीकर भाईयों ने जो सुझाव दिए हैं, अच्छे भी हैं और गौर करने के काबिल हैं। मैं यह बताना चाहता हूं कि गवर्नर साहब का 5-6 पेज का अभिभाषण था, उसका मुद्दा सिर्फ यह था कि मोटे तौर पर जिन भावनाओं को लेकर यह सरकार बनी है इन भावनाओं का यह सरकार कहां तक विस्तार कर सकती है क्योंकि यह जो सुझाव रखे गए हैं, हो सकता है हमारे एडमिनिस्ट्रेशन के कारण या हमारी स्लैकनैस के कारण कोई समस्या आ सकती है लेकिन मैं कहता हूं कि सुझाव अच्छे आए हैं लेकिन इन सुझावों में जब यह नाम लेते हैं कि भाजपा और हविपा की गठबंधन की सरकार है। अपोजिशन लीडर श्री ओम प्रकाश चौटाला क्योंकि एक ही बात कहते हैं। (विघ्न) He is the Leader of the Opposition and he is sitting in the Opposition. मैं उसी तरह से उनको संबोधित करूंगा। लीडर ऑफ अपोजिशन साहब, एक सीधी बात है कि यह सरकार तो अभी बनी है, अभी तो इसके कार्यकलाप देखे जाने हैं। मैं अर्ज करता हूं कि एक उपन्यास के नाते कोई बातें मत कहो। आत्मनिरीक्षण भी करो और आत्मनिरीक्षण करके यह कहो कि हमारे आत्मनिरीक्षण के मुताबिक यह बात सही है और यह गलत है। स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से रिक्वैस्ट करूंगा कि जिन लोगों ने सरकार में हिस्सा लिया है, जिन लोगों ने सरकार की जिम्मेवारियां ली थीं वे अपना आत्मनिरीक्षण करके उसी के हिसाब से यहां हाउस में बोलें और हमें ठीक सुझाव दें।

ट्रांसफर्ज के बारे में यहां पर बात आई। आखिर जो भी सरकार आएगी वह अपनी नीतियों को लागू करने के लिए उसी के मुताबिक सोच वाले ऑफिसर्ज को ही नियुक्त करेगी इसमें कोई जातपात की बात नहीं है। स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से लीडर ऑफ दि अपोजिशन से कहना चाहता हूं कि जो ट्रांसफर्ज किए गये हैं वे किसी जातपात को लेकर नहीं किए और इसमें न ही किसी को विक्टेमाइज करने की कोई बात है। आप एक बात को मान कर चलें कि अगर आपको अपनी नीतियाँ लागू करनी हैं तो उन नीतियों को लागू करने के लिए आपको कुछ ऑफिसर्ज चुनने पड़ेंगे और उन चुने हुए ऑफिसर्ज में

[श्री मनीराम गोदारा]

से आपको यह भी देखना पड़ेगा कि उनमें से कौन क्या है, कौन आपको साथ दे सकता है और कौन सही रूप को सही पेश कर सकता है। स्पीकर साहब, हमारी जो सोच है हमारी जो राजनीतिक कल्चर है जिस कल्चर में हम रहे हैं उससे हम दूर नहीं जा सकते। कल माननीय बीरेन्द्र सिंह जी भी कह रहे थे कि हमारा जो कल्चर रहा है उससे हमारा दिमाग कभी दूर नहीं जा सकता। स्पीकर साहब, हमने कभी जातपात के नाम से सम्मेलन नहीं किए। मैं चौधरी भजन लाल जी की तरह कभी ब्राह्मण नहीं बना, कभी मेव नहीं बना, कभी जाट नहीं बना और कभी बनिया नहीं बना। हम इस तरह से कभी नहीं कहते। हम कहते हैं कि हरियाणा प्रदेश में रहने वाला हर आदमी अपना हक मांगता है। जो आदमी राइट बात करता है हम उस राइट बात को सामने रख कर सोचते हैं। वह आज हरियाणवी है। हरियाणा के सामने जो सीधे मसले हैं जिसको जाटू भाषा में कहते हैं सीधे मसले जिसमे हमें चाहिए पानी, हमें चाहिए बिजली, हमें चाहिए सुरक्षा, हमें चाहिए हरियाणा प्रदेश का विकास। इन मामलों में आपका क्या सहयोग हो सकता है इन मामलों में सरकार की क्या कमी हो सकती है इस बात को अगर आप देखें तो हाउस की एक बहुत ही अच्छी परम्परा बनेगी। पिछले हाउस में एक यह परम्परा बना ली थी कि तूं काणा, तूं लंगड़ा, तूं आंधा। पिछले हाउस में इस तरह की परम्परा थी। पिछली सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में कभी भी यहां हाउस के अन्दर हरियाणा के विकास की किसी बात को लेकर या हरियाणा के किसी इंट्रस्ट की बात को ले कर बहस नहीं की। हमारे लीडर ऑफ दि हाउस, हाउस में, आपको यह विश्वास दिलाते हैं कि हमने किसी भी भेदभाव के बिना गवर्नर महोदय के सामने जो हल्फ लिया है उसी पर अमल करने की हमारी मंशा है। उसी पर अमल करने के लिए जो रास्ता अपनाया जाता है उसमें अगर कहीं पर कोई गलती है तो उसके बारे में आपको अपने सुझाव देने चाहिएं। इस बात को सामने रख कर अगर आप हाउस की प्ररम्परा चलाएं तो अच्छा रहेगा। यदि आपकी तरफ से अच्छे सुझाव आएंगे तो अच्छा रहेगा, प्रान्त में विकास के काम होंगे। अब किससे हमारा समझौता हुआ तो राज आ गया किससे आप का समझौता नहीं हुआ तो राज नहीं आया । अब यह हो चुका है मैं यह कहूं कि हमारा समझौता हो गया तो हमारा राज आ गया बहुत अच्छी बात है। आपका समझौता भी उन्हीं के साथ होना था जिनके साथ हमने कर लिया आपका समझौता उनके साथ नहीं हुआ क्योंकि आपने पहले ही यह एलान कर दिया था कि उनका समझौता हमारे साथ हो गया। हमारा समझौता हो गया इसीलिए हमने इतनी सीटें लीं। इस मामले में मैं सदन के अन्दर एक बात कहूंगा कि हर भाई, भाई नहीं आनरेबल मैम्बर क्योंकि बहुत दिनों से मुझे आनरेबल मैम्बर कहने की आदत नहीं पड़ी चौधरी भजन लाल जी की मेहरबानी से (हंसी) तो मैं एक बात कहना चाहता हूं कि हमारी एक जो परंपरा है वह बिगड़नी नहीं चाहिए। हमें अच्छी परम्परा निभानी चाहिए। यह परम्परा विकास की परम्परा है। जो विकास का नाम है, चाहे उस विकास के अन्दर आपकी सरकार में रहते हुए आपने कितना काम किया वह बताएं, अच्छी बात है और उसके मुताबिक विकास में हमारे रहते हुए क्या कमी आई, बताएं, अच्छी बात है। यहां पर पहले कौन से विकास किये इस बारे में चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी बता रहे थे कि हमारा तो केवल इतना ही विकास था कि चीफ मिनिस्टर कहता था कि तुम्हारे 5 पटवारी या 5 सिपाही लगा देते हैं (विघ्न) जो विकास की बात है, इस बारे में मैं कहता हूं कि विकास का काम ठीक चले। अभी तक आपस का यह विश्वास है। यों तो सड़क पर चलती हुई भटियारिन की तरह कोई भी कुछ भी बात कह सकता है। भटियारिन भी सड़क पर चलती हुई लड़ती है और एक दूसरे पर इल्जाम लगाती है। कम से कम ऐसे इल्जाम आपस में न लगाएं जिसके पास सबूत न हों और चाहे सबूत न हों लेकिन आप यह समझते हैं कि सरकार चलाने वालों की मंशा गलत है, क्रप्शन है, तो आईए सुझाव दीजिए, अपनी बात कहिए लेकिन बोलना ही है, चाहे गलत है, यह

बोलना ठीक नहीं है। अगर ऐसे करेंगे तो हमारी आपस की जो सद्भावना है वह अच्छा रास्ता खत्म हो जायेगा। उस सद्भावना के रास्ते के बारे में आनरेबल मैम्बर्ज से कहूंगा कि आज के दिन हमें कोई बात ऐसी नहीं करनी चाहिए कि हम एक दूसरे के बारे में ऐसी नुक्ताचीनी करें कि हमारी जो सद्भावना है वह खत्म हो जाये। अगर सरकार गलत काम करेगी तो भुगतेगी भी लेकिन एक चीज को तो आप लोगों को मानना पड़ेगा कि जिस ब्यूरोक्रेसी की आदत आपने पिछले 10 सालों में पोलिटिकलाईज कर दी उसको बदलने में समय लगेगा।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** स्पीकर साहब, ये प्वायंट ऑफ आर्डर पर बोल रहे हैं या स्पीच दे रहे हैं।

**श्री मनीराम गोदारा :** मैं गवर्नर एड्रैस पर बोल रहा हूं।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** स्पीकर साहब, हमने सोचा कि मनीराम जी प्वायंट ऑफ आर्डर पर बोल रहे हैं लेकिन यह तो भाषण दे रहे हैं। मैं आपसे यह पूछना चाहता हूं कि क्या हमारा सदस्य बोल चुका है या उनका समय खत्म हो गया है। उनको अभी बोलना है। आपने इनको प्वायंट ऑफ आर्डर पर बोलने के लिए समय दिया है। मैं किसी दुर्भावना से नहीं पूछ रहा। मैं तो सिर्फ इतना ही पूछना चाहता हूं कि ये किस विषय पर बोल रहे हैं (विघ्न) मैं मानता हूं कि आप बोल सकते हैं लेकिन हम यह जानना चाहते हैं कि आप किस चीज पर बोल रहे हैं लेकिन यह तो आपका लम्बा भाषण हो गया। क्या आपने हमारे सदस्यों का टाईम तो खत्म नहीं कर दिया।

**श्री अध्यक्ष :** आपके सदस्यों का टाईम ज्यों का त्यों सुरक्षित है।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** इसका मतलब यह हुआ कि जब कोई सदस्य बोल रहा हो तो बीच में और कोई सदस्य भी बोल सकता है और डिस्कशन में हिस्सा ले सकता है।

**श्री अध्यक्ष :** उस समय लीडर ऑफ दी हाउस, हाउस में नहीं थे। चौधरी मनीराम जी गोदारा डिप्टी लीडर हैं इसलिए ये रूल 23 के तहत बोल सकते हैं।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, सुझाव हो सकता है और हम इनके सुझाव को मान सकते हैं लेकिन यह तो इनका सुझाव होने की बजाये लम्बा भाषण हो गया। आप प्वायंट ऑफ आर्डर पर तो बोल सकते हैं लेकिन लम्बा भाषण नहीं दे सकते। (विघ्न)

**श्री कर्ण सिंह दलाल :** अध्यक्ष महोदय, ये रूल्ज एण्ड प्रोसीजर की बुक को पढ़ लें जो बात इन्होंने उठाई है ये उसका जवाब दे रहे हैं। गोदारा साहब को खड़े हो कर इन्टरवीन करने का अधिकार है। अगर ये कहें तो मैं रूल पढ़ कर सुना देता हूं। रूल 23 में लिखा है :-

'The Chief Minister or any other Minister whether he has previously taken part in the discussion or not shall, on behalf of the Government, have a general right of explaining the position of the Government at the end of the discussion and the Speaker may enquire how much time will be required for the speech so that he may fix the hour by which the discussion shall conclude."

He has a right to speak.

**श्री मनी राम गोदारा :** अध्यक्ष महोदय, आप इनसे कहें कि ये मुझे बोलने तो दें। (विघ्न) स्पीकर सर, मैं आपसे यह बात इसलिए कह रहा हूं कि कल यह फैसला हुआ था कि जो भी मैम्बर्ज़ बोलेंगे उनको

[श्री मनीराम गोदारा]

बोलने की पूरी आज़ादी होगी चाहे कितनी देर बोलें। कल यह फैसला हुआ था और आज भी वही बात है। इस पर बोल कर मैं अपनी बात कन्कलूड करूंगा। (विघ्न एवं शोर)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** आप इन्टरवीन करके जवाब दे सकते हैं लेकिन भाषण नहीं कर सकते क्योंकि आप प्वायंट ऑफ आर्डर पर खड़े हुए हैं। (विघ्न)

**प्रो० राम बिलास शर्मा :** स्पीकर सर, इसमें कोई विवाद नहीं है और चौटाला साहब भी मानते हैं। जैसे अभी ला-एण्ड-आर्डर के बारे में 3-4 माननीय सदस्यों ने मुद्दा उठाया है और मनीराम गोदारा जी हमारे होम मिनिस्टर हैं इसलिए वे गवर्नमैंट की तरफ से उन मुद्दों का अपनी तरफ से जवाब दे रहे हैं और वे आन्सर दे सकते हैं इसलिए आप उनको कॉन्टीन्यू करने दें। चौधरी धीरपाल सिंह जी का समय रहेगा, वे बाद में बोल लें। (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** गोदारा साहब, आप बोलने के लिए कितना समय और लेंगे। (विघ्न)

**श्री धीरपाल सिंह :** स्पीकर सर, आपसे मेरी यह सबमिशन है कि कोई भी मिनिस्टर किसी मुद्दे पर इन्टरवीन करे, मेहरबानी करके आप कोई रूल बना दीजिए कि वह 20 मिनट, 25 मिनट, 30 मिनट या कितना समय बोल सकता है।

**श्री अध्यक्ष :** धीरपाल सिंह जी, मैं आपको रूल पढ़ कर सुना देता हूँ। आपके पास भी किताब होगी आप थोड़ा देखने का कष्ट करें। Let us see how much time he requires so that the time can be fixed. I would ask the Home Minister or Deputy Leader of the House that how much time he requires to conclude his speech.

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** अगर आनरेबल मैम्बर बोल रहे हैं और मिनिस्टर इन्टरवीन करते हैं that should not be a speech. After the speech of the Hon'ble Member, he can deliver full speech. If the Hon'ble Member is on his legs and has not finished his speech and the Minister has to explain certain points then he should not take much time to explain his point.

Shri Mani Ram Godara : Sir, I want to clear myself.

मैंने यह समझा था कि चौधरी धीरपाल सिंह जी अपनी बात कह कर बैठ गए हैं। (विघ्न) अगर इनकी बात पूरी नहीं हुई तो पहले ये बोल लें, मैं बाद में बोल लूंगा।

**श्री धीरपाल सिंह :** अध्यक्ष महोदय, ये खड़े हुए थे इसलिए इनको देखकर मैं बैठ गया था।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, ये सुझाव दें हम सुनने के लिए तैयार हैं। इनकी बातें बहुत ही अच्छी हैं और हम इनको मानते हैं। मैंने तो इनको सुझाया ही था कि एक मैम्बर बोल रहे हैं। (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** ठीक है धीरपाल जी, पहले आप अपनी बात पूरी कर लें।

**श्री धीरपाल सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मनीराम गोदारा जी वरिष्ठ सदस्य हैं और हम इनका आदर करते हैं और इन्होंने जो सुझाव दिए उनकी भी हम कद्र करते हैं। लेकिन जब मैं चर्चा कर रहा था तो इन्होंने कहा कि अभिभाषण में चर्चा करने की क्या चीज है। जब यहां पर चौधरी बंसी लाल जी हैं तो उनको छोड़कर मैं आपसे कुछ कहूंगा तो ठीक बात नहीं है। चौधरी बंसी लाल जी ने जो वायदे किए थे

अभिभाषण दिया या इस सरकार ने लिख कर दे दिया और उन्होंने पढ़ दिया यह तो अब रिवायत सी बन गई है। लेकिन जो इन्होंने वायदे किए थे या जो जीवन से सम्बन्धित बात है उस बारे में इसमें कोई चर्चा नहीं है। दूसरे जो यमुना का समझौता है उसको लेकर चौधरी बंसी लाल जी जब विपक्ष में थे तो हम सबने मिलकर इस समझौते का विरोध किया था। अध्यक्ष महोदय, कुछ इनके इलाके थे, हांसी सब-डिविजन, करनाल और पानीपत हैं वहां पर जो पानी लगता था जब उस पानी की मात्रा कम हो गई तो हमने यहां पर भी और यहां से बाहर भी उस समझौते का कड़ा विरोध किया था। आज जो सरकार है उसमें दो पार्टियों का गठ-बन्धन है उससे हमें कोई एतराज नहीं है। लेकिन मैं मुख्यमंत्री जी से यह कहूंगा कि इस समझौते के तहत हमारा पानी कम होने की वजह से खेतों की पैदावार कम हुई है, हमारा आर्थिक विकास रूका है और हमारे हिस्से का पानी कम हुआ है। इसके अलावा हमें मुख्यमंत्री जी का ब्यान अखबारों में पढ़ने को मिला है कि दिल्ली को पानी देना जारी रहेगा। मैं इन से पूछना चाहता हूं कि जो दिल्ली को पानी देने की मात्रा है उससे ज्यादा पानी क्यों दिया जा रहा है जबकि हमारे यहां पर भी पानी की प्रोब्लम है। मुख्यमंत्री जी यह बताएं कि यह जो दिल्ली को उनकी मात्रा से ज्यादा पानी दिया जा रहा है क्या उसके बदले में इनको दिल्ली सरकार से कुछ और दिया जा रहा है, कोई ऐड दी जा रही है। इसके पीछे क्या मंशा है इस बारे में भी हमें बता दें। इसके साथ ही भाई कृष्ण सिंह जी यहां पर बैठे हुए हैं और हर्ष कुमार जी ने भी चर्चा की है लेकिन इस अभिभाषण के 6 पेज हैं और उसमें आगरा कैनाल की कहीं पर भी चर्चा नहीं है। अध्यक्ष महोदय, इस अभिभाषण पर यहां पर बहुत जोरों से चर्चा हो रही है तो मैं इनसे यह पुछना चाहूंगा कि इसमें फरीदाबाद और गुड़गांव के लोगों की भावनाओं को क्यों नहीं लाया गया। इसमें सरकार की क्या मंशा है या सरकार किस बात से लाचार है। यह सब तो सामने आ जाएगा। इस अभिभाषण में आगरा कैनाल के कंट्रोल और रख-रखाव के बारे में चर्चा होनी चाहिए थी। चाहे उस बारे में कुछ शब्द ही लिखे होते। अगर ऐसा होता तो हरियाणा की जनता यह महसूस करती कि यह सरकार उनकी पक्षधर है। अध्यक्ष महोदय, जैसा कि चौधरी ओम प्रकाश चौटाला जी ने कहा है कि प्रदेश के हितों के लिए जहां पर भी मुख्यमंत्री जी को चाहे वह एस०वाई०एल० का मामला हो, चाहे यमुना का मामला हो और चाहे आगरा कैनाल का हो, विकास का हो या कोई दूसरी बातें हों यानी जो भी प्रदेश के हित से जुड़े हुए मुद्दे हैं उन पर हमारी पार्टी असैम्बली में और असैम्बली से बाहर भी समर्थन और सहयोग देने में विश्वास रखती है क्योंकि हम चाहते हैं कि जो लोगों से वायदे हुए हैं और जिन वायदों की वजह से ही चौधरी बंसी लाल जी और उनके साथी यहां पर बैठे हैं उनको पूरा किया जाए। हम आज इनकी आलोचना नहीं कर रहे हैं बल्कि हमारी भी वही भावनाएं हैं जो इनकी हैं। लोग काफी दिनों से एस०वाई०एल० के मुद्दे को लेकर यमुना जल समझौते को लेकर आशा लगाए हुए हैं। स्पीकर साहब, जब आप भी हमारे साथ विपक्ष में बैठते थे तब भी हम बार-बार यही कोशिश किया करते थे। उस समय चौधरी भजन लाल जी हाउस के नेता थे। हमें नहीं पता कि उनकी उस समय क्या मजबूरियां रही होंगी कि जो यह काम नहीं कर पाए। मैं आज इन बातों पर नहीं जाना चाहता लेकिन उस समय भी हम सब लोग यही चाहते थे कि हाउस एस०वाई०एल० के निर्माण के बारे में एक सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करके सैन्ट्रल गवर्नमैंट को भेजे। हमारी जो जीवन रेखा है उसको इस प्रस्ताव के द्वारा दबाव डालकर पूरा करवाया जाए। लेकिन उस समय भजनलाल जी ने कहा कि पंजाब के लोग सुन रहे हैं अगर हम ऐसा करेंगे तो उनको गलत संदेश जाएगा। लेकिन पिछली सरकार तो पांच साल राज करके चली गयी और एस०वाई०एल० के निर्माण पर ईंट भी नहीं लगायी गयी। स्पीकर सर, इसी तरह से कृष्णावती, साहबी, दोहान एवं अन्य नदियों के पानी की भी चर्चा यहां पर हुई। साहबी नदी राजस्थान से निकलती है उस पर राजस्थान सरकार ने छोटे-छोटे डैम बना लिए थे जिसकी वजह से हमारा जो पानी था, वह वहीं पर

[श्री धीरपाल सिंह]

पर राजस्थान सरकार ने छोटे-छोटे डैम बना लिए थे जिसकी वजह से हमारा जो पानी था, वह वहीं पर ही रुक गया। अगर यह पानी हमारे इलाकों में आ जाता तो इससे पैदावार काफी बढ़ जाती। आज तो इस सरकार का भारतीय जनता पार्टी से प्रदेश में भी सहयोग है और सैंटर में भी इनकी पार्टी उनका समर्थन कर रही है तथा राजस्थान में भी बी०जे०पी० की सरकार है इसलिए मैं आपके द्वारा मुख्यमंत्री जी से गुजारिश करूंगा कि हमारा जो पानी का हिस्सा इन नदियों में है और जिसको वहां की सरकार ने छोटे-छोटे बांध बनाकर रोक लिया है तथा जिसके लिए चौधरी भजन लाल जी की सरकार कोई कार्यवाही नहीं कर पायी, उसे आप तुरन्त ही पूरा करवाएं। हमें यह तो नहीं पता कि पिछली सरकार यह काम क्यों नहीं पूरा करवा पायी, क्या रुकावटें थीं लेकिन उस समय भी विरोधी पक्ष की तरफ से यही आवाज़ आ रही थी कि यह काम पूरा होना चाहिए और आज भी हमारी वही आवाज है कि उस पानी में हमारा जो हिस्सा है, उस हिस्से को अपने प्रदेश के इलाकों में लाने के लिए मुख्यमंत्री के स्तर पर दबाव डालकर पानी यहां आना चाहिए। हमारी उस पानी में जो भागेदारी है, वह हमें मिलनी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, हमारे आदरणीय रामबिलास जी एक बढ़िया एवं नेक इंसान हैं और इनका कोई मुकाबला ही नहीं है एवं ये चार बार चुनाव जीतकर भी आए हैं इसलिए इनको जितनी भी दाद दी जाए, उतनी ही कम है लेकिन इनके इलाके में भी इन नदियों का पानी आता है और आज इन चारों की चारों नदियों का पानी रुकने की वजह से पूरे नारनौल के इलाके में पानी का लेवल 150 या 200 फुट नीचे चला गया है। वहां के हमारे जो विधायक साथी यहां पर हैं वे भी इस बात को बता सकते हैं लेकिन मुझे भी उस इलाके में जाने का मौका मिला है इसलिए मुझे पता है कि आज वहां पर किसानों को बड़ी भारी परेशानी हो रही है, किसान बहुत संकट में हैं। इसलिए आज हम जो यहां पर चर्चा कर रहे हैं वह इसी आशा से कर रहे हैं कि इन नदियों का पानी वहां के इलाकों में आएगा। अगर पानी वहां पर आयेगा तभी वहां पर पानी का लेवल ऊपर आएगा जिससे किसान को भी लाभ होगा, खेत की पैदावार भी बढ़ेगी और मजदूर को मजदूरी मिलेगी यानी वह पूरा इलाका ही खुशहाल हो जाएगा इसलिए हम इस सरकार से यह गुजारिश करते हैं कि उस पानी के लिए जितनी भी कोशिश की जा सके, वह की जानी चाहिए। यदि और कोई रुकावट इस बारे में हो तो उसकी खुलकर हाउस में चर्चा होनी चाहिए। क्योंकि इससे बढ़िया चर्चा के लिए प्लेटफार्म तो और कहीं नहीं है कि प्रदेश के हितों के लिए अधिकारों के लिए हम चर्चा कर सकें। अगर हम इस बारे में बाहर कहेंगे तो यह कहा जाएगा कि यह राजनीतिक स्टंट है और विरोधी पक्ष को केवल यही काम रह गया है कि वह सरकार को उलझाए रखे लेकिन सर, हाऊस में जो चर्चा होती है उस पर जायज या नाजायज एवं गुण दोष के आधार पर काम होने चाहिएं। यह नहीं होना चाहिए कि अगर कोई मैम्बर विरोधी पक्ष का है तो उसके इलाके में काम ही न करवाए जाएं। चौधरी भजन लाल जी भी यहां बैठे हैं। हम भी चर्चा में भाग लेते थे और आप भी चर्चा में भाग लेते थे। हम लोग चाहे अपने इलाके के लिए, चाहे प्रदेश के लिए और चाहे विकास या समृद्धि के लिए कहते थे, हमें यही कह कर टाल दिया जाता था कि ये विपक्ष के लोग हैं, चार दिन बोल कर चले जाएंगे। उस समय कोई मापदण्ड नहीं था।

बेरोज़गारी हटाने के लिए चर्चा हुई। बड़ी अच्छी बात है यह पूरे प्रदेश की समस्या है और दूसरे यहां कुदरत की तरफ से कोई तोहफा नहीं है न हमारे यहां खानें हैं न कुछ और है, पानी का भी अभाव है, सिर्फ बारिश के दिनों में ही कुछ पानी मिलता है, इसलिए बेकारी हमारे यहां ज्यादा बढ़ रही है। चौधरी बंसी लाल जी ने चुनाव से पहले आश्वासन दिया था कि प्रदेश में जो जुगाड़, टैम्पो और जीप आदि चलती हैं उनको रैगुलर किया जाएगा। उसमें शायद यह भी रुकावट होगी कि इस बारे में आदरणीय हाईकोर्ट की तरफ से कोई आदेश हुआ है। हाईकोर्ट के आदेश से बाहर न जाते हुए उनको रैगुलर करने का कोई

न कोई रास्ता मुख्यमंत्री जी निकालेंगे ऐसा मुझे भरोसा है। चौधरी भजन लाल जी जब मुख्यमंत्री थे तो प्राइवेट ट्रांसपोर्टर इनसे मिले लेकिन इन्होंने इनकी बात सुनने की परवाह नहीं की। मैं मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करुंगा कि ऐसी व्यवस्था न करें जिससे केवल खाना-पूर्ति के लिए परमिट जारी कर दिए जाएं। ऐसा परमिट केवल एक रिकार्ड बन जाएगा कि इतने लोगों को काम-धंधा मिला। जो घाटे के परमिट थे जहां बैंक से पढ़े-लिखे युवा साथियों ने किसी भावना के तहत लोन लिया था आज वे सारे के सारे डिफाल्टर हो गए और पिछली सरकार की दोषपूर्ण नीतियों को रो रहे हैं। इसलिए हम चाहते हैं कि बेकार साथियों को बारीकी से अध्ययन के बाद काम दिया जाए और इसमें अच्छे अधिकारियों का सहयोग लिया जाए और जो बी०ए०, एम०ए० या मैट्रिक और इससे नीचे की क्लासें पास हैं उनको कहीं से काम देने की व्यवस्था हो तो यह देखा जाए कि उसके परिवार की रोटी बनती हो ऐसी सोच के तहत उसको काम मिलना चाहिए। केवल यह नहीं कि वादा कर लिया कि 20 हज़ार लोगों को काम देना है और काम दे दिया तो इससे बात बनने वाली नहीं है। स्पीकर सर, मैंने पिछली असैम्बली में कहा था कि जिस इलाके से मैं आया हूं उस इलाके के प्रति मेरा दायित्व बनता है। आज मैं आपके माध्यम से चौधरी बंसी लाल जी से गुजारिश करना चाहूंगा कि रोहतक में एक नयी प्रवृत्ति को जन्म दिया जा रहा है और जो अपराध का ट्रैन्ड है वह पश्चिम उत्तर प्रदेश से मिलता जुलता है। जो विद्यार्थी है जिसको अभी ज्ञान नहीं है उसको इस ढंग से ट्रेनिंग दी जाती है, कहां से आ रहे हैं ये अवैध हथियार जिनमें तम्मचे भी हैं जिसे देशी भाषा में कट्टे कहते हैं। क्या यह सरकार का दायित्व नहीं है कि वहां ऐसे अधिकारियों को भेजे जो इस बढ़ती हुई आपराधिक प्रवृत्ति को रोकें। आज रोहतक में बढ़ती हुई आपराधिक प्रवृत्ति पश्चिमी उत्तर प्रदेश से मिलती-जुलती है। अगर इसको रोका नहीं गया तो यह रोहतक को तबाह करके रख देगी। बार-बार हमने इस बात को उठाया है और आज यह दशा हो रही है कि सरकार के गठन के बाद दो हादसे वहां पर हुए हैं। एक हादसे में तो किसी साथी को वहां पर गोली मारी गई और दूसरा हादसा स्पीकर सर, कल ही हुआ है। रात को राजस्थान परिवहन निगम की एक बस को लूटा गया, कण्डक्टर को मारा गया। यह जो युवा पीढ़ी है जिसमें यह आपराधिक प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं यह न केवल रोहतक के लिए घातक होंगी बल्कि पूरे प्रदेश के लिए घातक होंगी। इसमें वे युवा भाई भी शामिल हैं जिन्हें पढ़ने के बाद भी रोजगार नहीं मिला और किन्हीं कारणों से वे इस रास्ते पर चल पड़े। अध्यक्ष महोदय, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की भूमि तो उपजाऊ है, कुदरत की उस पर मेहरबानी है, गंगा-यमुना हैं, इसके साथ-साथ कुदरती देन है। वे तो बच भी गए होंगे लेकिन रोहतक का इलाका तो शुष्क इलाका है। शुष्क इलाका होने की वजह से यहां जो अपराध की प्रवृत्तियां बढ़ रही है यह घातक हैं। इसलिए आपके माध्यम से मेरी मुख्यमंत्री जी से गुजारिश है कि इनको यहां पर रोका जाये।

खुर्शीद साहब ने गंगा के पानी के बारे में चर्चा बहुत बढ़िया शब्दों में वर्णित की है। लेकिन अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से एक बात कहना चाहता हूं। चौधरी भजन लाल जी यहां पर बैठे हुए हैं। शायद 24 मार्च, 1995 को किसी बात की चर्चा के तहत गंगा के पानी का विषय यहां पर ओपन हुआ था। उस समय इन्होंने एक फाईल यहां हाऊस में रखी थी उसमें यह कहा गया था कि यह मुद्दा तो चौधरी बंसी लाल जी जब हरियाणा के मुख्यमंत्री थे उसी समय ही समाप्त हो गया था अगर यह मुद्दा समाप्त हो गया तो इस पर केवल इतनी बात ही लिखी हुई थी कि गंगा के पानी की चर्चा हुई। लेकिन यह दुर्भाग्य है कि हम केवल प्रदेश के अधिकारों तक ही सीमित हैं लेकिन स्पीकर साहब, अगर देश के स्तर पर इस पानी के मामले को एक मुद्दा मानते हुए लें तो अच्छा होगा क्योंकि आज लोगों में संकीर्णता और क्षेत्रवाद इतना बढ़ गया है कि इसमें चाहे ब्रह्मपुत्र नदी का पानी हो या और दरियाओं का पानी हो परन्तु आज एस०वाई०एल० का पानी हम ले नहीं पा रहे हैं, यमुना का पानी दे बैठें हैं और गंगा के पानी

[श्री धीरपाल सिंह]
प्रदेश भी चाहता है। पढ़े-लिखे आदमी, बुद्धिमान वर्ग चाहता है और स्पीकर सर, आप जैसे व्यक्तित्व के धनी भी यही चाहते हैं, उनकी भी यही सोच है कि पानी का मुद्दा देश के स्तर का एक मुद्दा हो। उसमें सबकी भागीदारी हो और यह तय हो कि कोई भी दरिया किसी भी प्रदेश से गुजरे उस प्रदेश को यह कहकर उसके पानी के अधिकार से वंचित न किया जाये कि यह उस प्रदेश के इलाके से नहीं गुजरता है। इसलिए उसका हक नहीं है यह राष्ट्र का मुद्दा है और राष्ट्रीय स्तर पर इस पानी के बंटवारे की बात की जाये तभी आम लोगों को राहत की बात हो सकती है। इसलिए अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं चौधरी बंसी लाल जी से यह कहना चाहता हूं कि आगरा कैनाल के कंट्रोल को हरियाणा में लेने का मुद्दा ये उठायें क्योंकि इसके तहत इनको चुनाव में लाभ भी हुआ है और वाह-वाह भी लूटी है। इनको तो जो हक मिलना था वो मिल गया क्योंकि इससे पहले हम भी सत्ता में रहे, चौधरी भजन लाल भी रहे, परन्तु इस आगरा कैनाल के कंट्रोल का, हिस्सेदारी का, रख-रखाव का मुद्दा पिछली सरकारें नहीं ले पाईं तो ये इस काम में जोरदार ढंग से बकालत करें। जहां तक समता पार्टी के सहयोग की बात है हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि समता पार्टी का हर एक विधायक इस मुद्दे के लिए आपको पूरा-पूरा सहयोग देगा।

स्पीकर सर, जो बाढ़ राहत के नाम पर पैसा आया। आप सड़कों की हालत देख लीजिए उसमें

12-00 बजे भी बंदर बांट हुई है। जो विरोधी पक्ष के हल्के थे, उनके साथ भेदभाव किया गया। आप भी उस बंदर बांट के तहत परेशान रहे होंगे, हम भी परेशान रहे हैं, भाई करण सिंह दलाल भी रहे हैं और रामबिलास जी भी रहे हैं। उस बंदर बांट में कहीं पैसा नहीं गया। लेकिन एक बात हम कहना चाहते हैं कि हमारे हल्के के लिए जो पैसा सड़कों के रख रखाव के लिए आया, वह उन सड़कों की हालत देखकर ही पता चल जाता है। अगर मैं उनकी ज्यादा चर्चा करूंगा तो समय की पाबंदी है लेकिन हम आपके द्वारा सरकार को कहना चाहते हैं कि अभी सड़कों के रख रखाव के संबंध में भाषण की चर्चा हुई। मेरा आग्रह है कि हम विरोधी पक्ष के विधायक पिछली सरकार की तरह अनदेखी नहीं कर सकते। मैं कहता हूं कि वहां जाकर के देखिए तो पता चलेगा कि सड़कों की हालत कितनी बदतर है। उन पर चलने से किसी को भी नुकसान हो सकता है चाहे वह किसी भी पार्टी या गुट से संबंधित हो। क्योंकि किसी के कपड़ों पर या पीठ पर नहीं लिखा होता कि वह फलां पार्टी से है। अंधेरे में किसी को भी चोट लग सकती है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि पूरे के पूरे हमारे इलाके में सड़कों की बहुत बुरी हालत है। सड़कों में गड्ढे पड़े हुए हैं। पिछले पांच साल में उस हल्के के बारे में उस समय की सरकार ने बिल्कुल ध्यान नहीं दिया। आज उन सड़कों की मुरम्मत की प्रायरिटी बेसिज़ पर आवश्यकता है।

जहां तक टेल तक पानी जाने की बात है। मैं कहना चाहता हूं कि भालोट हल्का टेल पर है तथा जितनी भी छोटी मोटी खालें हैं सारी टेल पर हैं। इसलिए पिछले 5 साल तक पानी किसी भी टेल पर नहीं गया। मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी को बताना चाहता हूं कि दुलहेड़ा डिस्ट्रीब्यूटरी है। बहुत दिनों से वहां गाद आ गई है उसकी वजह से नहर टूटने की शंका थी। इस संबंध में मैं अधिकारियों पर लांछन नहीं लगाना चाहता। पानी तो थोड़ा भी चल सकता है। लेकिन वहां पर नहर टूटने का खतरा है। अगर पानी चलते नहर टूट गई तो उन अधिकारियों को मार पड़ेगी, उनकी ए०सी०आर० खराब कर दी जाऐगी। मैं कहना चाहता हूं कि पानी कम चले, कोई बात नहीं मगर नहर में कोई टूटन न हो, कोई रूकावट न हो तो काम चलेगा उसकी सफाई होना अत्यन्त आवश्यक है। मैं मांग करता हूं कि भालोट में पानी की मात्रा बढ़ाई जाए ताकि पूरे हल्के में टेल पर पानी जाए। रोहतक जिले के 9 हल्कों में पानी बहुत कम हो गया है जिससे विकास भी पीछे चला गया है। इसलिए आज पानी एक अहम मुद्दा है। पानी

बहुत कम हो गया है जिससे विकास भी पीछे चला गया है। इसलिए आज पानी एक अहम मुद्दा है। पानी के मुद्दे के लिए अच्छी व्यवस्था की जाए तथा जो वायदा किया हुआ है उन वायदों के तहत लोगों के सामने जाएं। रोहतक जिले में पीने के पानी की एक बात है। यह जो जे०एल०एन० नहर आदरणीय मुख्यमंत्री जी के जिले में से जाती है। (विघ्न)

**मुख्य मंत्री (श्री बंसी लाल) :** जे०एल०एन० नहर मेरे जिले में से नहीं जाती।

**श्री धीरपाल सिंह :** स्पीकर साहब, मैं कह रहा था कि इस जे०एल०एन० नहर में लीकेज है। उस पानी के रिसाव की वजह से साथ में जो 2-2,4-4 एकड़ जमीन पड़ती है, वह खराब पड़ी है क्योंकि उसमें पानी भरा हुआ है। इसलिए आज वहां पर डिच ड्रेन बनाकर उस पानी की निकासी करने की व्यवस्था की आवश्यकता है जिससे किसानों को दिक्कत न हो।

**श्री अध्यक्ष :** कृपया बताएं कि यह पानी कितने साल से रिस रहा है।

**श्री धीरपाल सिंह :** स्पीकर सर, यह तो आपको भी पता है, मुझे भी पता है। (शोर) स्पीकर सर, एक बात मैं मुख्यमंत्री जी की जानकारी में और लाना चाहूंगा कि आदरणीय श्री खुर्शीद अहमद जी ने भी कहा कि पीछे जो डिच ड्रेन या दूसरी ड्रेनें थी, मुझे पहली बार देखने का मौका मिला कि ट्रैक्टर के साथ में पहले कल्टीवेटर या हैरो से जुताई की गई। उसके बाद गोड़ी लगा करके उसके किनारों पर भी थोड़ी गोड़ी मारी गई जिससे यह लगे कि नहर की सफाई हुई है। जो छोटी ड्रेन थीं, जो लिंक ड्रेन थीं, उन पर खास करके यह काम हुआ है। उनके किनारों पर गोड़ी से रगड़ मार दी गई और एक ही दिन में कई किलोमीटर लम्बाई की मिट्टी निकाली हुई दिखा दी गई। उसका परिणाम यह हुआ कि हरियाणा प्रदेश में भयंकर बाढ़ आई। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जहां-जहां पर भयंकर बाढ़ आई रोहतक में, सोनीपत में, भिवानी में, जींद में और हांसी सब डिविजन में इन इलाकों में नहरों की सफाई करने की आवश्यकता है। मैं मुख्य मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि कुछ कलानौर का इलाका और कुछ महम का इलाका दोनों ऐसे हल्के हैं यहां पर पहले कभी पानी की निकासी की आवश्यकता नहीं हुई इसलिए वहां पर कोई ड्रेन नहीं खोदी गई क्योंकि वहां पर पहले कभी पानी आया ही नहीं। महम का और कलानौर का इलाका जब से बसा है इन दोनों के बसने के बाद इन इलाकों में कभी पानी नहीं आया। पहली बार वहां पर बाढ़ के पानी ने बहुत ज्यादा तबाही की है जिसके कारण वह दोनों इलाके 20 साल पीछे चले गए हैं। इसलिए मेरी मुख्यमंत्री जी से प्रार्थना है कि उन दोनों इलाकों के लिए ड्रेन्ज की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा मैं यह भी कहना चाहूंगा कि ड्रेन नम्बर 8 और के० सी० ड्रेन तथा दूसरी लिंक ड्रेंज की जो मेरे हल्के में हैं उनकी सफाई करना बहुत ही आवश्यक है। स्पीकर साहब, इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान ग्रहण करता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया।

**श्री सत नारायण (जुलाना) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके जरिए बताना चाहता हूं कि हरियाणा के अन्दर नई सरकार बनने के बाद लोगों ने सुख की सांस ली है। हरियाणा प्रदेश के अन्दर अब 24 घंटे बिजली रहती है। ड्रेनों की खुदाई शुरू हो गई है। आपको मैं यह भी बताना चाहूंगा कि पिछली सरकार के समय में पिछले साल जो भयंकर बाढ़ हरियाणा प्रदेश के अन्दर आई उसके कारण हुए नुक्सान का उस सरकार ने मुआवजा बांटने में बहुत धांधली की। जिन लोगों के खेत बाढ़ के पानी में डूब गए जिन लोगों की फसलें बर्बाद हो गई उन लोगों को मुआवजा नहीं मिला। कुछ लोगों को जो कांग्रेस पार्टी के चहेते थे या जिन लोगों ने पटवारियों को पैसा दे दिया उनको मुआवजे का ज्यादा पैसा दिया गया। इसके अलावा मैं एक बात यह भी कहना चाहता हूं कि 10 नवम्बर, 1988 को तत्कालीन सरकार ने हमारे जुलाना में

[श्री सत नारायण ]

आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दिलाना चाहूंगा कि जुलाना बस अड्डे को जल्दी से जल्दी बनाया जाए। इसके अलावा मेरे हल्के में सड़कों की बहुत बुरी दुर्दशा है उनकी मुरम्मत कराई जाए। इसके अलावा मेरे हल्के में पीने के पानी की कमी है उसको पूरा किया जाए। इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान ग्रहण करता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया।

**श्री जय सिंह राणा (नीलोखेड़ी)** : अध्यक्ष महोदय, महामहिम राज्यपाल महोदय ने कल यहां हॉउस में इस सरकार द्वारा तैयार किया हुआ अपना अभिभाषण पढ़ा और उस पर चौधरी जसवंत सिंह जी ने जो धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया उस पर चर्चा चल रही है। मैं उसके बारे में अपने विचार प्रकट करने के लिए खड़ा हुआ हूं। अध्यक्ष महोदय, यह सरकार जो 15 दिन पहले बनी है इसने जनता से बहुत बड़े-बड़े वायदे करके जनादेश हासिल किया है। अब देखना यह है कि यह सरकार अपने वायदों पर कितना खरा और पूरा उतरती है। चौधरी बंसी लाल जी पहले भी काफी लम्बे समय तक हरियाणा प्रदेश के मुख्य मंत्री रहे हैं और अब फिर मुख्य मंत्री बने हैं। हमारे कुरुक्षेत्र, करनाल और अम्बाला जिलों के लोगों की हमेशा यह सोच रही है कि जब-जब चौधरी बंसी लाल जी हरियाणा प्रदेश के मुख्य मंत्री रहे हैं जब-जब इन्होंने हरियाणा का नेतृत्व सम्भाला है, हमारे इलाके के साथ मतभेद किया है उन लोगों के हितों की अनदेखी की है और इस अभिभाषण में पढ़ने से भी यह पता चलता है। चुनावों से पहले चौधरी बंसी लाल जी जब हमारे इलाके में दौरे पर आये थे तो लोगों से वायदा किया था कि दादूपुर नलवी-लाडवा इरीगेशन स्कीम मेरे समय की स्कीम थी, आप मेरा राज ला देंगे तो फिर हम इस योजना को लागू करेंगे। परन्तु राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में इस स्कीम के बारे में कहीं कोई जिक्र नहीं है। मैं चाहता हूं कि पुरानी बातों को छोड़ कर चौधरी बंसी लाल जी हमारे इलाके की तरफ ध्यान दें। अभी इस सरकार को बने हुए 15 दिन हुए हैं। यह सरकार करनाल, कुरुक्षेत्र और अम्बाला जिलों को ध्यान में रखकर दादूपुर-लाडवा इरीगेशन स्कीम पर क्या कार्यवाही करने जा रही है और कब तक इस कार्य को शुरु करवाएंगे, वह बताएं क्योंकि चौधरी बंसी लाल जी चुनाव के पहले जिस क्षेत्र में जाते रहे जैसी जैसी उन क्षेत्र की समस्याएं थीं लोगों की तकलीफें थीं वायदे किए कि मैं उनको पूरा करूंगा। मैं चाहता हूं कि चौधरी साहब अपने वायदों को पूरा करना शुरू करवायें। जैसे करनाल और अम्बाला बी० एम० लाईन से लिंक नहर यमुना कैनाल, आगुमैन्टेशन कैनाल निकलती है उस नहर के साथ साथ जब ये पहले मुख्य मंत्री थे तो उस वक्त बहुत गहरे ट्यूबवैल लगा कर पानी को भिवानी ले गए जिस कारण उस इलाके में पानी का लैवल नीचे चला गया। अब वहां पर 70-70 फुट और 100-100 फुट पर भी पानी नहीं मिलता। लोगों ने 100-100 फुट पर मोटरें रखी हुई हैं। डीप ट्यूबवैलज लगने से किसानों का नुक्सान हुआ है। जिन लोगों की मोटरें नीचे हैं बाढ़ के दिनों में उनमें गैस बन जाती है और करंट लग जाते हैं जिस कारण हर साल कुछ लोगों की मौत हो जाती है। बंसी लाल जी वायदा करके आये थे कि अगर मैं मुख्यमंत्री बन गया तो इन डीप ट्यूबवैल्ज को बंद कर दूंगा। मैं इनको याद दिलाना चाहता हूं कि मुख्य मंत्री अपने वायदों को पूरा करें और मैं इस सरकार के बारे में कोई लम्बी बात नहीं करना चाहता क्योंकि अभी इस सरकार को बने हुए केवल 15 दिन हुए हैं। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि जो वायदे चाहे वह शराब बंदी का हो या दूसरी समस्याओं का हो, पूरा करें। अगर सरकार अपने वायदों को पूरा करती है तो हम सरकार का धन्यवाद करेंगे और सरकार के अच्छे कामों में सहायता करेंगे अगर नहीं करेगी तो हम सरकार का विरोध भी करेंगे। एक बात की तरफ और मैं बंसी लाल जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि चुनावों से पहले ये कहा करते थे कि मैं गंगा का पानी हरिद्वार के भीम गोडा से सीधा करनाल, कुरुक्षेत्र और दूसरे जिलों को लाकर दूंगा। इसके लिए राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में जिक्र है कि गंगा से नहर लायेंगे।

पहले ये कहा करते थे कि मैं गंगा का पानी हरिद्वार के भीम गोडा से सीधा करनाल, कुरुक्षेत्र और दूसरे जिलों को लाकर दूंगा। इसके लिए राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में जिक्र है कि गंगा से नहर लायेंगे। स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से मुख्य मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि वे हाउस में आश्वासन दें कि यह नहर कब तक पूरी हो जाएगी और इससे हरियाणा के लोगों को कब तक पानी मिल पाएगा। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से पीने के पानी की बात है। पिछली सरकार ने तकरीबन प्रत्येक गांव तक पीने का पानी पहुंचा दिया था। अध्यक्ष महोदय, बहुत से लोग हमारे प्रदेश में विभिन्न डेरों और ढाणियों में बसते हैं जहां पर कि पीने का पानी अभी नहीं पहुंचा है। चौधरी भजन लाल की सरकार ने यह निर्णय लिया था कि हम सभी डेरों और ढाणियों तक भी पीने का पानी पहुंचाएंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहूंगा कि वह डेरों तथा ढाणियों तक पीने का पानी पहुंचाने का भी प्रबन्ध करे और जो लोग पीने के पानी से वंचित हैं उनको भी पानी मिले।

अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से चुनाव से पहले यह वायदा किया गया था कि प्रदेश में 24 घण्टे बिजली की सप्लाई की जाएगी। बिजली की सप्लाई से मेरा क्षेत्र जुड़ा हुआ है क्योंकि इस क्षेत्र के लोग ज्यादातर कृषि पर निर्भर हैं और इस इलाके में बहुत अच्छी फसल पैदा होती है। इस इलाके में धान गेहूं और ईख की फसल बहुत अच्छी होती है। अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि जीरी की फसल में पानी की बहुत ज्यादा जरूरत होती है। आजकल हमारे यहां जीरी लगाने का सीजन चालू होने वाला है और कई जगहों पर जीरी का काम हो भी रहा है। जीरी के सीजन में बिजली की बहुत जरूरत होती है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा कि वह अपने वायदे को पूरा करे तथा किसानों के ट्यूबवैल्ज को 24 घण्टे बिजली की सप्लाई मिले। किसान की नज़र आज बिजली की 24 घण्टे सप्लाई पर लगी हुई है और वह इंतजार कर रहा है कि सरकार का यह वायदा कब पूरा होता है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्य मन्त्री महोदय को सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि इस प्रदेश के लोगों से जो वायदे किये हैं क्या वे पूरे किये जाएंगे या केवल सत्ता में आने के लिए ही वायदे किए गए हैं।

जहां तक नशाबन्दी का ताल्लुक है, सरकार ने इस बारे में जो निर्णय लिया है उसका हम स्वागत करते हैं लेकिन इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहूंगा कि जिस प्रकार इस प्रदेश में अफीम और भुक्की पर पाबन्दी थी और कहीं पर कोई दुकान नहीं थी लेकिन अफीम और भुक्की स्टेट में चलती रही। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कहीं पाबन्दी के होते हुए भी शराब ना बिकती रहे। अगर ऐसा हुआ तो फिर नशाबन्दी का कोई मतलब नहीं रह जाता। मैं सरकार से यह कहना चाहता हूं कि चुनाव से पहले जो वायदे जनता में किए गए हैं वे महज़ चुनावी वायदे ही न रह जाएं। राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में जिन बातों का जिक्र किया गया है उन वायदों को पूरा करने के लिए सरकार ठोस कदम उठाए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि हम करना चाहते हैं, यह हो जाएगा, या हम प्रयत्न करेंगे। इस सरकार की उपलब्धियों को तभी माना जाएगा जब ये काम पूरे हो जाएंगे। अध्यक्ष महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे गवर्नर एड्रैस पर बोलने का मौका दिया।

**श्री देवराज दीवान (सोनीपत)** : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। अध्यक्ष महोदय, मैं सोनीपत हल्के से चुनकर आया हूं और वहां के लोगों की भावनाओं को यहां पर व्यक्त करना चाहता हूं। सभी सम्मानित सदस्य जानते हैं कि इस बार हरियाणा की जनता ने चौधरी बंसी लाल जी को समर्थन दिया है और यह सोच कर समर्थन दिया है कि चौधरी बंसी

[श्री देवराज दीवान]
लाल जी हरियाणा के विकास से जुड़े हुए हैं और इन्होंने जो वायदे किए हैं उनको पूरा करके दिखाएंगे। आज सोनीपत हल्के में पीने के पानी की बहुत भारी किल्लत है, वहां के 3/4 हिस्से में पीने का पानी ही नहीं है। जितने हिस्से में भी पानी है उसके आधे हिस्से में तो चार-चार फुट खड्डे करके पानी निकाला जाता है। ( इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए) उपाध्यक्ष महोदय, वह हल्का पानी के बारे में कई सरकारों ने नज़रअंदाज किया। पिछली सरकार के वक्त में भी मैंने चौधरी भजन लाल जी को वहां के उस समय के सदस्य द्वारा कहलवाया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई और न ही उस तरफ कोई ध्यान दिया गया। वहां पर कम से कम 20 गांव ऐसे हैं जहां पर वहां की औरतों को एक-एक और डेढ़ डेढ़ किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ता है। आजकल गर्मियां हैं और जहां से वे पानी लेने जाती थीं वहां पर भी पानी कम हो गया है। मैं यह चाहता हूं कि वहां पर पानी देने की यह सरकार कोई व्यवस्था करे। उपाध्यक्ष महोदय, वहां के लोगों की नज़र इस सरकार की तरफ है। आज वहां पर सीवरेज सिस्टम भी बंद पड़ा हुआ है और बरसातें आने वाली हैं। वहां पर 2-3 मशीनें तो खड़ी हैं लेकिन वह कोई काम नहीं कर रही हैं, मेरा सरकार से निवेदन है कि इस तरफ भी ध्यान दिया जाए। हालांकि वहां पर सबको उम्मीद है कि इस सरकार के रहते हुए वहां पर पानी आ जाएगा।उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक बात बताना चाहता हूं कि मैं निर्दलीय चुनाव जीतकर आया हूं और वहां के बुजुर्गों ने मुझे कहा था कि अगर आप किसी को समर्थन दें तो सिर्फ चौधरी बंसी लाल जी को ही दें वरना आप निर्दलीय ही रहें। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि वे चौधरी बंसी लाल जी को जो इन्होंने वायदे किए हैं, पूरा करने की शक्ति दें। धन्यवाद।

**श्री कैलाश चन्द्र (नारनौल) :** उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैं हरियाणा राज्य की सबसे बड़ी पंचायत के मुख्य मंत्री चौधरी बंसी लाल जी को और यहां पर उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यगण को, जो चुन कर आए हैं, बधाई देता हूं और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं करता हूं कि जिनको पांच साल के लिए काम करने का मौका जनता ने दिया है वे अपने अपने क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा कार्य करें और ज्यादा से ज्यादा सम्मान लें। मैं सबसे पहले उपाध्यक्ष महोदय के जरिए मुख्य मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि नारनौल हल्के के साथ सबसे ज्यादा अन्याय होता आ रहा है क्योंकि हरियाणा में ऐसा कोई भी जिला नहीं है जहां पर सब्जी मण्डी या अनाज मण्डी न बनी हो लेकिन सिर्फ एक महेन्द्रगढ़ जिला ही ऐसा है जो सबसे ज्यादा पिछड़ा हुआ है। सरकार भी कहती है कि यह पिछड़ा हुआ है, कागजों में भी इसको पिछड़ा हुआ घोषित किया हुआ है और वास्तव में यह पिछड़ा हुआ है भी लेकिन इतना होते हुए भी हरियाणा के हर जिले में तो सब्जी मण्डी या अनाज मण्डी की सुविधा है लेकिन नारनौल में ऐसी कोई सुविधा पिछले कई सालों से घोषित होने के बावजूद भी आज तक नहीं है। यह बात मैं उपाध्यक्ष महोदय के नोटिस में लाना चाहता हूं कि सरकार इस ओर अवश्य ध्यान दे। इसी प्रकार से जैसे अभी मेरे पड़ोसी भाई ने बोलते हुए कहा कि सोनीपत में चार-चार फुट पानी नीचे चला गया है लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि महेन्द्रगढ़ जिले में तो 150-200 फुट पानी कुओं से खींचकर पीना पड़ता है। मैं आपका ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि महेन्द्रगढ़ को छोड़कर अन्य जिलों में तो नहरें भी हैं और पानी के टैंक भी बने हुए हैं जिनमें यह पानी डालकर वाटर सप्लाई की जाती है और महेन्द्रगढ़ जिले में जहां पर ऊँचे-ऊँचे टीले हैं तथा जहां पर नहरें भी नहीं हैं बल्कि वहां पर तो केवल कुओं में ही बोरिंग किए जाते हैं और उनसे ही वाटर सप्लाई की जाती है। इसलिए मैं मुख्य मंत्री के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि वहां पर जो भी बोरिंग किए जाएं वह सरकार की तरफ से बिल्कुल फ्री होने चाहिएं। यह मेरी पहली मांग भी है।

इसके अलावा जो देहली से पांच सौ जहरीली फैक्ट्रियाँ उठाकर लगाने के लिए पिछली सरकार

ने फैसला किया है तो यह हमारा दुर्भाग्य ही है कि ये फैक्ट्रियाँ नारनौल के इलाके में नारनौल से रायपुर तक रोड़ पर बसे हुए तकरीबन तीस-पैंतीस गांवों की जमीनों पर लगायी जा रही हैं। जिसके लिए किसानों को नोटिस भी दिए जा चुके हैं। मेरी सरकार से गुजारिश है कि इन फैक्ट्रियों को उन गांवों की जमीन पर न लगाया जाए। मेरा ख्याल है कि गांवों में रहने वाले लोग शहरों में रहने वाले लोगों से ज्यादा जहर नहीं खा सकते क्योंकि वह खुली हवा में रहते हैं, खुले वातावरण में रहते हैं। जब ये फैक्ट्रियाँ देहली से बाहर लगायी ही जा रही हैं तो ये वहां पर क्यों लगायी जा रही हैं ~~जहां पर इतने~~ गांव बसे हुए हैं। मेरा ख्याल है कि इस बारे में पिछली सरकार ने कोई सर्वेक्षण ही नहीं करवाया है लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि वहां पर मुसरका, ढाणी रेणुंका, गवाला जाट इत्यादि दस किलोमीटर तक गांव इस रोड़ पर बसे हुए हैं। लेकिन वहां से कुछ ही दूर कम से कम दो सौ किलोमीटर तक वीरान पड़ा हुआ है, खाली पड़ा हुआ है और वहां पर बंजर भूमि है, पहाड़ी एरिया है। इसलिए मैं आपका ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि अगर वहां पर फैक्ट्रियां लगाना जरूरी ही है तो हम उनका स्वागत करते हैं लेकिन जहरीली फैक्ट्रियों को छोड़कर अच्छी फैक्ट्रियां वहां लगायी जानी चाहिएं और वह भी बंजर जमीन पर लगायी जानी चाहिएं ताकि हमारे बेरोजगार साथियों को भी रोजगार मिल सके। यह मेरा आपसे विशेष अनुरोध है क्योंकि वहां के बीस गांवों के लोग मुझ से यहां पर आने से पहले मिले भी हैं इसलिए मैं कहूंगा कि यह भूमि फैक्ट्रियों के लिए ऐक्वायर न की जाए तथा पास में जो बंजर भूमि पड़ी हुई है, वहीं पर ही ये फैक्ट्रियां लगायी जाएं।

असली बात यह है कि रोहतक में सबसे ज्यादा बाढ़ आई है और उससे सारे शहर व आसपास के शहरों का जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। वहां पानी की कमी से जीना दूभर है और दूसरी तरफ महेन्द्रगढ़ जिले में पानी की इतनी भारी किल्लत है कि पानी के लिए लोग तरसते हैं। रोहतक से दादरी, महेन्द्रगढ़ होते हुए सीधे नारनौल तक नहरें चल रही हैं और जो अभी माननीय सदस्य बता रहे थे कि दोहान और कृष्णावती नदी पर बड़े-बड़े बांध बने हुए हैं अगर रोहतक के पानी को सिर्फ नारनौल तक मोड़ दिया जाए तो उन नहरों, से जो खुदी हुई हैं, थोड़ी सी मेहनत से और 4-5 किलोमीटर जहां नहरें पहुंचती हैं उनको बढ़ा दिया जाए और उन दोनों में इस पानी को डाल दिया जाए तो हमारी नदियां वर्षा ऋतु में कंटीन्यू चल सकती हैं इधर रोहतक में जो बाढ़ की समस्या है वह भी हल हो सकती है इससे हमारे सारे बांध भर जाएंगे और नदियों में दो महीने पानी चलने से आसपास जो गांव बसे हुए हैं उन गांवों में पानी का जल स्तर ऊपर आ जाएगा। खेतों में पानी देने के लिए जो ट्यूबवैल दो घंटे चलते हैं वह चार घंटे चलने लगेंगे, आठ घंटे चलेंगे। इस तरह किसानों को पानी की व्यवस्था का फायदा हो जाएगा। उधर जो बाढ़ से तबाही होती है वह भी रुक जाएगी। उपाध्यक्ष महोदय, मेरे इस सुझाव को जरूर मानेंगे। ऐसा मुझे विश्वास है।

दूसरी बात जो चौटाला साहब ने बताई कि इस तरह से अगर तबादले होते रहे तो बहुत बुरी बात होगी तो मैं चौटाला साहब से कहूंगा कि उन्हें यह बात वर्तमान सरकार को न बता कर पूर्व सरकार को बतानी चाहिए थी। मैं इसका उदाहरण दे सकता हूं कि चुनाव के एक महीने पहले जहां जो आफीसर सरकार की जितनी हैल्प कर सकते थे वहां उतने ही तबादले हुए हैं चाहे वह संख्या एक हजार की हो, दो हजार की हो या पांच हजार की हो इसलिए उनको वापस करना बहुत जरूरी है। इसलिए मैं उपाध्यक्ष महोदय के माध्यम से सरकार को यह सुजैशन देना चाहूंगा कि जो तबादले पहले हुए और जब तक होते हैं तब तक ठीक है लेकिन जो काम करने वाले आफीसर हैं उनको काम करने की जगह पर ही रखा जाना चाहिए।

[श्री कैलाश चन्द्र ]

शराबबंदी और 24 घंटे बिजली देने के बारे में राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में जिक्र किया गया है उसको सभी जो अपोजीशन में बैठे हुए भाई हैं उन्होंने सराहा है। इसके लिए मैं मुख्य मंत्री जी को बधाई देता हूं आपने जो वायदे किए हैं उनकी शुरु में जो नींव रखी है उनको सबने अच्छा बताया है। शराबबंदी के बारे में चौधरी भजनलाल जी ने कहा है कि बहुत बढ़िया काम है लेकिन इसमें 550 करोड़ रुपये का घाटा पड़ेगा और इसी तरह से चौधरी ओम प्रकाश जी ने भी बताया है। 24 घंटे बिजली देने के लिए सभी ने भुरी-भुरी प्रशंसा की। इसका मतलब यह हुआ कि काम बहुत अच्छा है लेकिन यह काम पूर्व सरकारों से हुआ नहीं, हो नहीं सका या कर नहीं सके। अगर इस काम में वर्तमान सरकार 50 प्रतिशत अभी और बाद में धीरे धीरे सफलता पाती है तो मैं समझूंगा कि यह एक कामयाबी है और कारगर कदम है व इसके साथ ही मैं उपाध्यक्ष महोदय, आपके जरिए मुख्यमंत्री जी को बताना चाहता हूं कि पिछले कई सालों से नारनौल की सब्जी मंडी और अनाज मंडी की समस्या भी है और पीने के पानी की जो समस्या है उनको ध्यान में रखते हुए जो मैंने विचार रखें हैं उन पर अवश्य ध्यान देंगे। इसके साथ ही मैं उपाध्यक्ष महोदय को धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

**श्री उपाध्यक्ष :** सदन को मैं बताना चाहूंगा कि हमारे माननीय सदस्य कैलाश चन्द्र जी ने जो राज्य की सर्वोच्च पंचायत शब्द का प्रयोग किया, यह ठीक है, इसमें कोई गलती नहीं है। अब श्री बलवन्त सिंह बोलें।

**श्री बलवन्त सिंह (हसनगढ़) :** डिप्टी स्पीकर साहब, बहुत-बहुत धन्यवाद जो आपने मुझे गवर्नर महोदय के अभिभाषण पर बोलने के लिए कहा। मैं आपका धन्यवाद करता हूं। डिप्टी स्पीकर साहब, इस अभिभाषण के अन्दर बहुत से जिक्र आये जिनमें सबसे पहले मैं शराब बंद करने के बारे में बताना चाहता हूं कि मुख्य मंत्री जी ने जो चुनावों के दौरान वायदा किया था कि शराब बंद कर देंगे। यह अच्छी बात है। शराब बंद होनी चाहिए। लेकिन डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से एक बात कहना चाहूंगा कि जहां तक शराब बंद करने की बात कही है कि शराब के ठेके बंद किए जायेंगे इसके अलावा मुख्य मंत्री जी अपने रिप्लाई में इस बात की भी स्पष्ट करें कि गावों में जो मिलिट्री कन्टीन से भूतपूर्व सैनिकों को जो कोटे की शराब मिलती है वह क्या गांवों में जाएगी या उसको भी बंद करेंगे। इसी प्रकार से जो गांवों में पीछे जो यह प्रथा रही थी कि जहां ड्राई एरिया होता था वहां खेतों में कच्ची शराब निकालने की भट्ठियां चलाकर शराब निकाली जाती थी। उस कच्ची शराब निकालने का जो बुरा आदमी धन्धा करता था और लोगों को शराब पिलाता था वह क्या करता था कि किसी भले आदमी के खेतों में यह कच्ची शराब निकालने की भट्ठी चलाता था और उस शराब को दूसरी जगह रख देता था। क्या इससे क्रश्शन फैलने का अन्देशा नहीं है क्योंकि इससे पुलिस में केस दर्ज होंगे तो क्या पुलिस में क्रश्शन नहीं फैलेगी क्योंकि जो आदमी इसमें फसेंगे वे जब उनको कोई सहारा नहीं मिलेगा तो वे पैसे देकर पुलिस से अपना छुटकारा पायेंगे। मुख्यमंत्री जी भी इस बात को स्पष्ट करें। इसके साथ-साथ दूसरे नशाबंदी जैसे स्मैक है या अफीम है क्या इन पर भी रोक लगाने का काम करेंगे। यह अच्छी शुरुआत है अच्छा काम है। हमारे आदरणीय नेता चौटाला साहब ने और धीरपाल जी ने पहले ही जिक्र किया कि अच्छे कामों के लिए हमारी पार्टी आपको पूरा सहयोग देने के लिए तैयार है।

डिप्टी स्पीकर साहब, अभिभाषण में एस०वाई०एल० के पानी की चर्चा की गई है। आज हरियाणा प्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है यह अगर शुरुआत करेंगे तो हमारी तरफ से पूरा सहयोग मिलेगा। लेकिन मैं आपके माध्यम से मुख्य मंत्री जी से एक बात जानना चाहूंगा कि क्या ये यमुना नहर के पानी

को दिल्ली को देंगे क्योंकि उस समय भी हमारी पार्टी ने इसका विरोध किया था। वे इस बात को पूरी तरह से स्पष्ट करें कि क्या दक्षिणी हरियाणा को, रोहतक, महेन्द्रगढ़ और रेवाड़ी को उनका पानी दिया जाएगा तथा जो यमुना नहर में सिल्ट पड़ी है जिस कारण से नहर की कैपेसिटी घट गई है और रोहतक, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़ और भिवानी को जो पानी जाता है वह बहुत कम हो चुका है। इसलिए यमुना नहर से सिल्ट निकाली जाए। आदरणीय चौधरी धीरपाल जी ने भालौट माइनर, झज्जर सब-ब्रांच का और नेहरू कैनाल का जिक्र किया। डिप्टी स्पीकर सर, ये दोनों नहरें पैरलल चलती हैं। दोनों नहरों के साथ-साथ बहुत सीपेज भी है। आज इन नहरों की यह हालत है कि झज्जर सब-ब्रांच की कैपेसिटी आज एक-चौथाई हिस्सा भी नहीं रह पाई है। कागजों में पिछली सरकार के वक्त में भी और इस सरकार के वक्त में भी यह दिखाया जाता रहा है कि इसकी सिल्ट निकाली गई है, इसकी रेत निकाली गई है, इसकी गाद निकाली गई है। लेकिन मैं बताना चाहूंगा कि आज इसकी कैपेसिटी इतनी घट चुकी है कि रोहतक जिले में पानी आबपाशी में तो क्या होगा, पीने के पानी की भी वहाँ पर पूर्ति नहीं हो पा रही है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि यह मिट्टी से भर चुकी है। पानी इसके अंदर जा नहीं रहा। दुल्हेड़ा माइनर, इसराना माइनर, और भलौट माइनर का जब हम जिक्र करें तो मालूम होगा कि वे मिट्टी से इतने भरे हुए हैं, कि कहीं भी हमारे खेतों में पानी नहीं जाता है। खेतों की सिंचाई की बात तो दूर वहां तो पीने का पानी भी नहीं जाता। हम लोग शासन के अंदर आने के लिए बहुत से वायदे करते हैं। यहां तक कि सर छोटूराम का नाम लेकर राजनीतिक फायदा उठाया जाता है। बड़े-बड़े नारे लगा कर ये लोग सरकार में आते हैं। लेकिन खुद सर छोटूराम के गांव गढ़ी सांपला में जो पानी की हालत है, मुझे बड़ी शर्म के साथ कहना पड़ रहा है कि वहां पर पानी खेतों को तो क्या मिलेगा, पीने को नहीं मिल पा रहा है। उसका कारण यह है कि हमारा यमुना का पानी उधर जो जाता है, वह आजकल नहीं जा पा रहा है। जैसे कि श्री धीरपाल जी ने भी जिक्र किया और मुख्य मंत्री महोदय भी कह रहे थे कि पानी की कमी कब से आई है। मैं कहना चाहता हूं कि मेरी जानकारी के अनुसार 1972 और 1973 से नेहरू कैनाल चालू है। श्री धीरपाल जी ने उसकी सीपेज का भी जिक्र किया था। मैं यह कहना चाहूंगा कि यह चौधरी बंसी लाल के मुख्यमंत्रित्व काल की बात है। उसके अंदर 40 प्रतिशत पानी जो बंद किया गया है वह, लोहारू फीडर के अंदर जा रहा है। वह नहर रोहतक और सोनीपत जिलों के बीच में से जा रही है। उसके अंदर कोई मोरी नहीं है तथा आबपाशी का पानी नहीं दिया जा रहा है। इसके साथ-साथ नेहरू कैनाल झज्जर सब-ब्रांच के दोनों के साथ जो लीकेज है, उस लीकेज से लेकर सोनीपत जिले से होकर, रोहतक के साथ चलकर के पानी कनहैली हैड से चलकर खेलपालीपुर तक चला जाता है। इस सीपेज की वजह से वहां हजारों एकड़ जमीन बरबाद हो जाती है जिससे किसानों को काफी नुक्सान हो रहा है। मैं इस बारे में सुझाव देना चाहूंगा कि इस नहर के साथ-साथ एक डिच नहर निकाली जाए और जितना सीपेज का पानी उसके अंदर इकट्ठा होकर के आएगा, वह आगे जाकर के टेल पर दे दिया जाए। इसके साथ-साथ खेल पालीपुर से सालावास तक दूसरा जो इलाका है, उसमें जो बरानी है, वहां सीपेज का पानी ले जाकर के किसानों के खेतों में पानी देने का काम भी किया जाए। मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से विश्वास चाहूंगा कि मुख्यमंत्री महोदय अपना रिप्लाई देते वक्त इसका जिक्र जरूर करें कि वे इस डिच नहर को खुदवाने का काम करवाएंगे ? वे किस प्रकार का उसका समाधान करेंगे ? इसी प्रकार से नहरों के ऊपर जो बात आई है, दूसरे जितने माइनर्ज हैं, जैसे दुल्हेड़ा माइनर का जिक्र किया गया था, भालौट माइनर का, इसराना माइनर का, और मेरे हल्के गढ़ी सांपला का जिक्र किया गया था। मुझे बड़ी शर्म के साथ कहना पड़ता है कि गढ़ी सांपला जैसी पवित्र भूमि जो सर छोटू राम की जन्म भूमि है जिनको हिंदुस्तान ही नहीं बल्कि पाकिस्तान भी मानता था। मेरा सिर शर्म से यह कहते हुए झुक जाता है कि मैं वहां से चुनकर आया हूं। चौधरी भजन लाल उस वक्त भी

[श्री बलवन्त सिंह]

थे और उससे पहले 1986 में भी थे। चौधरी बंसी लाल पहले भी थे और आज फिर सत्ता में हैं। वे दोनों वहां जाकर के यह वायदा करके आए थे कि उस हल्के के लोगों को पीने का पानी और नहरों का पानी देने का कार्य करेंगे। डिप्टी स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से यह भी आश्वासन चाहूंगा कि वे अपने रिप्लाई में सांपला के कॉलेज का भी जिक्र करेंगे तथा इस हल्के के लोगों को वे क्या सुविधाएं देंगे, इसका भी जिक्र करें।

इसी प्रकार से बेरोजगारी की जो चर्चा की गई है, बहुत अच्छी बात है। नौजबानों को रोजगार देने की जो बात कही गई है वह सराहनीय है क्योंकि आज हरियाणा प्रदेश के अंदर नौजवान भटक रहे हैं। नौजबानों को नौकरियां नहीं मिल रही हैं। डिप्टी स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से यह भी जानना चाहूंगा कि जो धंधा ये पढ़े लिखे बेरोजगार युवक करना चाहते हैं, क्या मुख्य मंत्री महोदय अपने रिप्लाई में उनको किसी प्रकार का धंधा देने का जिक्र करेंगे ? चौधरी धीरपाल जी ने भी जिक्र किया कि वे लोन वगैरह लेकर के गाड़ी या जीप खरीदकर के अपना काम कर रहें हैं। इस संबंध में एक जुगाड़ की बात भी आई थी, क्या उन लोगों को भी परमिट देंगे जो ये जुगाड़ टाईप वाहन चला रहे हैं ? उन लोगों को भी रूट परमिट दें ताकि वे लोग अपना पेट पाल सकें। जो कर्जा ले कर कोई अपना व्हीकल ले कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं उनको आप रूट परमिट देने का काम करें। आज उन लोगों को रूट परमिट न मिलने के कारण पांच पांच और दस दस हजार रुपये जुर्माना भुगतना पड़ रहा है। यदि यह सरकार उनको रूट परमिट दे देगी तो उनको जुर्माने से छुटकारा मिल जाएगा। डिप्टी स्पीकर साहब इसके साथ साथ मैं बेरोजगारी के बारे में एक बात कहना चाहूंगा। हमारे रोहतक जिले के अन्दर बहुत सारी फैक्ट्रीज़ लगी हुई हैं और खास करके मेरी कांस्टीच्यूएंसी हसनगढ़ के अन्दर बहुत सारी फैक्ट्रीज लगी हुई हैं। जिन लोगों ने वहां पर फैक्ट्रीज़ लगाई हुई हैं उन्होंने मेरे हल्के के गांवों के किसानों की जमीन खरीद कर अपनी फैक्ट्रीज लगाई हुई हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि मेरी कांस्टीच्यूएंसी के लोग मेरे पास आते हैं और कहते हैं कि हमने भूख के कारण अपनी जमीनें इन फैक्ट्रीज वालों को दे दी और इसके साथ साथ लोग यह भी कहते हैं कि हम इन फैक्ट्रीज से फैलने वाले प्रदूषण की भी मार खा रहे हैं। हम यहां के स्थाई निवासी हैं फिर भी इन फैक्ट्रीज वाले हमें अपनी फैक्ट्रीज में नौकरी नहीं देते। वे यू०पी०और बिहार के लोगों को नौकरियां देते हैं। यह बात सही है कि उन फैक्ट्रीज में यू०पी० और बिहार के लोगों को नौकरियां मिलती हैं वहां के जो स्थाई निवासी हैं उनको उन फैक्ट्रीज में नौकरियां नहीं मिलती हैं। इस बारे में मैं मुख्य मंत्री जी को सुझाव देना चाहूंगा। फैक्ट्रीज में नौकरियां देने का एक ऐसा कानून बनाएं कि जिस इलाके में फैक्ट्रीज लगे सबसे पहले उसी इलाके के नौजवानों को उनमें नौकरियां मिलें।

डिप्टी स्पीकर साहब, सदन में नहरों के बारे में भी जिक्र आया, बेरोजगारी की बात आई और शराबबंदी की बात आई इसके साथ साथ मुख्य मंत्री जी ने बुढ़ापा पैन्शन का भी जिक्र किया। मुख्य मंत्री जी की ओर से वृद्धों को हर महीने की 7 तारीख को पैन्शन देने का वायदा किया गया है। यह बात इन्होंने अपने चुनाव घोषणा पत्र में भी कही हुई हैं। इसके अलावा बुढ़ापा पैन्शन के बारे में राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में भी जिक्र आया हुआ है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा की अगर मुख्य मंत्री जी प्रदेश के वृद्धों को हर महीने की 7 तारीख को पैंशन देने का काम करेंगे तो यह एक बहुत ही अच्छी बात है। मुझे याद है चौधरी देवी लाल जी के समय में हरियाणा प्रदेश के 8 लाख 56 हजार वृद्धों को वृद्धावस्था पैंशन मिलती थी लेकिन चौधरी भजन लाल जी की सरकार ने जहां तक मुझे जानकारी है उसको घटा कर 250 लाख कर दिया। दुर्भाग्य से मैं भी इनकी सरकार के समय यहां पर

एम०एल०ए० था। मैं जानना चाहूंगा की क्या चौधरी बंसी लाल जी उन लोगों की पैंशन को बहाल करेंगे जिनकी चौधरी भजन लाल की सरकार ने पैंशन काट दी थी। चौधरी देवी लाल जी के राज में हरियाणा प्रदेश के 8.56 लाख वृद्धों को अपने घर बैठे पैंशन मिलती थी। जब चौधरी बंसी लाल जी राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर पेश हुए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई बहस का जवाब दें तो उस समय हमें वे यह बताएं कि उसकी बुढ़ापा पैन्शन के बारे में क्या सोच है। डिप्टी स्पीकर साहब, सड़कों के बारे में यहां पर जिक्र आया। मुझे बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि हरियाणा प्रदेश की जितनी भी सड़कें हैं वे सारी की सारी बाढ़ के कारण टूटी पड़ी हैं। जिस तरह से हरियाणा प्रदेश के लोग बाढ़ के कारण परेशान हुए थे उसी तरह से आज लोग टूटी हुई सड़कों के कारण परेशान हैं।

**श्री उपाध्यक्ष :** मैम्बर साहेबान, मेरा एक निवेदन है कि ग्रुप लीडर्ज जो बातें पहले कह चुके हैं उसका रैपीटीशन न करें तो यह सबके लिए ठीक रहेगा और टाईम भी बचेगा। यह सब के लिए ठीक रहेगा। बोलने वाले का आलोचनात्मक दृष्टिकोण के स्थान पर रचनात्मक दृष्टिकोण हो और नई बातें सामने लाएं तो यह बहुत अच्छा रहेगा। नई बातें हाउस के सामने आनी चाहिए। सड़कों की बात पहले सदन में आ चुकी है। नहरों की बात पहले आ चुकी है। मेरा तो यह सुझाव है बाकी आपको बोलने का पूरा अधिकार है आप बोलें।

**श्री बलवंत सिंह :** डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके सुझाव की कद्र करता हूं लेकिन लोग हमें यहां चुन कर भेजते हैं तो हमें यहां पर उनकी तकलीफों का जिक्र करना पड़ता है। मैं मुख्य मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि बाढ़ के दौरान प्रदेश की जितनी सड़कों की बहुत बुरी दुर्दशा हुई है उनकी मरम्मत करने के लिए आप कोई समय जरूर निश्चित करें कि प्रदेश की टूटी हुई सड़कें कब तक तैयार कर दी जाएंगी। इसके साथ साथ मैं यह भी जानना चाहता हूं कि एस०वाई०एल० नहर का पानी हरियाणा प्रदेश में कब तक ला दिया जाएगा। मुझे इस बात का डर है कि पिछले पांच साल में लगातार यहां हाउस में यह कहा जाता रहा कि 6 महीने में एस०वाई०एल नहर का पानी हरियाणा प्रदेश में ला दिया जाएगा और 6 महीने में टूटी हुई सड़कों की मरम्मत कर दी जाएगी, क्या बंसी लाल जी भी उसी तरह से वहीं वायदा तो नहीं करेंगे कि सभी कार्यों के लिए 6-6 महीने का टाईम दे दे करके पूरे पांच साल निकाल दें।

**प्रो० राम बिलास शर्मा :** डिप्टी स्पीकर साहब, नानी खसम कर गई तो उसका दोहते क्यों दण्ड भरें। आप वह पिछले पांच साल हमारे पीछे क्यों लगा रहे हैं। यह सरकार तो इतनी तड़कदार है जो आपको रोज का हिसाब देगी आप चिन्ता न करें।

**श्री बलवंत सिंह :** डिप्टी स्पीकर साहब, मैं सडकों के बारे में सुझाव देना चाहता हूं जितनी भी हमारी एप्रोच रोड हैं उनकी बहुत बुरी हालत है। उन पर से गुजरना बहुत मुश्किल है क्योंकि सड़कों के दोनों तरफ काबली कीकर होने की वजह से रास्ते नहीं रह गए है इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि इन काबली कीकरों को तुरंत कटवाया जाये। वहां से कार-मोटर तो दूर साईकल पर से भी गुजरना मुश्किल होता है। इसी प्रकार से मेरा सुझाव है कि जो ड्रेनेज हैं, उनकी सफाई करवाई जाये। सरकार कहती है कि ड्रेनेज की सफाई का काम शुरु कर दिया गया है जबकि मुझे तो कहीं पर किसी ड्रेन की सफाई होती नजर नहीं आयी। मेरे हल्के में चाहे पाकसमा या गान्धरा ड्रेन है, उसकी सफाई नहीं हो रही। उनके अन्दर अभी भी कीकर खड़ी हैं मैं यह जानना चाहता हूं कि उनकी सफाई कब तक कर दी जाएगी क्योंकि बारिश का समय आने वाला है। हमें शंका है कहीं बाढ़ दुबारा से आकर उसी प्रकार की तबाही न कर दे जैसे पहले की है। इसलिए मैं चाहूंगा कि इनकी जल्दी से जल्दी सफाई कराई जाये। इसी प्रकार से चौधरी देवी लाल जी के समय में गांवों में जो रिंग बांध बांधे गए थे उनको दुबारा से बांधा जाये। इसके

[श्री बलवंत सिंह]
अलावा मैं यह ध्यान में लाना चाहूंगा कि आज हमारे हरियाणा के नौजवान बेरोजगार होकर भटक रहे हैं, उनको रोजगार देने के लिए सरकार को कोई न कोई आवश्यक कदम उठाना चाहिए जिससे वे अपना रोजगार कर सकें। इसी प्रकार मैं सरकार का ध्यान लाटरी के बारे में दिलाना चाहता हूं। लाटरी के द्वारा नौजवानों को लूटा जा रहा है। मेरी सरकार से मांग है कि लाटरी को तुरंत बंद कर दिया जाये ताकि प्रदेश के बच्चों के साथ किसी प्रकार का कोई खिलवाड़ न होने पाये। इसी प्रकार से मैं शिक्षा की तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं। मेरी शिक्षा मंत्री जी से प्रार्थना है कि वे मेरे हल्के में स्कूलों को अपग्रेड करने की तरफ विशेष ध्यान दें। उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसलिए मैं आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

**श्री मनी राम गोदारा :** डिप्टी स्पीकर साहब, जब मैं पहले बोल रहा था तो उस वक्त मेरे दिमाग में यह बात नहीं थी कि चौधरी धीरपाल जी बोल रहे हैं और अभी उन्होंने और बोलना है। मैं उस वक्त कह रहा था कि जो बातें हमारी पार्टी इस एड्रैस के अन्दर लायी हैं वे सारांश में 4-5 पेज के अन्दर लेकर आई है। जो बातें आज हमारे आनरेबल मैम्बर्ज ने कही हैं, वे सारी की सारी बातें हमारे मैनीफैस्टो की ही बातें हैं और मैनीफैस्टो की बातों का ही संक्षिप्त रूप में गवर्नर महोदय के अभिभाषण में जिकर किया गया है। अभी बोलते हुए राम बिलास शर्मा जी ने ठीक कहा कि नानी खस्म करे और दोहते दण्ड भुगतें। कहने का मतलब यह है कि पहली सरकार तो खस्म करके बैठ गयी और लोगों ने उनके खिलाफ फतवा भी दिया कि आज इस चुनाव के अन्दर ही नहीं सारे देश के चुनाव के अन्दर ही कांग्रेस पार्टी के खिलाफ, जिसका नाम है क्रश्शन, बेईमानी, भ्रष्टाचार और लूट उसके सिवाय उनके पास कोई चीज नहीं, अपना मैनडेट दिया। चाहे उस मैनडेट को हम समता पार्टी के रूप में मान लें या जो मैजोरिटी हमें और हमारे गठबंधन को मिली है उस को मान लें यानि हम यह मान सकते हैं कि कांग्रेस पार्टी के खिलाफ और समता पार्टी या हमारे गठबन्धन को वह मैनडेट जनता ने दिया है। मुझे खुशी है कि इसी भ्रष्टाचार और बेईमानी को ध्यान में रखते हुए सारे देश के अंदर जनता ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ मैनडेट दिया है। कांग्रेस पार्टी का जो भी रूप रहा है चाहे वह कांग्रेस के प्रधान मंत्री रहे हों या कांग्रेस के मुख्य मंत्री रहे हों। उसका एक सिरे से दूसरे सिरे तक एक ही रूप था। जो जनता ने मान्यता दी है चाहे वह मान्यता दी है समता पार्टी के रूप में चाहे मान्यता दी है हमारी पार्टी के गठबंधन के रूप में, उससे मुझे खुशी है कि जनता ने हमारे हक में अपना फैसला दिया और हमने चौधरी बंसी लाल जी को अपना नेता चुना। समता पार्टी के जो नेता कह रहे हैं कि बेरोजगारों को रोजगार, हरियाणा के अन्दर पीने के पानी की व्यवस्था, चौबीस घण्टे बिजली देने की व्यवस्था और कानून व्यवस्था तथा जात-पात के भेदभाव के बिना राज होना चाहिए। हम ऐसा ही करेंगे। आज हम कह सकते हैं कि लोगों के मैनडेट के मुताबिक, लोगों की भावनाओं के मुताबिक चौधरी बंसी लाल और भारतीय जनता पार्टी की गठबन्धन सरकार ने जो संकल्प किया हुआ है, उस संकल्प के मुताबिक यह सरकार काम कर रही है। इस संकल्प के अन्दर दिशा है। अगर कोई यह सोचे कि किसी हरिजन को वहां नहीं लगाया, किसी जाट को वहां नहीं लगाया, किसी ब्राह्मण को वहां नहीं लगाया, किसी बनिये को वहां नहीं लगाया, यह हमारी सोच नहीं है। यह उस छोटे दिमाग की सोच है जिन्होंने उस छोटी सोच और छोटे दिमाग के कारण हरियाणा को बदनाम कर दिया जब कि यह छोटा सा हरियाणा सारे देश के अन्दर अपने विकास के लिए जाना जाता था। आज कोई कहे कि मैंने फलां चीज़ बना दी, फलां नाम पर या जाति-पाति के नाम पर बना दी, आज कोई कहे कि फलां अफसर को लगा दिया या फलां अफसर को हटा दिया तो यह गलत बात है। जाति-पाति के नाम पर किसी को सुरक्षा देने की बात आए, या जाति पाति के नाम पर किसी की बहन बेटी की इज्ज़त लूटी जाए,

बड़ी शर्म की बात है। राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए चाहे कोई कुछ भी कहे। जो लोग सारे देश के अन्दर यह कहते हैं कि अमूक पार्टी कम्यूनल है, जो जाति-पाति की बात करते हैं उनकी अपनी सोच क्या है। दूसरों को कम्यूनल कहने वाले भाई खुद क्या सोचते हैं। आज सैक्युलरिज़्म की बात करने वाले या सैक्युलरिज़्म में रहने वाले लोगों की क्या सोच है। लेकिन हम आज इस बात का दावा कर सकते हैं कि हमारे देश के अन्दर हमने इन चीज़ों को कभी भी महसूस नहीं किया। ये सैक्युलरिज़्म का दावा करने वाले लोगों ने 1984 में दिल्ली के अन्दर तीन हज़ार सिखों को बाज़ारों और सड़कों पर जला कर रख दिया और जलाने वालों ने इसका जवाब तक नहीं दिया कि उन्हें क्यों जला दिया गया। उस वक्त राजीव गांधी जी ने यह कहा था कि जब कोई बड़ा द्रखत गिरता है तो धरती काम्पती है। इसलिए जो भाई आज कहते हैं कि आज विकास पार्टी और भारतीय जनता पार्टी का गठबन्धन है, उनकी सोच चाहे कुछ भी हो, भारतीय जनता पार्टी को अछूत मान कर चाहे कोई भी बात कह कर राजनीतिक रोटियां सेकें, यह गलत है। हमारी पार्टी का यह विश्वास नहीं है। विकास पार्टी का विश्वास है कि सैक्यूलरिज़्म के अन्दर जो किसी और की सोच है वैसी सोच हमारी नहीं है। उसको एक्सप्लेन करने का अपना ढंग हो सकता है लेकिन हमारी अपनी सोच यह है कि हम इस पार्टी के साथ शामिल हो कर हरियाणा के विकास के मामले में सबसे पहले हरियाणा के अन्दर बेईमानी और भ्रष्टाचार को खत्म करना है, हरियाणा के विकास की बात करना है। हमारे कॉमन मैनिफैसटो के अन्दर यह चीज़ बिल्कुल एक जैसी मिली जुली है। डिप्टी स्पीकर साहब, इस मामले के अन्दर मैंने पहले अपील की कि जो भी सुझाव आएं वे सुझाव कन्स्ट्रक्टिव हों। जो सुझाव कन्स्ट्रक्टिव होंगे, हरियाणा के विकास से सम्बन्धित होंगे, हरियाणा के हर आदमी के फायदों के लिए होंगे, हरियाणा के भले के होंगे, चाहे वह नौजवान का भला हो, कानून-व्यवस्था का भला हो, चाहे रोज़गार देने की बात हो, चाहे पानी की बात हो, चाहे शिक्षा की बात हो, सरकार उसके लिए काम करेगी। इन सारी बातों के बारे में हमारी सोच एक है और इसी सोच को ले कर हम चल रहे हैं। मैं आपको विश्वास के साथ कहता हूं कि यही हमारी सोच नीचे से ले कर ऊपर तक है और पार्टी के नाते भी यही सोच है। जनता ने हम पर जो विश्वास किया है वह हमारी इसी सोच के कारण ही किया है। इन लोगों को यह मालूम होना चाहिए कि जो हरियाणा विकास पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के गठबन्धन के बारे में बात कहते हैं, उन्हें यह विश्वास होना चाहिए कि हमारी सोच राजनैतिक है। हमारे मैनिफैस्टो और गवर्नरज़ एड्रैस में यह बात नहीं आई लेकिन वह जनता के एक-एक आदमी तक पहुंच गई है। उसका रूप जनता के एक-एक आदमी तक पहुंचाया गया है। जनता के एक-एक आदमी तक जो मंशा पहुंचाई गई, जो सोच पहुंचाई गई उसी के मुताबिक जनता ने अपना फैसला दिया। आज यह नहीं कहा जा सकता कि हम माइनोरिटी में हैं। जनता ने जो अपना वर्डिक्ट दिया है, वह इनकी पार्टी के खिलाफ दिया है। जनता ने सही रूप में अपनी वर्डिक्ट हरियाणा विकास पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के गठ-बन्धन को दिया है और उसको लोगों ने विश्वास दिया है। इसके लिए हमें खुशी भी है और फक्र भी है कि हमने लोगों की भावनाओं को आकर्षित किया है। अभी बोलते हुए कुछ सदस्यों ने जो सुझाव

13-00 बजे दिए हैं उन पर हम गौर करेंगे। उपाध्यक्ष महोदय, राणा साहब ने बोलते हुए कहा कि क्या सरकार शराब बंद करेगी, अफीम और चर्स बेची जाती है उसको भी बंद करेगी। तो मैं इनको यह कहना चाहूंगा कि यह तो हमारी सरकार का पहला काम है। और हम इसको हरियाणा में बंद करेंगे। इस सब को चलाने वाले जो सरदार हैं वे ये हैं (श्री भजन लाल जी की तरफ इशारा किया गया।) उस पार्टी के सरदार को हम विश्वास दिलाते हैं कि हम इस प्रकार की चीज़ों को बंद करेंगे। **I will be the first person to take action against those.** **(इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए।)** अध्यक्ष महोदय, इस मामले में चौधरी बंसी लाल जी कहते थे कि जब मैं मुख्यमंत्री पद की शपथ लूंगा तो उसके आधे घंटे में शराब बंदी

[श्री मनीराम गोदारा]
take action against those. (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए।) अध्यक्ष महोदय, इस मामले में चौधरी बंसी लाल जी कहते थे कि जब मैं मुख्यमंत्री पद की शपथ लूंगा तो उसके आधे घंटे में शराब बंदी का हुक्म दूंगा। तो मैं यह बताना चाहता हूं कि जब उनकी गवर्नमैंट बनी और महामहिम के सामने जब उन्होंने औथ ली तो उन्होंने सबसे पहले यही हुक्म किया था कि हरियाणा में पहली जुलाई से शराब बन्द होगी। (विघ्न) चौटाला साहब ने कहा कि इसमें पैसे लिए गए और उन्हें मालूम है कि किसने पैसे लिए और किसने दिए। अगर हाउस की सहमति हो तो मैं उन ठेकेदारों को यहां पर लाकर खड़ा कर दूं और वे ही बता देंगे कि किस ने पैसे लिए। मैं यह भी बता दूंगा कि वहां पर किस-किस के रिश्तेदार हैं।

अध्यक्ष महोदय, इन्होंने जो इम्प्रैशन लिया है कि हम शराब बन्दी लागू कर सकेंगे या नहीं, मैं इनको बताना चाहता हूं कि हम उसको पूरी कानूनी व्यवस्था और कानूनी शक्ति से बंद करेंगे, कोई लट्ठ मार कर बंद नहीं करवाएंगे। इसके साथ मैं इनको भी यह कहना चाहूंगा कि इसको लागू करने के लिए क्या ये हमें कोई सहायता देंगे, या कोई सुझाव देंगे।

**श्री ओमप्रकाश चौटाला :** इसके लिए तो सारा हाऊस ऐग्री है।

**श्री मनीराम गोदारा :** ठीक है, जहां ऐग्री किया है वहां कुछ और बातें भी कही हैं कि ब्राह्मण ऑफिसर लगा दिया, जाट लगा दिया और अन्य किसी जाति का लगा दिया। लेकिन स्पीकर सर, हम अच्छे काम करने वाले लोग हैं इसलिए हमारे विभाग के अंदर किसी भी ऑफिसर के लिए कोई भेदभाव नहीं है।

**श्री ओमप्रकाश चौटाला :** आप उनको योग्यता के आधार पर लगाईये। लेकिन अगर आपकी सोच गलत होगी तो उसके परिणाम भी गलत ही निकलेंगे।

**श्री मनीराम गोदारा :** हमें जो लोगों का विश्वास मिला है उसके बारे में मैं सभी आनरेबल मैम्बर्ज को विश्वास दिलाता हूं कि हम वह विश्वास अपनी मंशा से खत्म नहीं करेंगे। गलती से अगर कुछ हो जाए तो वह अलग बात है लेकिन अपनी मंशा से हम ऐसा कुछ नहीं करेंगे कि वह विश्वास खत्म हो जाए। आज भी हम इस विश्वास को लेकर ही आपके सामने खड़े हैं। (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** मेरी सभी माननीय सदस्यों से प्रार्थना है कि अगर उन्हें अपनी कोई भी बात कहनी हो तो वे चेयर को ऐड्रैस करके अपनी बात कहें।

**श्री मनीराम गोदारा :** अध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा था कि हमें यह एप्रीहैन्शन है कि राजस्थान के अंदर शराबबंदी नहीं है, दिल्ली के अंदर, चण्डीगढ़ के अंदर, हिमाचल प्रदेश के अंदर और यू०पी० के अंदर शराबबंदी नहीं है, इसलिए यह हो सकता है कि इन राज्यों से शराब की स्मगलिंग हो। एक ऐलीमैन्ट ऐसा हो सकता है कि वह इस तरह के हालात पैदा करने की कोशिश करे। लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम उस ऐलीमैन्ट को खत्म करने के लिए किसी तरह की कमजोरी नहीं बरतेंगे। चाहे हमारे ऊपर पोलिटिकल प्रैशर ही क्यों न हो, चाहे कोई पर्सनल प्रैशर क्यों न हो और चाहे जात-पात का प्रैशर क्यों न हो, उसको हम आगे नहीं आने देंगे। हमारी यह सीधी मंशा है क्योंकि शराबबंदी के बारे गांव की एक अनपढ़ औरत से लेकर हरियाणा के सबसे ऊंचे पद यानी चीफ सैक्रेटरी मि० गुप्ता की पत्नी की भी यही मंशा है कि हम इसको खत्म करें। इसलिए मैं इसी मंशा के साथ आपसे कहता हूं कि हम इसको खत्म करेंगे। हमारी करोड़ों बहिनों, बेटियों एवं माताओं की यही मंशा है और उनका आशीर्वाद भी हमारे साथ है और उस आशीर्वाद पर हम भरोसा भी करते हैं। उनको आप पर व चौधरी भजनलाल

जी पर भरोसा नहीं हुआ। चाहे भले ही उनके पड़ौस में बहिन जी बैठी हैं मगर उनको भी भरोसा पैदा नहीं हुआ है। इसलिए मैं कहता हूं कि इस मामले में हमने एक विश्वास के साथ यह पोलिसी मैटर का फैसला लिया है। हम पानी या अन्य किसी भी मामले में डिफरैंस नहीं समझते। जो लोग आज एस०वाई०एल० या यमुना जल समझौते की बात कर रहे हैं कि जो यह फैसला हुआ है उसमें हमें डर है कि इसके अंदर हरियाणा का नुक्सान न हो जाए। लीडर ऑफ दी अपोजीशन ने भी यही बात कही है लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हरियाणा विकास पार्टी पानी के मामले में कहीं भी हरियाणा का नुक्सान नहीं होने देगी। यह समझौता तो बहुत पहले हुआ है जबकि हमारी सरकार तो बाद में बनी है। लेकिन मैं आज भी इस बात को कहता हूं कि हरियाणा के इंट्रैस्ट की पानी की एक भी बूंद हम किसी स्टेट में नहीं जाने देंगे, किसी के साथ हम किसी भी तरह का ऐसा समझौता नहीं करेंगे। अगर हमें जरूरत पड़ी तो हम इस मामले के अंदर आपका भी सहयोग मांगेंगे, सहयोग लेंगे और सहयोग के लिए रिक्वैस्ट करेंगे। इसलिए यह ऐप्रीहैन्शन करना कि गवर्नर महोदय के ऐड्रैस में यह चीज नहीं है, वह चीज नहीं है, ठीक नहीं है। मैंने पहले भी आपसे अर्ज किया था कि बहुत जल्दी में हमने यह किया है क्योंकि हर एक की मंशा यही थी कि हम सभी मैम्बर्ज को पहले जल्दी ही शपथ दिलवा दें ताकि उनकी मैम्बर के रूप में फंक्शनिंग शुरू हो जाए।

इसलिए उस वक्त हमारी उस नीति के मुताबिक हमारे आनरेबल गवर्नर महोदय उसे संक्षिप्त रूप में आपके सामने ऐक्सप्लेन कर सके। लेकिन जो मोटे रूप में हमारी नीति है उसके बारे में आज हरियाणा में एक-एक बच्चा जानता है और एक-एक बच्चे को विश्वास है कि आज गांवों के अंदर 24 घंटे बिजली दी जाती है आप जाकर देख लें। गांव के अंदर लोगों को विश्वास है कि सुरक्षा अगर हमें मिलेगी तो वह चौधरी बंसी लाल के राज में मिलेगी। आज प्रदेश के लोगों को यह भरोसा है, आप जाकर गांवों में पूछ लें। आप तो कहते हो कि 16 करोड़ रुपये खा गए। यह बात कौन कहता है ? उसने ला तो सही मेरे धौरे। हम या तो उसनै कसम खवावां या हम कसम खांवा। मेरे कहने का मुद्दा यह था कि हमारे हाउस की परम्परा यह बनाओ कि हम यहां बैठकर विश्वास के साथ कह सकें कि यह मैंने कहा, यह मैंने किया और यह मैं करूंगा और उसके बारे में जनता को विश्वास हो। मुझे विश्वास हो कि जो आप कहते हो वह करोगे, जो कहोगे वह होगा। अब तक 10-15 साल से झूठ का राज चलता रहा। अब लोग उस झूठ से तंग आ गए। उस झूठ के राज की बिनाह पर ही क्या पता लोगों ने हमको वोट दिए हों। लोग इनके झूठ से तंग आ गए थे इसलिए लोगों ने हमें वोट दिये। छह महीने में नहर आई, तीन महीने में नहर आई, तेरो काम दो महीने में हो जागो। मेरे छोरे के सिर पर हाथ रख कर कहता हूं अगर तेरो काम न होवै तो तूं मेरी नाक काट लिए। अब वो नाक कटावे कोनी, बताओ मैं क्या करूं। कहते थे कि राजनीति छोड़ दूंगा, फांसी लगा लूंगा। (हंसी)

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है।

**श्री मनीराम गोदारा :** आपका किस बात का प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है।

**श्री भजन लाल :** यह पूछना स्पीकर का काम है आपका काम नहीं है। स्पीकर साहब की मर्जी है कि वे मेरे प्वांइट ऑफ ऑर्डर को मानें या न मानें। अध्यक्ष महोदय, गोदारा जी बहुत पुराने मैंबर हैं, बहुत ही सीनियर हैं लेकिन असैम्बली में बहुत सालों के बाद आए हैं। इन्होंने पहले बोलते हुए कहा कि तीन दफा मेरी वजह से हाउस में नहीं आया।

**श्री अध्यक्ष :** यह कोई प्वांयट ऑफ आर्डर नहीं है।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, मैं इसलिए कह रहा हूं कि यो बोल रहे थे। इतना गलत बोलना उचित नहीं है कि लोग झूठ के राज से तंग आ गए थे। हरियाणा में पिछले 5 सालों में बहुत बिकास का काम हुआ है।

**श्री अध्यक्ष :** भजन लाल जी, यह कोई प्वांइट ऑफ आर्डर नहीं है। आप बैठ जाइए।

**श्री मनीराम गोदारा :** तो मैं कह रहा था कि जहां तक सतलुज-ब्यास के पानी की बात है, नहरों के पानी की बात है, यमुना के पानी की बात है, इन सारी बातों का अध्यक्ष महोदय, आपकी मार्फत विश्वास दिलाता हूं कि एक बड़ी सोच, मंशा और इस बात की एक पूरी तरह से डैडीकेशन की भावना के साथ हमने फैसले किए हैं और लोगों के सामने रखे हैं। उस डैडीकेशन के मामले में कितनी कामयाबी हमको मिलती है, वह तो परमात्मा ही देगा लेकिन जिस नीयत के साथ हमने जो नीतियां बनाई हैं उनके मुताबिक मैं यह कहता हूं कि हमारी नीयत बिल्कुल साफ है, क्लीयर है, बिल्कुल सच्ची है, बिल्कुल पक्की है। उस बात पर हम कितना कायम हो सकते हैं वह तो काम करने के बाद ही सिद्ध हो सकता है। जैसा आनरेबल मैम्बर चौधरी ओमप्रकाश चौटाला जी ने कहा यह हो सकता है कि सारे काम प्रर्फैक्टली न हों क्योंकि आखिर मशीनरी तो वही है जिस मशीन के अन्दर कहीं तो पुर्जे तोड़े होंगे, तेल नहीं डाला होगा, कहीं जर आ गई होगी इनकी यह बात सही हो सकती है लेकिन हम चलायेंगे, देखते हैं कि ठीक ढंग से चलती है या नहीं। हो सकता है आहिस्ता चले यह भी हो सकता है कि पहले की सरकार ने मशीनरी में प्लास्टिक के पुर्जे लगा रखे हों तो वे तो टूटेंगे ही चाहे कम्पनी फेल हुई हो या नहीं। (विघ्न) हम चाहते हैं कि स्टील के पुर्जे लगें। मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। हरियाणा की जनता ने जो हमारे जिम्मे यह काम लगाया है मैं आनरेबल मैम्बर्ज को और सारे हाउस को यकीन दिला सकता हूं कि हमारी नीयत में किसी तरह की कमी नहीं आयेगी और जो हमने नीति बनाई है उसको पूरी करके दिखायेंगे। हमारी यही मन्शा है।

**श्री नरेन्द्र सिंह (अटेली) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करना चाहूंगा कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। सर्वप्रथम तो मैं आपको और डिप्टी स्पीकर महोदय को सर्वसम्मति से चुने जाने पर अपनी तरफ से हार्दिक बधाई देता हूं और सम्मान के योग्य सभी सदस्यों को चुन कर आने पर हार्दिक मुबारिकबाद देता हूं। स्पीकर साहब, मैं आपका ध्यान एक बात की तरफ दिलाना चाहूंगा कि सदन के अन्दर लगभग 50 सदस्य ऐसे हैं जो नये हैं और पहली बार चुनकर इस विधान सभा में पहुँचे हैं। मेरे विचार से लोकसभा की तरह यहाँ भी ऐसी कोई व्यवस्था होनी चाहिए जिससे कि इस सदन में हाउस के प्रोसीजर के बारे में, मोशंज के बारे में, डिस्कशंज के बारे में और प्वांइट ऑफ आर्डर के बारे में नये सदस्यों को जानकारी मिल सके। बहुत से सदस्य ऐसे हैं जिनमें मैं भी शामिल हूं, जिन्हें विधान सभा का अनुभव नहीं है। पुराने सदस्यों को तो इस बात का ज्ञान है। मैं आपसे उम्मीद करूंगा कि आप नये मैम्बरों के लिए कोई व्यवस्था अवश्य करेंगे ताकि उनको कानून-कायदों और हाउस के बारे में जानकारी हो सके। जहां तक महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के समर्थन का सवाल है, हमारी पार्टी के नेता माननीय चौधरी भजनलाल जी ने कल खुले रूप से मुख्यमंत्री जी को विश्वास दिलाया था कि जहां साकारात्मक कार्य होंगे, जहां पोजिटिव वर्क होंगे, उन सब कार्यों में हमारी पार्टी की तरफ से आपको पूरा सहयोग मिलेगा और ऐसी हर बात के लिए हम आपके साथ हैं। जहां तक नशाबन्दी का मामला है मुझे विश्वास है कि हरियाणा विकास पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के गठबन्धन की सरकार इस बात का पूरा ख्याल रखेगी और नशाबन्दी को पूरी तरह से लागू करेगी। इसके साथ-साथ मैं यह भी चाहूंगा कि केवल हरियाणा में ही नहीं बल्कि पड़ौसी राज्य जैसे राजस्थान है और दूसरे राज्य हैं उनकी सीमा हमारे

लिए आपको बहुत सी बातें करनी पड़ेंगी कि किस तरह से उनके आने-जाने पर रोक लगाई जायेगी। मेरे से अधिक माननीय मुख्यमंत्री जी इस बारे में जानते होंगे। जैसे गुजरात के अन्दर अवैध शराब शायद ठेकों से अधिक हर दुकान और हर मौहल्ले में बिकती है। मैं उम्मीद करता हूं कि सदन के नेता इस बात का पूरा-पूरा अवश्य ख्याल रखेंगे। इसके साथ ही गठबन्धन के विषय में जो अभिभाषण में जिक्र आया उस बारे में मैं बताना चाहता हूं कि यह सरकार जो भाजपा और हरियाणा विकास पार्टी के गठबन्धन से सत्ता में आयी है, जिनका मार्च में गठबन्धन किया जाए और अप्रैल में चुनाव हो जायें तो यह आत्माओं का मिलन नहीं, पार्टियों का मिलन नहीं यह तो केवल सत्ता प्राप्ति के लिए आपस में हाथ मिलाना है। यह देख कर कि किस विषय पर लोग कौन सी पार्टी को चाहते हैं क्योंकि 1987 में यही भारतीय जनता पार्टी लोकदल से हाथ मिला कर सत्ता में आयी थी और कुछ समय सत्ता का सुख भोगा था। आज वही पार्टी हरियाणा विकास पार्टी के साथ हाथ मिलाकर सत्ता में आयी है। इसका मतलब इस पार्टी का अपना कोई असूल नहीं है। सिर्फ यह देखना कि कौन सी पार्टी सत्ता में आ सकती है, कौन सी विपक्ष मजबूत है, ये उसी पार्टी से हाथ मिला लेते हैं। मैं सदन के नेता को विश्वास दिलाना चाहूंगा कि बेशक आपकी गठबन्धन की पार्टी आपका साथ न दे या आपकी सरकार से समर्थन वापिस ले ले लेकिन जायज कामों में साकारात्मक कार्यों में हमारी कांग्रेस पार्टी की तरफ से आपको पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। जहां तक बेरोज़गारों को रोज़गार देने का सवाल है, यह बहुत अच्छा विषय है। हमारी सरकार ने भी इस विषय पर बहुत ही सकारात्मक कार्य किया है। मैं सदन के नेता से माननीय अध्यक्ष महोदय के माध्यम से पूछना चाहता हूं कि जो इनकी पार्टी के घोषणा पत्र में यह बात कही गई थी कि हम बेरोज़गारों को रूट परमिटस देंगे, एजैंसियां देंगे, क्या उसको पूरा करेंगे ? अगर आप ऐसा करेंगे तो हम उस बात का समर्थन करते हैं क्योंकि देहातों में बड़ी संख्या में पढ़े लिखे बेरोज़गार युवक हैं। मैं उम्मीद करूंगा कि सदन में इस विषय से संबंधित कोई प्रणाली या नई स्कीम लाई जाए और सरकार रोज़गार के साधन बेरोजगारों के लिए जुटाए, क्योंकि देहातों में हमारे पढ़े लिखे नौजवान कर्जा लेकर अपना धंधा करते हैं। उनके लिए रोज़गार के अवसर पैदा किए जाएं। ट्रांसपोर्ट सोसाइटीज़ जिनको सहकारी बैंकों से करोड़ों रुपए का लोन देकर रूट के परमिटस इशू किए गए हैं, हो सकता है उनमें से कुछ सोसाइटीज़ वाएबल नहीं हो पाई हों, उनके बारे में मैं माननीय सदन के नेता को बताना चाहूंगा कि उन सोसाइटियों के परमिट अवश्य बढ़ाए जाएं या उनके लिए कोई ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे उनको घाटा न हो वे अपना कार्य सुचारू रूप से चला सकें। कई जगह बेरोज़गारों को ये रूटस परमिट नहीं मिल सके, यदि मिले हैं तो छोटे रूटस के ही मिले हैं। मैं यह अधिकारियों की कमी कहूंगा। जैसे महेन्द्रगढ़ और रिवाड़ी जिलों में रूट परमिट देने में भेदभाव हुआ है। मैं खुद महेन्द्रगढ़ जिले से आता हूं। उस जिले के लोगों को छोटे रूट परमिट दिए गए हैं जो कि बिल कुल वायेबल नहीं है। वे सोसाइटियां घाटे में चल रही हैं। मेरा कोआप्रेटिव बैंक से संबंध रहा है, इसलिए मैं इस बारे में सब कुछ जानता हूं कि उनको किस-किस प्रकार की दिक्कतें आ रही हैं। मैं उम्मीद करूंगा कि आप उनके परमिट्स की अलाटमैंट में विशेष ध्यान देंगे ताकि बेरोजगारों को दिक्कत न आए। विकास के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि पिछली सरकार की देहातों में जो विकास की स्कीमें चल रही थीं, मैं उम्मीद करूंगा कि यह सरकार उन स्कीमों को प्राथमिकता देगी। केवल यह समझकर कि यह तो कांग्रेस पार्टी की चलाई हुई स्कीमें हैं, उनको अनदेखा नहीं करेगी। पार्टी चाहे कोई भी हो, विकास के कार्य यथावत् चलने चाहिएं। मैं बताना चाहता हूं कि मेरी नॉलेज में एक बात आई है कि विकास की राशि जो हमारे जिले के गांवों के लिए गई थी, उसके वापिस मंगवाने के लिए मौजूदा सरकार की तरफ से एक चिट्ठी जारी हुई है। मेरा अनुरोध है कि वह पैसा वापिस न लिया जाए। विकास का कार्य हर प्रकार से होना चाहिए। पिछली सरकार के समय में जो कुछ विकास के कार्य हमारे जिले में चल रहे थे,

[श्री नरेन्द्र सिंह]

प्रकार से होना चाहिए। पिछली सरकार के समय में जो कुछ विकास के कार्य हमारे जिले में चल रहे थे, जैसे अटेली बस स्टैंड का कार्य और मार्किट कमेटी का कार्य, वे कार्य कुछ दिनों से बंद पड़े हैं, मैं उम्मीद करूंगा कि अधिकारियों को आदेश दिए जाएं कि वे उन सभी कार्यों को सुचारू रूप से चलाएं। साथ ही साथ मैं यह भी कहूंगा कि उन अधिकारियों का जवाब तलब किया जाए कि वे कार्य अब तक कैसे पैंडिंग पड़े हैं। इसके साथ साथ बुढ़ापा पैंशन के विषय में हमारी सरकार की जो उपलब्धियां थीं, उसके बारे में कहना चाहता हूं। हो सकता है कि अब कई और बुजुर्ग बेचारे 60 साल के हो गए होंगे। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि कृपया आप गांवों में इस बारे में उनकी जांच करवाएं और यह सर्वे करवाएं कि कितने व्यक्तियों ने 60 साल की आयु पूर्ण कर ली है। इसके साथ ही जो हैंडीकैप्ड या विधवा बहनें हैं उनके बारे में मेरी मांग है कि उनकी तरफ विशेष ध्यान दिया जाए। आपकी सरकार ने यह वायदा भी किया हुआ है कि हर महीने की 7 तारीख को बुढ़ापा पैंशन इत्यादि उनके घर पहुंचा दी जाएगी, इसको भी पूरा करें। इसके अतिरिक्त परिवहन के विषय में मैं बताना चाहता हूं कि देहातों में बहुत से ऐसे गांव हैं जहां पर लोगों की यह शिकायत है कि उनके यहां रोडवेज़ की बसें नहीं पहुंचती हैं। उन यात्रियों में मुलाजिम, कॉलेज के छात्र व छात्राएं शामिल हैं। इससे अवैध वाहनों को बढ़ावा मिलता है। मुख्यमंत्री महोदय को मैं आपके माध्यम से अर्ज करना चाहता हूं कि ऐसे क्षेत्रों का सर्वे करवाया जाए, जहां हरियाणा रोडवेज़ की बसें नहीं पहुंच रही हैं जिसकी वजह से मुलाजिमों, कॉलेज की छात्राओं व छात्रों को परेशानी आ रही है। इसी से जुड़ी एक बात और मैं करना चाहता हूं कि माताओं व बहनों के लिए भी विशेष रूप से बसों के अंदर आवश्यक निर्देश जारी कर उनके लिए सीटें आरक्षित की जाएं, क्योंकि बसों में कॉलेज की छात्राएं आमतौर पर खड़ी रहती हैं और उनके साथ शरारती तत्वों द्वारा अभद्र व्यवहार या छेड़खानी की घटनाएं होती रहती हैं। अगर उनके लिए सीटें सुरक्षित हो जाएं तो उन पर बहनें और माताएं आराम से बैठ सकेंगी। उनको आराम हो जाएगा। इस बात का आप अवश्य ध्यान रखें। इसके साथ मैं परिवहन विभाग और पुलिस विभाग के बारे में कहना चाहूंगा। इन दोनों महकमों के लोगों के व्यवहार में सुधार होना चाहिए। आज हालत यह है कि कोई भी सभ्य आदमी बस के अन्दर बैठ कर या थाने में जा कर यह उम्मीद नहीं कर सकता कि सामने वाला पुलिस अधिकारी या पुलिसमैन या बस का कंडक्टर और ड्राईवर उससे सभ्य व्यवहार करेगा। इस विषय में सरकार की ओर से आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं कि किसी भाई को, बुजुर्ग को चाहे वह कोई वी०आई०पी० है, चाहे वह कोई साधारण आदमी है और चाहे वह किसी गांव का आदमी है, उसको इन दोनों महकमों के लोगों की तरफ से सम्मान मिलना चाहिए। लोगों को सम्मान देना हर अधिकारी और कर्मचारी का फर्ज भी बनता है। उनका नैतिक कर्त्तव्य भी बनता है। इन दोनों महकमों के लोग सभ्य आदमियों के साथ बहुत ही रूढ़ बीहेव करते हैं। किसी सभ्य आदमी को पुलिसमैन या बस के कंडक्टर ड्राईवर से बात करने की हिम्मत नहीं पड़ती। आम आदमी तो दूर की बात है इन दोनों महकमों के लोग एम०एल०ए० तक की परवाह नहीं करते। इस तरफ सरकार को पूरा ध्यान देना चाहिए। जहां तक एस०वाई०एल० कैनाल की बात है, इस कैनाल के बारे में मैं बहुत लम्बे समय से सुनता आ रहा हूं कि यह कैनाल जरूर बनेगी। एस०वाई०एल० नहर का पानी, खास करके महेन्द्रगढ़ और रिवाड़ी जिलों में, जो दक्षिणी हरियाणा कहलाता है वहाँ पर पहुंचेगा। उन ईलाकों के कुओं का जल स्तर 150 या 200 फुट नीचे जा चुका है। हरियाणा का 80 फीसदी किसान देहातों में रहता है, जिनका मुख्य साधन केवल खेतीबाड़ी है। किसानों को आज नहरी पानी की बहुत ज्यादा किल्लत आ रही है। मैं यह मांग करता हूं कि जब तक उन जिलों में एस०वाई०एल० नहर का पानी न पहुँचे तब तक इरीगेशन सिस्टम द्वारा नहरी पानी जोकि हमें महीने में कुछ दिन ही मिलता है, रैगुलर इरीगेशन सिस्टम के द्वारा प्रदेश

के दूसरे जिलों की नहरों के पानी में कटौती करके उन दोनों जिलों के किसानों को पानी दिया जाए। मैं मुख्य मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि वे उन दोनों जिलों के पिछड़े हुए किसानों का विशेष रूप से ध्यान रखेंगे और उन लोगों की नहरी पानी की प्रोब्लम को दूर करेंगे। इसके साथ-साथ मैं एक बात यह भी कहना चाहूंगा कि टेल एंड का जो इलाका है जैसे हमारे यहाँ नांगल चौधरी का इलाका है, वहाँ पानी पहुंचने में बहुत दिक्कत आती है। मुख्य मंत्री जी से मेरी प्रार्थना है कि वे मेरे इलाके में बिजली की वोल्टेज और पानी के प्रेशर का पूरा-पूरा ध्यान रखेंगे, इसकी मुझे पूरी उम्मीद है। प्रदेश में 24 घंटे बिजली देने की इस सरकार द्वारा घोषणा की हुई है। मुझे उम्मीद है कि यह सरकार इस बात को अवश्य पूरा करेगी। प्रदेश के किसानों को तो खास तौर पर 24 घंटे बिजली मिलनी ही चाहिए। उद्योगों को चाहे आप प्राइवेट सैक्टर से ले कर दें और चाहे आप उनकी बिजली में कटौती करें लेकिन किसानों को बिजली पूरी मिलनी चाहिए। किसानों को अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए बिजली चाहिए। किसानों को अपने बच्चों की शादियों करने के दौरान बिजली चाहिए। इस सरकार की ओर से यह घोषणा भी की गई थी कि ट्यूबवैल की बिजली का कनैक्शन 24 घंटे में या बहुत जल्दी दिया जाएगा। इस बात पर सरकार की तरफ से सही अमल नहीं हो पाया है। मेरे इलाके के अन्दर अब भी बिजली की बहुत प्रोब्लम है। मेरे इलाके में अब भी बिजली में कटौती चल रही है। मैं उम्मीद करूंगा कि माननीय मुख्य मंत्री जी इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे। आप इस विषय में आवश्यक निर्देश जारी करें कि उस इलाके की डेली रिपोर्ट आपके पास पहुंचे जिससे यह पता लगे कि वास्तविकता में मेरे जिले में कितनी बिजली पहुंच रही है। इसके साथ-साथ मैं एक बात यह भी कहना चाहूंगा कि गांवों के अन्दर जो कम्पलेंट सैंटर बनाए हुए हैं उनके अन्दर बिजली कर्मचारी अकसर शराब पीए हुए बैठे रहते हैं। सरकार उनके बारे में ऐसा कोई इन्तजाम करे कि रात के समय में उनकी चैकिंग की जाए ताकि यह पता लग सके कि वे लोग ड्यूटी पूरी देते हैं या नहीं देते। इसके अलावा जो ट्रांसफार्मर जल जाते हैं मैं उनके बारे में सरकार का ध्यान दिलाना चाहूंगा। आज के दिन यह हालत है कि 10-10 दिन या हफ्ते-हफ्ते तक जले हुए ट्रांसफार्मर नहीं बदले जाते हैं। यदि हम उनके बारे में एक्सीयन या एस0डी०ओ० से बात करते हैं तो उनका जवाब होता है कि उनके पास ट्रांसफार्मर जलने की रिपोर्ट नहीं पहुंची है। इस बारे में मैं कहना चाहूंगा कि सरकार कोई ऐसा सिस्टम बनाए कि गांव के किसान जब भी ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत कम्पलेंट सैंटर में करें, वह 24 घंटे के अन्दर एक्सियन ऑफिस या एस०डी०ओ० ऑफिस में पहुंच जाए ताकि किसानों को ट्रांसफार्मर की कोई प्रोब्लम न रहे। राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में उद्योगों के विषय में जिक्र किया हुआ है। हमारे देहात के अन्दर सरसों और कपास की फसलें ज्यादा पैदा होती हैं। इसलिए मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि सरकार मेरे हल्के में एक जिनिंग मिल और एक सरसों का तेल निकालने के लिए मिल लगाए। हमारी कांग्रेस पार्टी की सरकार ने मेरे हल्के में सरसों के तेल का मिल मंजूर करके उसका शिलान्यास किया हुआ है। मुझे उम्मीद है कि यह सरकार उसका काम शीघ्रातिशीघ्र पूरा कराएगी। शिक्षा के विषय में मैं सदन के नेता को मुबारिकबाद देना चाहूंगा कि उन्होंने एक बहुत ही काबिल आदमी प्रोफैसर राम बिलास शर्मा जी को शिक्षा मंत्री बनाया है। मैं उनसे उम्मीद करता हूँ कि शिक्षा के स्तर में कांग्रेस पार्टी की सरकार ने नकल रोकने के लिए जो कड़े पग उठाए थे और जो सुझाव दिये थे, वे उस विषय को बनाए रखेंगे। इसके साथ-साथ वे बच्चों के रिजल्टस का भी ध्यान रखेंगे।

जहाँ तक ला एंड आर्डर का सवाल है, इस समय सदन के नेता सदन में मौजूद है इसलिए इस विषय में मैं उनको थोड़ा सा बताना चाहूंगा कि दिनांक 15-5-1996 को शिव कालोनी नारनौल के अन्दर रविन्द्र कुमार सपुत्र श्री जयनारयण शर्मा के ऊपर जानलेवा हमला किया गया। उसके बारे में मुकदमा नं० 164 अन्डर सैक्शन 459 दिनांक 15-5-96 आई०पी०सी० के तहत दर्ज है। उन लोगों की अभी तक

[श्री नरेन्द्र सिंह]

कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। यह मालूम नहीं हो पाया है कि किन लोगों ने जान लेवा हमला किया। वे बच्चों को उठा ले जाना चाहते थे। रवीन्द्र शर्मा के दोनों हाथ पैर तोड़ दिए गए जो कि आज भी हस्पताल के एमरजेंसी वार्ड में एडमिट हैं। इसी प्रकार से 18-5-1996 को थाना कनीना में जो कि मेरे बड़े भाई जगदीश साहब जी के हल्के में आता है वहां पर गोलियां चली और चार आदमी घायल हुए, डकैती का प्रयास किया गया। यह भी दिनांक 18-5-1996 अन्डर सैक्शन 459 आई०पी०सी० आर्म्ज एक्ट के तहत मुकदमा नं० 88 दर्ज है। इसके बारे में भी आज तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। मैंने आज भी थाने में फोन करके मालूम किया था कि आया कोई गिरफ्तारी हुई या नहीं। मैं चाहूंगा कि सरकार इस तरफ ध्यान दे। आपने अखबारों में भी पढ़ा होगा कि पानीपत में भी एक पत्रकार पर और उसकी पत्नी पर जानलेवा हमला हुआ। इसी प्रकार से इसमाइला के अन्दर भी बस कन्डैक्टर की हत्या हुई, उसका भी पता नहीं लग पाया। मैं चाहूंगा कि सरकार इन सब बातों पर ध्यान दे और शासन को चुस्त-दुरूस्त करे। मैं समझता हूं कि ऐसी घटनाएं जो घट रही हैं वे यहां के लोगों के द्वारा न कर के बाहर से लोग आकर करते हैं। मैं चाहूंगा कि सरकार ऐसा कोई प्रबंध करे कि ऐसे लोग हमारे प्रदेश में प्रवेश न कर पाएं। मैं एक बात यह भी कहना चाहूंगा कि जब हम छोटे-छोटे थे और स्कूल में पढ़ते थे तो एक बात चलती आ रही थी कि हरियाणा के अन्दर मेवात डिवैल्पमेंट बोर्ड बनाया गया है और अभी पीछे शिवालिक बोर्ड बनाया गया था। इस संबंध में मैं आपके माध्यम से सदन के नेता से गुजारिश करना चाहता हूं कि इसी प्रकार का एक अहिरवाल विकास बोर्ड बनाया जाए जिसमें महेन्द्रगढ़, रिवाड़ी और दूसरे जिलों के विकास के काम हों क्योंकि वहां के किसान बहुत ही पिछड़े हुए हैं। वहां पर जब किसी अधिकारी को बदला जाता है तो एक बार वह सुस्त हो जाता है और उसके मन में यह बात आती है कि सजा के तौर पर उसे पिछड़े हुए इलाके में भेज दिया गया है। मैं चाहता हूं कि सरकार उस एरिया की तरफ अधिक ध्यान दे। जो हमारा पिछड़ा हुआ इलाका है, उसको डिवैल्प करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें और उसके लिए अहिरवाल विकास बोर्ड बनाया जाए या वह दक्षिण हरियाणा विकास बोर्ड के नाम से बनाया जाये। मैं एक बात और मुख्यमंत्री जी के नोटिस में लाना चाहता हूं कि जब वे 1986 के अन्दर मुख्य मंत्री थे तो उस वक्त अपने हाथों से बाबा खेता नाथ पोलिटैक्निक कालेज की आधारशिला रख कर आये थे। आने वाली सरकार ने बाद में उस कालेज का नाम बदल दिया। वहां के लोगों की भावना बाबा खेता नाथ जी के साथ जुड़ी हुई हैं क्योंकि वे बाबा एक धार्मिक व्यक्ति थे। उस इलाके के लाखों लोग उनकी पूजा करते हैं, उनमें श्रद्धा रखते हैं। मैं आपके माध्यम से सदन के नेता को यह बताना चाहता हूं कि वह आपका अपना किया हुआ वायदा है और आपका लगाया हुआ पत्थर है। इसलिए मैं चाहता हूं कि लोगों की भावनाओं को देखते हुए बाबा खेतानाथ के नाम से राजकीय पोलिटैक्निक कॉलेज अवश्य खोला जाए और उसका नाम वही रखा जाए। यदि कोई इस में कानूनी अड़चन आती है तो मैं चाहूंगा कि कोई नया बड़ा इन्स्टीच्यूशन बाबा के नाम से खोला जाये। इसी प्रकार से मैं ध्यान दिलाना चाहता हूं कि संजय महाविद्यालय अटेली के सरकारीकरण के लिए कांग्रेस की सरकार ने घोषणा की थी। उसके लिए लैटर भी जारी हो चुका था, लैटर पहुंच भी गया था लेकिन मुझे नहीं पता कि किन कारणों से इसे रोक दिया गया है। मैं चाहूंगा कि आम जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार इस तरफ ध्यान दे। इस कालेज को वहां की संस्था भी देना चाहती है तो फिर क्यों कोई रुकावट खड़ी की जाए। इसी प्रकार से मैं चाहूंगा कि नारनौल के अन्दर बाईपास बनाये जाने की बहुत सख्त आवश्यकता है। वहां पर आये दिन महीने में दो-चार एक्सीडैंट होते हैं क्योंकि आजकल बड़े-बड़े जो ट्रेले चले हुए हैं जिनमें लोहे या सीमेंट का भारी सामान जाता है तो उस चौराहे पर काफी देर तक

रास्ता जाम हो जाता है। वहाँ पर बाई पास के लिए सर्वेक्षण भी हो चुका था और बनाने की इन्स्ट्रक्शन भी जारी हो चुकी थी। मैं चाहूंगा कि सरकार इस बात पर अवश्य गौर करेगी कि किस बजह से वह काम रूका। इसी प्रकार से हरियाणा के हर जिले के अन्दर बस डिपोज हैं। भिवानी के अन्दर दो बस डिपोज हैं। माननीय हुकम सिंह भी एक बस डिपो बना गए थे। हमारे इलाके के किसी के मुख्यमंत्री बनने की कोई उम्मीद नहीं है। इसलिए मैं सदन के नेता से गुजारिश करता हूं कि हमारे जिले में भी बस डिपो बनाया जाये क्योंकि जब हर जिले में बस डिपो है तो हमारे जिले के साथ यह भेदभाव क्यों। वहाँ पर बस डिपो अवश्य बनाया जाये क्योंकि यह वहाँ के लोगों की जायज माँग है। इसी प्रकार से वहाँ पर डी-बोरिंग मशीन भेजने की सख्त आवश्यकता है क्योंकि वहाँ पर नीचे पत्थर आदि आ जाने के कारण किसानों का काफी पैसा खराब हो जाता है लेकिन कामयाबी नहीं मिल पाती। किसानों का ट्यूबवैल लगाने का 20-30 और 50 हजार रुपये तक खर्च हो जाता है लेकिन फिर भी पानी नहीं मिल पाता। इसलिए मैं सदन के नेता से निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार इस तरफ अवश्य ध्यान देकर आवश्यक निर्देश जारी करे कि वहाँ पर डी-बोरिंग मशीन अवश्य भेजी जाये। इसी प्रकार से मैं सरकार का ध्यान कृष्णावती और दोहान नदी के बारे में दिलाना चाहता हूं। मुख्यमंत्री जी अच्छी तरह से जानते हैं कि राजस्थान से जो नदी जाती है, उस पर उन्होंने बाँध बना लिया है जिससे सारा पानी रोक लिया गया है। पहले हमारे इलाके के अन्दर जो पानी आता था उससे पानी का जल स्तर उँचा उठता था लेकिन अब पानी राजस्थान के अन्दर रुका रहता है और हमारा इलाका सूखा रहता है। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबन्धन की सरकार है जब कि राजस्थान में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है इसलिए मैं आशा करूँगा कि सरकार हमारे इलाके में पानी की व्यवस्था अवश्य करेगी ताकि लोगों को राहत मिल सके। इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करूँगा।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, पिछली सरकार के बारे में 2-3 बातें आई हैं इसलिए मैं पाँच मिनट का समय लूँगा।

**श्री अध्यक्ष :** चौधरी भजन लाल जी, आप एक मिनट के लिए बैठिए। इस विषय पर काफी चर्चा हो चुकी है। लीडर आफ दि हाउस और लीडर आफ दि अपोजीशन दोनों से मेरा अनुरोध है कि अगर ये फिर भी अपनी पार्टी से एक-एक आदमी को बुलवाना चाहते हैं तो सत्तापक्ष और विपक्ष से एक-एक सदस्य बोल ले।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, कांग्रेस पार्टी की तरफ से 6 सदस्य बोलें हैं, इन्दिरा कांग्रेस के 3 में से 2 सदस्य बोले हैं और जिस पार्टी की स्ट्रैंग्थ 24 की है उन में से आपने केवल 5 सदस्य को बोलने का अवसर दिया है। (विघ्न) हम तो समझते थे कि आप बड़ी उदारता दिखाएंगे।

**श्री अध्यक्ष :** चौधरी साहब, ऐसी कोई बात नहीं है। यह तो रिकार्ड की बात है कि आपके कितने लोगों को कितना टाईम दिया गया है और दूसरों को कितना समय दिया गया है।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** आप टाईम फिक्स कर दीजिए। जिस दल के जितने सदस्य हैं उसके हिसाब से टाईम तकसीम कर दीजिए ताकि हमेशा के लिए यह प्रथा कायम हो जाए। हम यही चाहते हैं।

**श्री अध्यक्ष :** इस सैशन में तो इसमें थोड़ी दिक्कत है लेकिन आगे विचार किया जा सकता है।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** स्पीकर सर, फिर इस सैशन में हमें हमारा हक कैसे मिलेगा। या तो जिस ढंग से आपने उदारता दिखाई है हमारे भी जितने सदस्य बोलना चाहें बोलें क्योंकि कई नये सदस्य आए हैं उनकी मेडन स्पीच होनी है, इसलिए उनको अवसर दिया जाना चाहिए। आप दूसरों को तो बहुत

[श्री ओम प्रकाश चौटाला ]
समय दे रहे हैं लेकिन हमारे साथ भेदभाव क्यों। आप तो विपक्ष में रहे हुए आदमी हैं, इसलिए आपको विपक्ष को ज्यादा समय देना चाहिए और उनकी भावनाओं का आपको ध्यान रखना चाहिए।

**प्रो० राम बिलास शर्मा :** स्पीकर सर, कल गवर्नर एड्रैस पर एक नई रिवायत आपने इनके आग्रह पर आरम्भ की थी कि उस पर चर्चा आज ही होनी चाहिए। सदन के नेता ने इसको स्वीकार किया और चर्चा कल आरम्भ हुई थी। (विघ्न)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** मेरा आग्रह नहीं था मैनें तो कल जाना था और मैं चला गया था।

**प्रो० राम बिलास शर्मा :** आपने तो जाना था लेकिन बाकी हाउस तो था। इनकी पार्टी के केवल दो माननीय सदस्य सरदार जसबिन्द्र सिंह और चौधरी भागी राम ही थे बाकी कोई था ही नहीं। आवाज़ लगाते रहे कि कोई बोलने वाला हो तो आ जाए लेकिन कोई बाहर से नहीं आया। स्पीकर सर, इसका मतलब यह है कि इनकी रुचि ही नहीं है।

**श्री बंसी लाल :** स्पीकर साहब, हमें कोई ऐतराज़ नहीं जिनको ये बुलवाना चाहते हैं, उन्हें आप बोलने दें।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** जब हाउस सारा दिन चलना है तो जो सदस्य बोलना चाहते हैं उनको बोलने दीजिए।

**श्री भजन लाल :** आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं दो-तीन बातों पर चर्चा करना चाहूंगा क्योंकि इस सरकार को बने हुए 14-15 दिन ही हुए हैं। इस सरकार की बात की कोई चर्चा करने की जरूरत नहीं है और न ही कुछ चर्चा की जा सकती है। छः महीने के बाद जब अगला सैशन आएगा उस दौरान अगर ऐसी कोई बात आएगी तो उस पर चर्चा करेंगे। मुझे यह बात इसलिए कहनी पड़ी है क्योंकि दो-तीन बातें कही गई हैं चाहे वे माननीय चौधरी ओम प्रकाश चौटाला जी की पार्टी के आदमी बोले या चौधरी बंसी लाल जी की पार्टी के या बी०जे०पी० के साथी बोलें। उन्होंने पिछली सरकार की दो तीन बातों की चर्चा की जिसका मैं आपकी इजाजत से जवाब दूंगा। एक तो यमुना जल समझौते के बारे में ओम प्रकाश चौटाला जी ने कहा। अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि कितने सालों से यह मामला अटका पड़ा था। सभी मुख्य मन्त्रियों ने कोशिश की कि इस मामले का कोई हल होना चाहिए, हथनी कुण्ड बैराज बनना चाहिए। बड़ी कोशिश करने के बावजूद भी जितने भी मुख्य मन्त्री रहे वे कोई फैसला नहीं करवा पाए। पिछले 5 साल के दौरान में कितनी ही मीटिंगें करके और कितनी कोशिशें करके हमने फैसला किया।

अध्यक्ष महोदय, हमने हरियाणा प्रदेश के हितों की पूरी रक्षा की है। यह भी कह दिया गया कि पानी कम हो गया। आप पिछले 100 साल का रिकार्ड निकाल कर देख लें उसमें 3.76 बी०सी०एम० से ज्यादा पानी नहीं है। अब का रिकार्ड देख लें तो यह फिगर 5.73 है, यह पहले से ड्योढ़ा हो गया है, इतना पानी तो हम लाएं हैं। इसके अलावा जो ताजेवाला हैडवर्कस है उसकी 14 हजार क्यूसिक की कपैस्टी है। उस बारे में फैसला लिया गया था कि इसको बढ़ाकर 25 हजार क्यूसिक कर देंगे। अब हथनी कुंड बैराज मंजूर हो गया है, इसके लिए टैण्डर काल कर दिए गए हैं और उम्मीद है जल्दी ही इसका काम शुरू हो जाएगा। जहां तक दिल्ली को पानी देने का सवाल है तो उस बारे में सारे देश के लीडर्ज को बिठाकर पालिसी बनाई गई है कि जहां से भी हो सके और जितना भी हो सके दिल्ली को पानी देना पड़ेगा। यह भारत सरकार ने नैशनल लैवल पर यह पालिसी बनाई है। दिल्ली को पानी देने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है कि इतना पानी तो दिल्ली को देना ही पड़ेगा। हमने सुप्रीम कोर्ट से रिक्वैस्ट की

और हमने केस भी लड़ा। हमने कहा कि जिस प्रदेश का जितना हिस्सा बनता है वहां से उतना ही पानी लिया जाए और उसी शेयर को उस प्रदेश को देने का आदेश दिया जाए। इस बात पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना रवैया नर्म भी किया। अध्यक्ष महोदय, पानी का फैसला बहुत ही शानदार है। अब इनकी सरकार है और इनकी मर्जी है ये चाहें तो इसे रद्द करें या लागू करें। अध्यक्ष महोदय, इस सरकार से पहले हमारी सरकार थी और हमारे बारे में मैम्बर्ज बोलेंगे भी और उन्हें बोलना चाहिए। ये नए मैम्बर्ज चुन कर आए हैं, ये सोचते होंगे कि पहली सरकार ने पता नहीं क्या-क्या गलतियाँ की होंगी। अब मैं आपको बाढ़ के बारे में बताना चाहता हूं। अगर उस वक्त कोई गलती रह गई हो तो हमें बता देना। हम उन इलाकों में गए जहां पर बाढ़ आई हुई थी। लोगों ने पत्थर भी मारे। हम भारत सरकार के आभारी हैं कि उन्होंने हमें मदद की। अध्यक्ष महोदय, हमने नीचे से लेकर उपर तक डिप्टी कमिशनर, फाईनैंशियल कमिशनर की डियूटी लगाई, सब सीनियर सैक्रेट्रीज गए और उनको कहा कि कहीं पर कोई गड़बड़ न हो जाए, इस बात का ध्यान रखा जाए। कोई सही आदमी मदद लिए बगैर न रह जाए और जहां पर पैसा बांटा जाए उस वक्त वहां का एम०एल०ए० भी साथ बिठाया जाए। (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** भजन लाल जी आप रिपीट न करें।

**श्री भजन लाल :** ठीक है जी। अध्यक्ष महोदय, हमने फाईलों में आर्डर किए थे और हो सकता है कि कहीं पर एम०एल०ए० को बुलाया न गया हो, या एम०एल०ए० गया न हो। (विघ्न) मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर उस वक्त उसमें किसी ने कोई बेईमानी की हो तो आप बताएं और उसकी जांच करवाएं।

**श्री धीरपाल सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है। मैं आपके द्वारा चौधरी भजन लाल जी से एक बात की जानकारी चाहूंगा। ये अभी बोलते हुए कह रहे थे कि बाढ़ के दौरान मुआवजा बांटने के संबध में हर एक विधायक को विश्वास में लिया गया था। अध्यक्ष महोदय, आप भी उस समय विरोधी पक्ष में थे और हम भी विरोधी पक्ष में थे इसलिए आपको भी इस बारे में पता ही होगा कि क्या ऐसा हुआ था ?अभी सेठ साहब भी बोलते हुए कह रहे थे कि दो सितम्बर को जब भजनलाल जी रोहतक में गए थे तो वहां पर इन्होंने लोगों की भावनाओं का मजाक उड़ाया था। इसीलिए वहां के लोगों ने इनके ऊपर अंडे भी फेंके होंगे। (विघ्न) अभी तो भजन लाल जी स्वंय ही कह रहे थे कि इनके उपर लोगों ने ऐसा किया था। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि जब मुख्यमंत्री उस समय झज्जर में गए थे तो इन्होंने कहा था कि मेरी जानकारी में कई जगहों से शिकायतें आयी हैं जहां पर मुआवजा गलत रूप से वितरित हुआ है जबकि अभी ये बोलते हुए कह रहे थे कि मुआवजे का कोई भी गलत वितरण नहीं हुआ। इन्होंने तो झज्जर में यह स्वीकार किया था कि मुआवजा गलत बांटा गया है इसलिए हम उसकी जांच भी करवाएंगे। इन्होंने यह भी कहा था कि वह पैसा वापस लेने में तो समय लगेगा लेकिन जो लोग मुआवजा लेने से रह गए हैं उनको हम मुआवजा देंगे।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, जैसा धीरपाल जी ने कहा कि लोगों को बाढ़ का मुआवजा नहीं मिला है लेकिन हमने तो लोगों के सामने ही डी०सी० से कहा था कि आप दोबारा से जाकर देखें कि क्या वाकई मकान गिरे हैं और अगर मकान गिरे हैं तो उनको मुआवजा मिलना चाहिए। उसके बाद मेरे पास उनकी शिकायत नहीं आयी कि उनको मुआवजा मिला या नहीं मिला। अध्यक्ष महोदय, पूरी तरह से एक-एक आदमी को देखकर हमारे सभी महकमों के अधिकारियों ने चाहे वे आई०पी०एस० हों या आई०ए०एस० हों सबने बड़ी ही निष्ठा से, लग्न से काम किया लेकिन अगर आज हम उनको बेईमान बता दें तो यह बात हमको शोभा नहीं देती है। उन्होंने बिलकुल ठीक काम किया है। अध्यक्ष महोदय, मैं

[श्री भजन लाल]
आखिरी बात आपके सामने और कहना चाहता हूं कि किसानों की जो भी जमीनें ऐक्वायर की जाती हैं उनको मुआवजा देने के लिए भी हमारी सरकार ने यह फैसला लिया था कि किसानों की जमीनों को ऐक्वायर करने पर उनको मार्किट रेट के हिसाब से पैसा दिया जाएगा। इसके अलावा अभी गोदारा साहब भी कुछ कह रहे थे। वे बहुत पुराने व्यक्ति हैं, बहुत सीनियर हैं लेकिन उन्होंने तो बहुत ही लम्बा चौड़ा भाषण दिया जैसे कोई पब्लिक मीटिंग हो। कोई बात नहीं वे कह सकते हैं। लेकिन उन्होंने मेरे ऊपर एक ऐलीगेशन लगा दिया कि वे मेरी वजह से तीन बार हाउस में नहीं आ सके। अध्यक्ष महोदय, मैंने एक बार इसी हाउस में मुख्य मन्त्री की कुर्सी पर बैठते हुए सम्पत सिंह के बारे में कहा था कि अगली बार तुम हाउस में नहीं आ सकते और आप देख लें कि वे आज यहां पर नहीं हैं।

**श्री बंसी लाल :** आपने तो यह भी कहा था कि मैं ही सम्पत सिंह को यहां पर जीताकर लाया हूं।

**श्री भजन लाल :** वह तो पिछली बार कहा था। इस बार नहीं कहा था। इस समय गोदारा साहब तो हाउस में नहीं हैं इसलिए मैं क्या उनके बारे में कहूं। मैंने इनके जवान बेटे के देहान्त होने के बाद इनकी कोई भी मुखालफ्त नहीं की। मैं यह बात ईमानदारी से कहता हूं क्योंकि मैं मानता हूं कि इंसान के अन्दर थोड़ी बहुत इंसानियत भी होनी चाहिए। इसलिए मैंने इनकी कोई भी मुखालफ्त नहीं की है। हमने सोचा कि इनके नौजवान बेटे की मौत हो गयी है इसलिए इनको एक बार तो चुन कर जाना ही चाहिए क्योंकि पहले तो ये तीन बार हार गए थे। इसलिए हमने इनको एक बार हाउस में आने दिया और सोचा कि ये शायद मन्त्री बन जाएं और आज ये मन्त्री बन भी गए हैं।

**श्री अध्यक्ष :** मेरा उन सभी माननीय सदस्यों से जो बोलने वाले हैं, निवेदन है कि वे अपनी बात ब्रीफ में ही पाँच मिनट में कह लें। (विघ्न) चौटाला साहब, आप हिसाब लगा लो कि आपने 1987 से 1990 तक मैम्बर्ज को बोलने के लिए कितना टाईम दिया था। मेरी आप लोगों से प्रार्थना है कि आप 5 मिनट में अपनी बात कहें। रैपीटीशन न करें क्योंकि अभी लीडर ऑफ दि हाउस को जवाब भी देना है।

**श्री बलवीर (मेहम) :** अध्यक्ष महोदय, रोहतक में 3-4 गांवों में अभी भी बाढ़ का पानी भरा हुआ है। इस बात को 8 महीने हो लिए जब चौधरी भजन लाल ने वादा किया था कि 31 तारीख तक पानी निकाल दूंगा। हाउस के सभी नेतागण बैठे हैं, कई बार अखबारों में आया है कि मेहम में 10 हजार एकड़ जमीन में अभी भी समुद्र बना हुआ है। (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** गांवों के नाम बता दें।

**श्री बलवीर :** अध्यक्ष महोदय, ये गांव हैं निधाणा, बलम्बा और मोखरा। मैं मुख्यमंत्री चौधरी बंसी लाल जी से निवेदन करता हूं कि यह पानी जल्दी से जल्दी निकलवाया जाए। पूर्व सरकार ने बाढ़ से जो नुकसान हुआ है, उसका मुआवजा 3 हजार प्रति एकड़ देना स्वीकार किया था। परन्तु गन्ने की फसल का एक भी पैसा नहीं दिया (विघ्न) आप सभी जमींदारों से संबंध रखते हैं, आप जानते होंगे कि गन्ने की फसल में खर्चा भी बहुत ज्यादा आता है। एक एकड़ गन्ने की बुवाई पर 5 हजार रुपये खर्च आता है और यह फसलों में सबसे महत्वपूर्ण फसल है। इसलिए इसका मुआवजा भी दिया जाए। इसके साथ ही मेरा यह भी निवेदन है कि मोखरा गांव में पिछले 4 साल से अस्पताल बना हुआ है लेकिन उसमें आज तक कंपाउडर भी नहीं भेजा। चार साल से वहां छड़े लगा रखी हैं यह मौके पर देखने वाली चीज है। वहां दो एम०बी०बी०एस० डाक्टरों की पोस्टें हैं लेकिन कंपाउडर भी नहीं भेजा। मेरा मुख्य मन्त्री जी से

रोहतक आते हैं तो 20 रुपये डॉक्टर फीस के लेता है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं।

**श्री कृष्ण लाल** (असन्ध, अनुसूचित जाति) : स्पीकर साहब, आपने मुझे राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए आपका धन्यवाद। राज्यपाल महोदय के अभिभाषण को पढ़ने से पता चलता है कि सत्ता पक्ष में जो सरकार बैठी है उसने इलैक्शन से पहले जनता के बीच में बहुत सारे वादे किए थे। इसमें बिजली की बात ले लें।

सरकार की तरफ से जनता के बीच में घोषणा की गई थी कि यदि हमारी सरकार बनी तो 24 घण्टे के अन्दर किसानों को ट्यूबवैल के लिए कनैक्शन देंगे। लेकिन स्पीकर सर, मैं अपने हल्के के बारे में आपको बताता हूं। मेरे हल्के के अन्दर तीन सब डिवीजन पड़ते हैं, मतलोड, भूना और असन्ध जिनमें 132 के०वी० ट्रांसमीटर लगे हुए हैं। यह एक रिकार्ड की बात है आप मंगा कर देख लो, वहां छः छः दिन तक लगातार बिजली बन्द रही है। इस बात का वहां रिकार्ड दर्ज है क्योंकि जो शिकायत होती है वह दर्ज की जाती है। दूसरे, स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से सदन के नेता से इनके रिप्लाई में यह जानना चाहता हूं कि जो मुख्य मन्त्री जी ने वायदे किये थे कि मेरे मुख्यमन्त्री बनने के बाद 24 घण्टे बिजली देंगे, ट्यूबवैलज के कनैक्शन देंगे, मैं पूछना चाहता हूं कि अब तक कितनी सिक्योरिटी भरी गई है, कितने ट्यूबवैल्ज के कनैक्शन दिये गये हैं। इसके साथ मैं यह भी जानना चाहता हूं कि किसानों ने छः छः साल से सिक्योरिटी भरी हुई है क्या प्रियोरिटी के हिसाब से उनको कनैक्शन देंगे। इसके साथ मैं जानना चाहता हूं कि पानीपत थर्मल प्लांट की 24 घण्टे बिजली सप्लाई करने के लिए पांच यूनिट लगी हुई हैं और वे बन्द पड़ी हैं। पता नहीं तेल के अभाव में या कोयले के अभाव में बन्द हैं, इस का क्या कारण है क्या सरकार इसका जवाब देगी। स्पीकर सर, हमारी सबसे बड़ी समस्या बाढ़ की समस्या है और जिस तरह से पिछले पांच साल के दौरान बाढ़ के कारण हमारी विनाश लीला हुई है, उसकी जिम्मेवारी पूर्व सरकार की थी क्योंकि 1991 और 1995 दो बार बाढ़ की विनाश लीला हमें देखने को मिली। चौधरी देवीलाल जी के शासन काल में पूरे प्रदेश के अन्दर रिंग बांध बनाए गए थे परन्तु पिछले पांच साल के अन्दर किसी एक रिंग बांध की मुरम्मत तक नहीं की गई। मिट्टी डालने की बजाये रिंग बांध की मिट्टी उठवा दी गई जिससे बाढ़ आने से पूरे प्रदेश के विलेजिज इफेक्टिड हुये। दूसरा बाढ़ आने का विशेष कारण यह भी रहा कि हमारे यहां नहरों में डीसिलटिंग होती है वह पिछले पांच साल में एक बार भी नहीं हुई। कागजों में तो सदा होती थी। किसी भी नहर की डीसिलटिंग नहीं हुई। जिसका रिजल्ट जनता ने पिछली सरकार को दे दिया। कांग्रेस सरकार ने नहरों की डीसिलटिंग नहीं की तो जनता ने कांग्रेस सरकार की डीसिल्टिंग करके उनको घर पर बिठा दिया। अब मुख्यमन्त्री जी के कार्यभार संभालने के बाद मैं नहीं समझता कि किसी नहर की डिसिलटिंग कराने का आदेश दिया हो। क्योंकि मेरे हल्के में मैंने देखा है, अभी तक डीसिलटिंग का काम शुरु नहीं हुआ है। अगर यह सरकार भी डीसिलटिंग का काम नहीं करेगी तो अगले पांच साल बाद इनकी भी डीसिलटिंग हो जायेगी। (विघ्न) स्पीकर सर, बाढ़ के कारण नहरों के पुल बह जाते हैं और पानी ब्लाक हो जाता है। अगर पिछली सरकार ने समय रहते कार्य किया होता तो प्रदेश को यह विनाश लीला देखने को न मिलती। मैं आपके माध्यम से स्पीकर सर, सदन के नेता से अनुरोध करूंगा कि बारिश होने से पहले सभी नहरों की डीसिलटिंग हो जानी चाहिए। अब मैं सड़कों के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। फ्लड के अन्दर जो सड़कें टूटी थीं, उनकी तरफ भी सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। मेरे हल्के असंध में जो सड़कें बाढ़ से प्रभावित हुई हैं उनकी रिपेयर जल्दी करवाई जाए।

**श्री अध्यक्ष** : कृष्ण लाल जी, आप अपनी बात जल्दी खत्म करें।

**श्री कृष्ण लाल :** स्पीकर सर, मैं जल्दी ही अपनी बात खत्म कर लूँगा। हाँ, तो मैं कह रह था कि जो हमारे किसान भाई हैं, उनके ट्यूबवैल के जो कुएं हैं जो कम से कम 50-50, 60-60 हजार रुपए में तैयार होते हैं, फ्लड के अन्दर ये सारे बिल्कुल प्लेन हो गए थे। लेकिन सरकार की तरफ से उन किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया। स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से यह अनुरोध करूँगा कि फ्लड के दौरान हल्का असंध में जो भारी नुकसान हुआ है, उसकी तरफ विशेष ध्यान देकर प्रायरिटी बेसिज पर काम किया जाए। एक अनुरोध आपके माध्यम से सदन के नेता से यह भी करूँगा कि मेरे हल्के के अंदर हाँसी ब्रांच से लिटल माजरा माइनर निकलती है जो 1981 से पहले सुचारू रूप से चलती थी, उस वक्त

4.00 बजे चौधरी भजन लाल जी मुख्यमंत्री होते थे। उसको पक्का कर दिया गया था लेकिन उसका बेस इतना ऊँचा उठा दिया गया था कि 1982 से लेकर आज तक उस माइनर में पानी नहीं आया। हमारे किसान भाई 1982 से लेकर आज तक पानी से वंचित हैं। सरकार को चाहिए कि किसानों से संबंधित जो कार्य हैं, उनको चैक करके ज्यादा से ज्यादा प्रायरिटी बेसिज पर कराया जाए। इसी प्रकार से मेरे हल्के के अंदर एक माइनर आती है जो असंध से फुकराना गाँव को जाती है। इस माइनर का भी बुरा हाल है। इस प्रकार से मेरे हल्के के अंदर किसान बहुत ज्यादा परेशान हैं। स्पीकर सर, राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में पिछड़े वर्ग से संबंधित मुद्दा तो था लेकिन सरकार केवल हरिजन भाईयों व पिछड़े वर्ग के भाइयों को कागजों तक ही सीमित रखती है। उनके विकास की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। मैं बताना चाहता हूं कि अभी मुख्यमंत्री पद की ओथ लेने के दो दिन बाद हरियाणा में मेरे हल्के में आसमानी बिजली 5 आदमियों पर गिरी जिसके कारण दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। उनमें एक सरदार जरनैल सिंह गांव रेरकलाँ का था तथा 4 व्यक्ति ददलाना के थे। उनमें एक रामपाल नाम का 19 वर्षीय लड़का भी मारा गया। वह अपने पीछे केवल 8 दिन का अपना बच्चा छोड़ कर चला गया। इसके अतिरिक्त हमारे 3 युवा साथी और थे जिनके ऊपर आसमानी बिजली पड़ी है। लेकिन सरकार की तरफ से कोई भी प्रशासनिक अधिकारी, कोई भी मंत्री आज तक उन गाँवों में नहीं गया और अखबारों में कहते हैं कि पिछड़े वर्ग के लोगों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से सरकार से माँग करता हूं कि उन गरीब पीड़ित परिवारों को सरकार की तरफ से 5-5 लाख रुपए अनुदान राशि के रूप में दिए जाएं। मैं आपके माध्यम से सदन के नेता से यह भी माँग करता हूं कि आगे से भी सरकार को ऐसे परिवारों को, जिनके छोटे बच्चे आसमानी बिजली पड़ने से मारे जाएं, अनुदान देना चाहिए। दूसरी बात मैं रोडवेज़ के बारे में कहना चाहता हूं। मैं बताना चाहूंगा कि परिवहन विभाग का बहुत बुरा हाल है, विशेषकर उन हल्कों में ज्यादा है, जहाँ से अपोजिशन के मैंबर चुनकर आए हैं। पिछले 5 सालों में हमारे साथ ऐसा भेदभाव किया गया कि जहाँ पर 5-5 रूटस पर बसें चलती थी, वहाँ पर सभी रूट बंद कर दिए गए हैं। वहाँ पर जो को-आप्रेटिव सोसाइटीज की प्राईवेट बसें लगाई गई थी, वे अपनी मर्जी से चलाते हैं। इस प्रकार हमारे हल्के के अंदर सभी 36 बिरादरी के भाई बहुत परेशान हैं। जब हम इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों के पास जाते हैं तो वे कहते हैं कि सरकार की तरफ से हिदायत है कि वहाँ पर कोई बस नहीं चलेगी। अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करूँगा कि जितने भी रूट्स हैं (घंटी), उनके लिए यह तय किया जाए कि इतनी बसें तो वहां पर हरियाणा रोडवेज़ की चलेंगी तथा इतनी बसें को-आप्रेटिव सोसाइटीज की चलेंगी। इसके साथ ही मैं आपका धन्यवादी हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

**श्री रमेश कुमार** (बड़ौदा, अनुसूचित जाति) : स्पीकर सर, आपने गवर्नर एड्रैस पर मुझे जो बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। अध्यक्ष महोदय, इस सरकार ने लोगों के बीच में जा-जाकर जो वायदे किए थे, जो नारे दिए थे, उनके बलबूते पर आज ये लोग सत्ता में हैं।

का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। अध्यक्ष महोदय, इस सरकार ने लोगों के बीच में जा-जाकर जो वायदे किए थे, जो नारे दिए थे, उनके बलबूते पर आज ये लोग सत्ता में हैं।

**श्री अध्यक्ष :** मेरी माननीय सदस्य से प्रार्थना है कि वह 5 मिनट में चाहे रैपीटीशन कर लें या कोई नई बात कह लें।

**श्री रमेश कुमार :** ठीक है, स्पीकर सर। मैं कह रहा था कि जो वायदे सत्ता में आने से पहले ये लोग जनता के सामने करते थे, पता नहीं आज यह सरकार उन के ऊपर खरी उतरेगी या नहीं, यह तो समय ही बताएगा। अध्यक्ष महोदय, अभी मुझ से पहले बोलने वाले अन्य साथियों ने एस०वाई०एल० का मुद्दा उठाया। इस मुद्दे पर कोई एक आदमी या एक किसान के हित की बात नहीं है। यह तो सारे हरियाणा के हित की बात है क्योंकि इसमें हरियाणा की जान डली हुई है। मैं कहना चाहता हूं कि अगर एस०वाई०एल० का पानी हरियाणा को नहीं मिला तो हरियाणा बर्बाद हो जाएगा। इस मुद्दे पर चौधरी बंसी लाल जी, जो यहाँ बैठा करते थे, यह कहा करते थे कि हरियाणा को जो एस०वाई०एल० नहर का पानी देने का मुद्दा है, उसके लिए सरकार जो भी रैजोल्यूशन लेकर के आएगी, उसका हम समर्थन करेंगे। अब तो चौधरी बंसीलाल जी खुद सरकार के रूप में बैठे हुए हैं। इसलिए मेरी उन से प्रार्थना है कि वे इस मुद्दे को उठा कर केन्द्र में ले जाएं। आज चौधरी बंसी लाल जी इस मुद्दे को केन्द्रीय सरकार के सामने उठाएं और इस बारे में केन्द्रीय सरकार से बात करके जो हरियाणा प्रदेश के हक का पानी है उसको लाएं। आज हरियाणा प्रदेश का किसान यह आशा लगाए बैठा है कि एस०वाई०एल० नहर का पानी हरियाणा में आएगा। मैं मुख्य मंत्री जी से यह आशा रखता हूं कि मुख्य मंत्री जी एस०वाई०एल० नहर बनाने की ओर पूरा ध्यान देंगे। दक्षिणी हरियाणा को पानी देने के बारे में यहाँ हाउस में काफी चर्चाएं होती रही हैं। दक्षिणी हरियाणा का पानी हाउस में कई बार चर्चा का विषय रहा है। इसलिए मैं मुख्य मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि वे एस०वाई०एल० नहर को जल्दी से जल्दी कम्पलीट करने की तरफ पूरा ध्यान दें। शराब बंदी का नारा देकर यह पार्टी सत्ता में आई है, यह बहुत अच्छी बात है। मैं कहना चाहूंगा कि यह सरकार शराब बंदी को अच्छी तरह से लागू करे। लेकिन एक बात मैं यह भी कहना चाहूंगा कि * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * शराब को बंद करने के बारे में एक बार पीछे भी हरियाणा के लोगों में चर्चा चली थी कि शराब बंद होगी। लोगों ने शराब को बंद करने के बारे में घाघरे पहनने शुरु कर दिए थे। उस समय लोगों ने गाँव-गाँव में, घर-घर में शराब के अड्डे खोलने शुरु कर दिए थे, उसके कारण भी लोगों पर काफी मार पड़ी थी। उस समय जो लोग अच्छी इज़्ज़त रखते थे वे लोग मौत के घाट उतर गए थे क्योंकि उन पर शराब का लांछन लगा था। इसलिए वे भय के कारण मौत के घाट उतर गए थे। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्य मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे शराबबंदी पूरी तरह से लागू करें।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वांयट ऑफ आर्डर है। माननीय सदस्य द्वारा सभी मंत्रियों और सभी एम०एल०एज० के बारे में यह कहना कि सब शराब पीते हैं और यह भी कहना कि मुख्य मंत्री जी पहले अपने घर को काबू करें उनकी यह बात ठीक नहीं है। इस को आप हाउस की कार्यवाही से निकलवाएं। सदन में चुनकर लोग आए हैं तो इनको चुनने वाले वोटर क्या समझेंगे। इसलिए मेहरबानी करके आप इनकी इस बात को हाऊस की कार्यवाही से निकलवाएं।

---

* चेयर के आदेशानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया।

**Mr. Speaker :** These words may be expunged.

**श्री रमेश कुमार :** अध्यक्ष महोदय, पूर्व मुख्यमंत्री ने मेरे ऊपर यह कटाक्ष किया है लेकिन सभी लोग एक जैसे नहीं होते। अध्यक्ष महोदय, पिछली सरकार ने कागजों में यह दिखाया था कि ड्रेन्ज की सफाई की गई है। पिछली सरकार ने ड्रेन्ज की सफाई करने की जो कार्यवाही शुरु की थी वह केवल कागजों में ही शुरु की थी लेकिन वास्तव में किसी ड्रेन की सफाई नहीं की गई। अगर बाढ़ आने से पहले हरियाणा में ड्रेन्ज की सफाई कर दी जाती तो बाढ़ के कारण हरियाणा प्रदेश बर्बाद नहीं होता। अध्यक्ष महोदय, पाँच या 7 दिन पहले की बात है मुख्य मंत्री महोदय ने डी०सीज० साहेबान को उन गाँवों में जाने के आदेश दिए हैं जिन-जिन गाँवों में बाढ़ आई थी। उन-उन गाँवों में डी०सीज० साहेबान गए और उन्होंने उनका सर्वे किया। उन्होंने मुख्यमंत्री जी को अपनी-अपनी रिपोर्ट भेज दी है कि किस-किस गांव में बाढ़ के कारण कितना-कितना नुकसान हुआ है। मैं मुख्यमंत्री चौधरी बंसी लाल जी से प्रार्थना करूँगा कि वे चौधरी भजन लाल जी की तरह डी०सीज० द्वारा दी गई रिपोर्टस को केवल कागजों तक ही सीमित न रखें उन पर पूरी कार्यवाही भी करें। अध्यक्ष महोदय, मेरे बड़ौदा हल्के में बहुत ज्यादा फ्लड आया था। मेरे हल्के के धनाना गाँव, रोढाणा गाँव, धढ़वाल गाँव, भावड़ गाँव और बड़ौदा गाँव हैं, आज भी इन गाँवों में बाढ़ का पानी खड़ा है। मुख्यमंत्री जी अपने आदमी भेज कर उन गाँवों के बारे में पता करवा सकते हैं और वे आदमी वहां जा करके इस बात का जायजा ले सकते हैं कि उन गाँवों में आज भी बाढ़ का पानी खड़ा है या नहीं। अगर मैं इस बारे में झूठ बोल रहा हूं तो आप मुझे जो सजा देंगे वह मैं भुगतने के लिए तैयार हूं। अध्यक्ष महोदय, आज भी जिन गाँवों में बाढ़ का पानी खड़ा है उसकी जाँच कराई जाए और उस पानी को निकालने की व्यवस्था की जाए। मेरे हल्के में एक ड्रेन खोदी जाए क्योंकि वहां पर जब भी पानी आता है तो किसानों की बहुत ज्यादा बर्बादी होती है और किसानों को बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है। (घंटी) अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूं कि भजन लाल जी ने कहा था कि बाढ़ का मुआवजा ठीक दिया गया है। मेरे इलाके में बाढ़ का मुआवजा ठीक नहीं मिला। आप सारे हरियाणा का रिकार्ड उठा कर देख लें मुआवजा ठीक नहीं दिया गया। हरिजन भाईयों के साथ पिछली सरकार का ठीक व्यवहार नहीं था। मैं भी हरिजन समुदाय से संबंध रखता हूं। मैं आपके माध्यम से सदन के नेता चौधरी बंसी लाल जी से अनुरोध करता हूं कि पिछली सरकार जो भजन लाल के समय की थी, उस समय हरिजनों के साथ जो भेदभाव किए गये वे अब न किए जाएं। (विघ्न)

**प्रो० राम विलास शर्मा :** समता पार्टी के हमारे साथियों को वहम हो गया है कि हरिजनों के साथ यह हो गया वह हो गया। अभी हमारी गवर्नमैंट बनी ही है। वैसे तो Our Government believes in performance. Our Government believes in action. इस तरह के काम नहीं करती है कि फलां बिरादरी को राजी करने के लिए किसी की तनख्वाह कम कर दो पर नाम दरोगा रख दो। इसमें हमारा विश्वास नहीं है। हम किसी को फर्जी राजी करने की परफोरमेंस में विश्वास नहीं करते। मैं अपने भाईयों की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि हमारी सरकार ने चौधरी बुधराम को फर्स्ट एप्वायंट बतौर डी०जी०पी० किया, एक हरिजन को हरियाणा का डी०जी०पी०लगाया। हमने उनको हरिजन होने के नाते नहीं बल्कि उनकी सही परफोरमैंस को और उनके बढ़िया रिकार्ड को देखकर लगाया है।

**श्री अध्यक्ष :** शर्मा जी, वे आपकी सरकार के बारे में नहीं कह रहे थे। वे तो पिछली वाली सरकार के बारे में कह रहे थे।

**श्री रमेश कुमार :** स्पीकर साहब, जो पानी दिल्ली को दिया जा रहा है, उसको बंद किया जाये

क्योंकि जब हरियाणा को खुद पानी की आवश्यकता है और यहाँ पर पानी की कमी है तो फिर वहाँ पर पानी क्यों दिया जा रहा है। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस बारे में सरकार पुनः विचार करे।

यह सरकार 24 घण्टे बिजली देने का नारा देकर सत्ता में आई है। जबकि मेरे हल्के में कई-कई घण्टे बिजली गुल रहती है। बेशक सरकार इस बारे में गोहाना से पता करवा सकती है। मैं चाहूंगा कि वहां पर सरकार बिजली 24 घंटे देने की व्यवस्था करे। (घन्टी)

**श्री अध्यक्ष :** आप बैठिये।

**श्री रमेश कुमार :** अध्यक्ष महोदय, अब मैं जनरल एडमिनिस्ट्रेशन के बारे में कहना चाहता हूं।

**श्री अध्यक्ष :** रमेश जी आप अपनी सीट पर बैठिए।

**श्री रमेश कुमार :** अध्यक्ष महोदय। * * * * * * *

**श्री अध्यक्ष :** ये मेरी इजाजत के बगैर जो बोल रहे हैं, रिकार्ड न किया जाये। मैं समता पार्टी के एक नेता श्री शोरेवाला जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि अगर वे बोलना चाहते हैं तो अपनी सीट पर जाकर बोल लें।

**श्री चरण दास (कैथल) :** स्पीकर साहब, मैं कोई बात रैपीटिशन की नहीं कहना चाहता। जो बात एक बार कही जा चुकी है, उसको दुबारा कहने की आवश्यकता नहीं है। आज जो बात हाउस के अन्दर आयी है और गवर्नर एड्रैस के ऊपर जो बहस हो रही है, हम पढ़े लिखे लोग यहां पर आकर बैठते हैं, हम सभी को मर्यादा में रहना बड़ा जरूरी है। स्पीकर साहब, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। अध्यक्ष महोदय, 27 अप्रैल को जो इलैक्शन हुए थे, हरियाणा की जनता ने किसी एक पार्टी को क्लीयर फतवा नहीं दिया। उसने मिली जुली सरकार को बनाकर हाउस में भेजा है और उसको भी पूरा समर्थन नहीं मिला है। यह माईनोरिटी गवर्नमैंट है और माईनोरिटी वोट से बनी हुई यह सरकार है, जिसके सदन के नेता चौधरी बंसी लाल जी हैं।

गवर्नर महोदय के अभिभाषण पर माननीय सदस्यों ने बड़े विस्तार से अपने विचार रखे हैं। सबसे पहला सवाल एक कृषि प्रधान प्रदेश के अन्दर आता है। (विघ्न)

**प्रो० राम बिलास शर्मा :** स्पीकर सर, यह गवर्नमैंट माईनोरिटी गवर्नमैंट नहीं है। It is a very comfortable Government. स्पीकर सर, यह एक फैक्ट है कि हमारी पार्टी के 41 सदस्य हैं और इण्डिपैंडैंट 9 हैं। We are 50. It is a very strong Government. Speaker Sir, it is a fact, we have a comfortable majority (Interruptions).

**श्री चरण दास :** स्पीकर सर, 1977, 1987 और अब 1997 भी आने को है (विघ्न) जो मेन मुद्दे आए हैं कि प्रियोरिटी बेसिज़ पर आप इरिगेशन का काम करेंगे, इलैक्ट्रिसिटी, ट्रांसपोर्ट और रोडवेज के बारे में भी काम करेंगे, उसके ऊपर बहस करने का मुझे मौका मिला है। एस०वाई०एल० के बारे में, 1976 में जब चौधरी बंसी लाल जी मुख्यमंत्री थे तो हरियाणा जैसे कृषि प्रधान प्रदेश में सब की निगाहें लगी हुई थीं कि एस०वाई०एल० का पानी मिलेगा तो हमारा प्रदेश खुशहाल होगा। उस नहर को पंजाब से न बना कर हरियाणा से शुरू करवा दिया जिस पर 500 करोड़ रुपये हमारे खर्च हो गए। स्पीकर साहब, आप देख लें कि आज जब भी इलैक्शन होता है तो एस०वाई०एल० का नारा देते हैं और उसे कम्पलीट करने का वायदा करते हैं। अगर आज हाउस के सारे मैम्बर्ज़ रैजोल्यूशन पास कर लें तो भी जब तक सैंटर का सहयोग न मिलेगा तब तक एस०वाई०एल० नहर का पानी हमें नहीं मिल सकेगा।

* चेयर के आदेशानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया।

[श्री चरण दास]

हरियाणा के अन्दर पानी के तीन स्त्रोत हैं। अण्डर ग्राउंड पानी के बारे में यहां पर बहस हुई। अण्डर ग्राउंड पानी दिनों दिन नीचे जा रहा है और पानी खारा है। स्पीकर सर, बड़े दुःख और शर्म के साथ हमें कहना पड़ता है कि 47 साल के बाद भी प्रदेश के लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है, हैल्थ के लिए मैडीकल फैसिलिटीज़ नहीं मिल रही हैं और तालीम के लिए उचित साधन नहीं मिल रहे हैं। पिछली दफा मुझे मेवात के अन्दर जाने का मौका मिला। जमालगढ़ वहां का एक गांव है। जिस वक्त हम वहां गए तो 12 हज़ार की हाज़री थी लेकिन 10वीं का स्कूल मैंने जब देखा तो उसमें 10x10 का हैडमास्टर का ऑफिस बना हुआ था और 2 और कमरे थे। आज ऐजूकेशन का स्टैंडर्ड यह है। स्पीकर सर, यह बात ठीक है कि पंजाबी भाषा को सैकिण्ड भाषा बनाने जा रहे हैं लेकिन जब तक प्राईमरी ऐजूकेशन का स्टैंडर्ड ऊंचा नहीं होगा तब तक ऐजूकेशन का स्टैंडर्ड ऊंचा नहीं हो सकता है। आप हरियाणा के अन्दर चले जाएं, प्राईमरी स्कूलों की दुर्गति बनी हुई है। बड़े लोग तो अपने बच्चों को मॉडल स्कूलों में पढ़ा लेते हैं लेकिन गरीब आदमी के लिए बहुत भारी दिक्कत है। स्पीकर सर, मैं कहना चाहूंगा कि उनके उत्थान के लिए भी कुछ सोचना पड़ेगा। आज ऐजूकेशन के बारे में क्या दशा बनी हुई है। ट्रांसपोर्ट के बारे में भी देख लीजिए। कल मुझे 1952 के बाद पहली बार मौका मिला रोडवेज की बस में सफर करने का। मैं दिल्ली से आ रहा था। मेरा ख्याल है दिल्ली से चलने के बाद चण्डीगढ़ तक एक मिनट भी ऐसा नहीं था जिसके दौरान कोई आवाज़ न आ रही हो। मैं ऐसा अनुभव कर रहा था कि तब तक यह पोज़िशन ठीक नहीं होगी जब तक हरियाणा के अन्दर से भ्रष्टाचार की समस्या खत्म नहीं होती। आज हमारे सामने सबसे बड़ी भ्रष्टाचार की समस्या है, बेरोजगारी की समस्या है, बढ़ती हुई कीमतों की समस्या है और सबसे बड़ी समस्या जात-बिरादरी की समस्या है। इलैक्शन में जनता ने किसी पार्टी को बहुमत नहीं दिया। आज जनता यह सोचने के लिए मजबूर हो गई है कि किस पार्टी को हम सत्ता में लाएं। आज मिली-जुली गवर्नमैंट हमारे सामने बैठी है। 1977 में भी ऐसी गवर्नमैंट फेल हुई थी और 1987 में भी फेल हुई और मुझे पूर्ण विश्वास है कि जब तक गठबन्धन मुद्दों पर नहीं होगा, काम नहीं बन सकता। हमें सबसे ज्यादा प्रियोरिटी पानी को देनी पड़ेगी लेकिन सरकार ऐसे गलत स्टैप्स न उठाए कि गंगा का पानी हम लाने जा रहे हैं। उसके लिए नहर न खुदवा दें जिस पर हमारा करोड़ो रुपया लग जाए। कोई सैटलमैंट होने के बाद ही पानी हमें मिल पाएगा। स्पीकर सर, आज लोगों ने देख लिया कि बिजली के बारे में क्या हालत है। वोटें मांगने के लिए गांव में जाना पड़ता था तो हमें डर लगता था कि कहीं बिजली की कोई तार टूट कर हमारे सिर पर ही न आ गिरे। तो यह हालत बिजली की है। (विघ्न) शेरेवाले ने पार्टी के लिए जिनका टिकट था उनको टिकट दिया है। जो टिकट मैंने दिए हैं वे पार्टी को दिए हैं पार्टी के किसी व्यक्ति के कहने से किसी का टिकट नहीं काटा यह बात अलग है कि जनता ने उनको चुन कर नहीं भेजा। जनता जानती है और उन्होंने साफ छवि के आदमियों को चुनकर भेजा है। मैं इस पार्टी में ओम प्रकाश जी के व्यक्तिगत रूप को देख कर नहीं आया हूं बल्कि उनकी पार्टी की नीतियों को देखकर आया हूं, पालिसी को देखकर आया हूं। मैं यह भी कहता हूं कि भविष्य में इसी पार्टी में रहूंगा और आज भी इसी पार्टी के साथ हूं। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहूंगा की अगर यह सरकार अच्छा काम करेगी तो इनकी तारीफ करेंगे और गलत काम करेगी तो उस बात का विरोध करेंगे। लेकिन यहां पर गलत प्रथा कायम नहीं होने देंगे। आज हरियाणा में भ्रष्टाचार इतना फैल गया है कि हमें सिर झुकाना पड़ता है। अध्यक्ष महोदय, यह जो डिस्क्रीशनरी कोटा मकानों को अलाट करने का है इसको लिमिट में रखा जाए। आज अखबारों में नाम आता है कि इतने मकान अलाट कर दिए गए, इतने प्लाट अलाट कर दिए गए। यह सब देखकर हमारा सिर शर्म से झुक जाता है।

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** अध्यक्ष महोदय, भजन लाल जी ने तो जरूरतमंद लोगों को प्लाट दिया है और माधुरी दीक्षित को भी प्लाट दिया है। (हंसी)

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। इन्होंने जो प्लाटों के बारे में कहा है तो मैं इनको बताना चाहता हूं कि जब से हरियाणा बना तब से लेकर जितनी भी सरकारें आई चाहे बंसी लाल हो, ओम प्रकाश चौटाला हो, हुक्म सिंह हो जो भी मुख्यमंत्री रहा है उसका पांच प्रतिशत कोटा था और उन्होंने उसमें से जो जरूरत मंद थे चाहे वह चपरासी हो या कोई और हो उनको प्लाट दिए हैं। इसके साथ ही मैं यह भी कहूंगा कि यह मामला सब-जुडिस है और इसमें इन्क्वायरी चल रही है इसलिए इस पर कोई डिस्कशन नहीं होनी चाहिए।

**Mr. Speaker :** It has come to my notice that the matter is subjudice. So no further discussion on it.

**श्री चरण दास :** अध्यक्ष महोदय, हमारी नौलेज में भी यह बात अभी आई है। हम इस बात को विदड्रा करते हैं। अध्यक्ष महोदय, आज हमारे कृषि प्रधान प्रदेश के अन्दर पहले पानी, बिजली और सीड देना पड़ेगा। जब तक किसान का विकास नहीं होगा इस प्रदेश का भी विकास नहीं हो सकता है। अध्यक्ष महोदय, हम सब अपने हल्के से चुन कर आए हैं और वहां के लोगों की और उस एरिए की जो जरूरतें होंगी वह हम यहां पर कहेंगे। मैं तो यह भी कहूंगा कि एस० वाई० एल० के मुद्दे को सब पार्टीज को एक होकर हल करना चाहिए। यह जो भ्रष्टाचार का मुद्दा है, सी० एम० साहब को इसको कंट्रोल करना चाहिए। यहां पर बाढ़ के बारे में भी चर्चा हुई है। उस वक्त सैन्टर ने जो हरियाणा को 570 करोड़ रुपए की ऐड भेजी थी अगर उसमें किसी ने गलती से पैसा खाने की कोशिश की तो उसकी इन्क्वायरी होनी चाहिए और ऐसे आदमी या आफिसर को झटका मिलना चाहिए ताकि आइंदा वह इस प्रकार की गलती न करे। अभी चौधरी धीरपाल जी ने कहा कि अगर इस सरकार को अच्छा काम करने के लिए हमारी जरूरत है तो हम इनका साथ देंगे तो मैं भी उनकी इस बात का समर्थन करता हूं। इसके साथ ही अध्यक्ष महोदय ने मुझे खुद बुलाकर बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं। जय हिन्द।

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, now the Hon'ble Chief Minister will give reply to the Governor's Address.

**मुख्य मन्त्री** (श्री बंसी लाल) : अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं हरियाणा की जनता का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने भाजपा और हविपा के गठवन्धन वाली सरकार को इस प्रदेश की सेवा करने के लिए भेजा है।

अध्यक्ष महोदय, एक बात विरोधी पक्ष के साथियों की तरफ से बार बार आयी कि मैंने यह कहा था कि हम सत्ता में आते ही एक मिन्ट में शराब बन्द कर देंगे और अब हमने दो महीने क्यों दिए या किसी ने कहा कि तीन महीने इसके लिए क्यों दिए गए। अध्यक्ष महोदय, शराबबन्दी करने का हुक्म वाकई हमने सत्ता में आने के 15 सैकिंड बाद ही दे दिया था। लेकिन 1986 में जब मैं एक साल के लिए मुख्यमंत्री बनकर आया था तो उस समय मैंने यह आदेश जारी कर दिया था कि सभी पहाड़ की खानों को नेशनेलाइज कर दें। लेकिन उस समय कुछ लोग अदालत से इस के खिलाफ स्टे आर्डर ले आए थे। इसीलिए इस बार भी मुझे अधिकारियों ने सलाह दी कि शराबबन्दी करने से पहले ठेकेदारों को नोटिस देना भी जरूरी है, नहीं तो वे अदालत से स्टे आर्डर ले आएंगे। अगर वे लोग स्टे ले आते तो फिर जितना समय हमने आज दिया है, उससे भी ज्यादा समय लग जाता। इसके अलावा एक चीज यह भी है कि हम शराब बन्दी केवल कागजों पर ही लागू करना नहीं चाहते बल्कि हम तो चाहते हैं कि शराबबंदी गांवों में

[श्री बंसी लाल]
गलियों में, मौहल्लों में एवं वार्डों में हो ताकि कोई भी शराब न पिए। इसलिए हमने इसके लिए अपनी तैयारी भी करनी है वैसे हम इस बारे में अपनी तैयारी कर भी रहे हैं। लेकिन मैं इसके लिए अपने मैम्बर्ज से भी और विरोधी पक्ष के भाईयों से भी प्रार्थना करता हूं कि वे भी हमें सब सहयोग दें ताकि यह शराबबंदी पूर्णरूप से कामयाब हो। हम इसके लिए दूसरी सामाजिक संस्थाओं से भी सहयोग लेंगे। अध्यक्ष महोदय, इसीलिए हमने शराबबंदी के लिए एक जुलाई रखी कि हम जब एक जुलाई से शराबबंदी करेंगे तो उस दिन से हरियाणा में कहीं पर भी शराब नहीं होगी। हम कागजों में ही इसको बंद नहीं करना चाहते बल्कि हम इसको नीचे तक सही मायनों में बंद करना चाहते हैं। अगर हम आज इसको बंद कर दें और सुबह ही लोग बोतल खोल लें तो फिर इसका क्या फायदा है। इसलिए हमने शराबबंदी पहली जुलाई से करने का फैसला किया है लेकिन हमारी पोलिसी में कोई फर्क नहीं है। अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा एक हमने जनता से वायदा किया है कि हम किसान को खेत में पानी देंगे। अध्यक्ष महोदय, नहरों की डिसिल्टिंग काफी लम्बे अर्से से नहीं हुई है लेकिन हमने नहरों की डिसिल्टिंग भी शुरू करवा दी है। हम चाहते हैं कि डिसिल्टिंग करने के बाद पानी टेल तक पहुंच जाए। हमारा इरादा यह है कि खरीफ की फसल में टेल तक पानी पहुंचा दिया जाए। इसके अलावा रही बात पानी के बढ़ाने की, आज जो पानी पंजाब से भाखड़ा मेन ब्रांच में और नरवाना ब्रांच में आता है वह किन्हीं कारणों से कम आता है। सिल्ट तो भाखड़ा के पानी में कम ही आती है लेकिन थोड़ी तो आती ही है तथा बीड भी उसमें हो जाती है। हमारा जो पानी 10200 क्यूसिक्स आना चाहिए तो वह करीब 9100 क्यूसिक्स ही आता है। कुछ रुपया तो इसके लिए पहली सरकार ने पंजाब सरकार को दे दिया था और जो कुछ बाकी है, वह हम उनको दे देंगे और जितनी जल्दी हो सकेगा हम इसकी कैपेसिटी को पूरा करवाएंगे ताकि 1100 क्यूसिक्स पानी हमारा उसी में बढ़ सके। इसके अलावा आज जो नहरें कच्ची हैं, हम उनको भी पक्का करने का प्रोग्राम बना रहे हैं लेकिन अध्यक्ष महोदय, किसी भी काम को करने में थोड़ा बहुत समय तो लगता ही है। इसी तरह से बहुत से साथियों ने यह भी कहा कि पानी का डिस्ट्रीब्यूशन ऐसा होना चाहिए ताकि दक्षिणी हरियाणा के साथ कोई ज्यादती न हो। दक्षिणी हरियाणा के साथ हम कोई भी ज्यादती नहीं करेंगे। आज जो भाई दक्षिणी हरियाणा से भेदभाव की बात करते हैं वे भी पहले पावर में रह चुके हैं। लेकिन दक्षिणी हरियाणा में जो लिफ्ट इरीगेशन की स्कीम लेकर आया था, वह मैं ही था। मेरे जाने के बाद वहां पर एक ईंट भी नहीं लगायी गयी। दक्षिणी हरियाणा की चिंता किसी और से ज्यादा मेरे को है। दक्षिणी हरियाणा से कई मंत्री भजनलाल जी की कैबिनेट में भी रह लिए, देवीलाल की कैबिनेट में भी रह लिए और चौटाला साहब की कैबिनेट में भी रह लिए मगर जे० एल० एन० कैनाल में एक ईंट नहीं लगी। हम यह भी नहीं कह सकते कि सिरसा का पानी इकट्ठा कर दक्षिणी हरियाणा में ले आएं या नरवाना, कैथल, कुरुक्षेत्र का पानी दक्षिणी हरियाणा में भेज दें। मेरे लिए ऐसे ही नारनौल है, ऐसे ही तोशाम है, ऐसे ही सिरसा व जींद है, ऐसे ही कुरुक्षेत्र व कालका है और ऐसे ही होडल व पलवल हैं। (तालियां) हम किसी से भी डिसक्रिमिनेटिव ट्रीटमैंट नहीं करेंगे। सिरसा में भी पानी की कमी है। सिरसा में भी बालू रेत उड़ रही है और नरवाना में भी बालू रेत उड़ रही है। जब मैं पहली बार मुख्यमंत्री बना था तो एक ऐग्रीमेंट उस समय के राजस्थान के सिंचाई मंत्री श्री बरकतुल्ला खां के साथ किया था। हरीके से दो अढ़ाई हजार क्यूसिक पानी पाकिस्तान को जाता है। उस पानी के लिए एग्रीमैंट किया था कि वह पानी हम हरियाणा के खर्च पर हरीके में राजस्थान कैनाल में डालें और राजस्थान कैनाल से वह पानी सिरसा में दे दें। उस एग्रीमैंट में हमने यह भी किया था कि ओटू की जो झील है उसे बढ़ा दें, गहरा कर दें और उसके आगे जो बांध है उसकी क्षमता बढ़ाकर, उसे ऊंचा करके ऐसा कर दें कि जो पानी हरियाणा इस्तेमाल कर सके वह

हरियाणा कर ले और हरियाणा जो इस्तेमाल न कर सके वह राजस्थान सरकार नौहर के लिए नहर बना कर ले जाए। वह एग्रीमैंट आज तक इम्प्लीमैंट नहीं हुआ। अब हम उसको भी टेकअप करेंगे। वह पानी भी लाएंगे । आज जब हम ओटू की झील के ऊपर से निकलते हैं, वैराज के ऊपर से निकलते हैं तो दुख होता है, जी को ठेस पहुंचती है। जो ओटू की झील का कैचमैन्ट एरिया है उसमें फसल पैदा करते हैं। घग्गर का पानी निकालने के लिए अब छोटा सा नाला रह गया है। सिरसा के ओटू के हिस्से में जो बाढ़ आती है वह उसी की वजह से आती है वह पानी आगे निकल जाए तो ठीक है। ओटू की झील को गहरा कर दिया जाए तो उस पानी का सही इस्तेमाल हो सकता है। पहले की सरकारें इस चीज के ऊपर ध्यान नहीं दे पाई यह अफसोस की बात है हमारा उसको भी टेकअप करने का इरादा है।इसी तरह यमुना नदी में एक साल में 87 दिन में करीब एक लाख क्यूसिक पानी बाढ़ का चलता है। हमारा इरादा है कि उस पानी में से पानी लेकर जो वैस्टर्न यमुना कैनाल का नहरी सिस्टम है, उसको स्ट्रैन्थन करें और नहरों को पक्का करके पानी सब जगह पहुंचाएं। वह पानी नारनौल तक जा सकता है। 87 दिन यानी तीन महीने में से तीन दिन कम। इस प्रकार अगर तीन महीने किसान को हम यमुना नदी का बाढ़ का पानी दे दें तो तीन महीने में खरीफ की फसल पक जाएगी और रबी की फसल काश्त हो जाएगी। उसके बाद कहीं नहर का पानी आ जाएगा, कहीं टयूबवैल का, कहीं फव्वारे से और कहीं माहवट भगवान कर देगा तो किसान का गुजारा हो जाएगा। यह स्कीम पहले से बनाई हुई है मगर इस पर गौर नहीं किया गया। अब सवाल रहा एस० वाई० एल० नहर के बारे में मैंने तो पहले भी बहुत तेजी से काम किया था। आदरणीय मैम्बर श्री चरण दास शोरे वाले कह गए कि मैं 1976 में मुख्यमंत्री था। मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि मैं 1976 में मुख्यमंत्री नहीं था देश का रक्षा मंत्री था। आप इसे थोड़ा दुरूस्त कर लें। 12650 क्यूसिक पानी की नहर भीमगोडा, हरिद्वार के पास है। वहां से लेकर करनाल तक की बनाने के लिए मैंने भारत सरकार को स्कीम भेजी थी। प्लानिंग कमिशन में कोई चीज जाये और उनको वायेबल नजर न आये तो एक मिनट में चिट्ठी लिख देते हैं कि यह मंजूर नहीं। इस नहर को बनाने के लिए भी उनकी न मंजूरी की चिट्ठी आई। मैंने इन्दिरा जी से बात की तो इन्दिरा जी ने कहा की आप कागजी कार्यवाही पूरी करवा लो मैं आपको यह नहर बनाने की इजाजत दे दूंगी। इस बीच में मैं दिल्ली चला गया और यहां किसी ने उस चीज़ पर ध्यान नहीं दिया। आज गंगा का पानी राजस्थान भी मांगता है, मध्यप्रदेश भी मांगता है और पानी की जरूरत हमको भी है। अगर ये कहें कि यह केस बन्द हो गया था तो भारत सरकार में इन्टर-स्टेट के मामले बन्द भी हो जाते हैं और खुल भी जाते हैं। अध्यक्ष महोदय, एस० वाई० एल० और रावी-ब्यास के पानी का पहले भारत सरकार ने फैसला किया और भारत सरकार ने जब फैसला किया उस वक्त इत्तफाक से मैं भी केन्द्र में मंत्री था। कैबिनेट में यह फैसला हुआ। इन्दिरा जी ने कहा कि हरियाणा को 3.55 मिलियन एकड़ फीट पानी मिलेगा और पंजाब को from the remaining water of Ravi Beas not exceeding 3.5 M.A.F. हरियाणा का खाता खुला था कि ज्यादा पानी हो तो और ले लो परन्तु पंजाब को 3.55 मिलियन एकड़ फीट से ज्यादा नहीं। उसके कुछ दिन बाद चौधरी भजनलाल जी आये। ये जहां हरियाणा के मुख्यमंत्री थे वहां पंजाब में सरदार दरबारा सिंह और राजस्थान में श्री शिव चरण माथुर जी मुख्यमंत्री थे। इन तीनों का आपस में फैसला हो गया। उस फैसले में हरियाणा का शेयर तो 3.55 मिलियन एकड़ फीट ही रहा और पंजाब का जो शेयर था वह चौधरी भजनलाल जी ने 4.22 मिलियन एकड़ फीट कर दिया। राजस्थान का 8.00 मिलियन एकड़ फीट से 8.60 मिलियन एकड़ फीट कर दिया। उस पर दस्तखत कर दिए और एग्रीमैंट हो गया। उसके बाद वह फैसला भी नहीं माना गया। फिर यह केस इराडी ट्रिब्यूनल को चला गया। इराडी ट्रिब्यूनल ने भी फैसला कर दिया। परन्तु हमारे पंजाब के भाई इस बात को भी नहीं मान रहे थे तो इसके लिए पहले की जो

[श्री बंसी लाल]

सरकार थी, वह सुप्रीम कोर्ट में चली गई । मैंने कागज तो अभी तक नहीं देखे हैं लेकिन जो चौधरी भजनलाल जी ने सदन में बताया उसके हिसाब से लगता है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में ठीक गई । हम उस केस को परसू करेंगे और दूसरी तरफ साथ ही साथ हम पंजाब की सरकार से भी बात करेंगे। पंजाब हमारा बड़ा भाई है और हम उनके छोटे भाई हैं। हम कहेंगे कि हमारा पानी दे दो, हमारे हिस्से का पानी दे दो। हम उनका तो मांग नहीं रहे। इसी तरह से गंगा का पानी है, उसको लाने के लिए केस को री-ओपन करवाकर हमारी भरसक कोशिश होगी कि गंगा का पानी लायें। अगर गंगा का पानी लाने में हम कामयाब हो जाते हैं तो हमारी बहुत सी कठिनाइयां किसानों की और हरियाणा के लोगों की पानी की दूर हो जायेंगी। अध्यक्ष महोदय, हर आदमी यह मानता है की एस० वाई० एल० हरियाणा की बैकबोन है। उसको तो जल्दी से जल्दी बनाने का प्रबन्ध करना ही पड़ेगा। अब अदालत का दरवाजा खटखटा ही दिया है और जैसा कि भजनलाल जी ने बताया कि केस का नम्बर आने वाला है और लिस्ट होने वाला है, उसको हम परसू करेंगे। अब रही बात यमुना नदी के पानी के समझौते की। यह ठीक है कि जब मैं अपोजीशन में बैठा था तो मैंने यह कहा था कि इस समझौते में हमको पानी का नुक्सान हुआ है। लेकिन उस वक्त मैंने यह बात भी कही थी कि मैं नेशनल कैपिटल को पानी देने के लिए मना नहीं करता। स्पीकर साहब, उस वक्त आप भी हमारे साथ वहीं बैठे थे। मैंने दिल्ली को पानी देने के लिए कभी मना नहीं किया। वह नेशनल कैपिटल है, भारत की राजधानी है, संसार के बहुत से राजदूत वहां रहते हैं और भारत के राष्ट्रपति वहां रहते हैं। मैंने कहा था कि सारा पानी हरियाणा के ही हिस्से का क्यों दिया जा रहा है। हरियाणा तो हिन्दुस्तान का 1.62 प्रतिशत हिस्सा है। हमारा उतना ही पानी का हिस्सा दो बाकी पानी दूसरे प्रदेशों का हो । राजस्थान कैनाल से जो राजस्थान को पानी जाता है, वह पूरा इस्तेमाल भी नहीं कर सकते। मैं कहता हूं कि राजस्थान को भी जब यमुना का पानी मिला है तो हमको भी उसके बदले का पानी राजस्थान कैनाल से सिरसा जिले में मिलना चाहिए। हम इस उद्देश्य के लिए कोशिश करेंगे, मीटिंग्ज़ करेंगे, राजस्थान के मुख्यमंत्री से मिलेंगे और भारत सरकार के संबंधित मिनिस्टर से भी मिलेंगे। मेरा मतलब है कि हम राजस्थान से पानी लाने का भरसक प्रयत्न करेंगे। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि राजस्थान के हिस्से का पानी भी दिल्ली को जाना चाहिए और राजस्थान को जो यमुना का पानी मिला है, उसके बदले का पूरा पानी हमें मिलना चाहिए। उत्तर प्रदेश हरियाणा से 7-8 गुना बड़ा प्रदेश है। यू०पी० में तो यमुना का पानी भी जाता है, गंगा का पानी भी जाता है तथा वहां और भी बहुत सी नदियां हैं। अतः यू०पी० से वह पानी दिल्ली में आसानी से लिया जा सकता है। पूर्वी दिल्ली में राम गंगा का पानी पहले ही आता है। उसको और भी बढ़ाया जा सकता है। इसलिए हम चाहते हैं कि हरियाणा के हितों पर कुठाराघात न हो। लेकिन हरियाणा के हिस्से का ज्यादा पानी जो दिल्ली को चला गया, वह पानी तो दिल्ली को देना पड़ेगा।क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने अभी थोड़े दिन पहले यह आदेश जारी किए हैं कि हरियाणा दिल्ली में पानी की शोर्टेज नहीं होने देगा। इसलिए हम सुप्रीम कोर्ट से ऊपर तो हैं नहीं, इसके हुक्म की पालना तो हमें करनी पड़ेगी। हमारे फाईनैंशियल कमीशनर (इरीगेशन) तो मुख्यमंत्री समेत कंटैम्पट ऑफ कोर्ट में सुप्रीम कोर्ट में जाते रहे हैं। शायद अब भी जा रहे होंगे, पता नहीं इनका पीछा अभी तक छूटा भी है कि नहीं, मैं कुछ कह नहीं सकता। आज अगर हम भी इसकी अवहेलना करेंगे, तो मुझे भी कटघरे में खड़ा होना पड़ेगा। इसलिए हम उस पानी की पूर्ति जो हरियाणा के हिस्से का दिल्ली को दिया गया, इन तरीकों से करने की कोशिश करेंगे और अगर भगवान ने चाहा तो अवश्य कामयाब होंगे। इसके अतिरिक्त जो मौजूदा नहरें हैं, उसकी डिसिल्टिंग के लिए भी हम प्रबन्ध कर रहे हैं। जहां तक ड्रेन्ज का सवाल है, इनकी सफाई एक लंबे अर्से से नहीं हुई है। पिछले साल ड्रेन नं० 8 की सफाई अच्छी तरह

से नहीं हुई थी। उसमें दरख्त, जैसे कीकरों के पेड़, दूसरे पेड़ या बुशिज़ वगैरह कट-कटकर पानी में चलकर साईफन को रोके हुए थे। परिणामस्वरूप पानी के निकलने की जगह नहीं थी। एक सबसे बड़ा कारण तो यह था कि कई सालों के बाद असाधारण बारिश हुई, जिसकी वजह से इतनी बाढ़ आई। लेकिन अगर बाढ़ संबंधी प्रबंध हमारे ठीक होते, ड्रेन्ज की सफाई ठीक होती, नहरों की सफाई ठीक होती तो हमें इतनी तकलीफ नहीं झेलनी पड़ती। अध्यक्ष महोदय, दादरी के ऊपर की साईड में लोग बाढ़ की वजह से डूबे रहे। आपकी कंस्टीच्यूएंसी में भी, कलानौर कंस्टीच्यूएंसी में भी तथा रोहतक जिले के दूसरे हिस्सों में भी ऐसा ही हुआ। मैं यह बताना चाहता हूं कि लौहारू कैनाल व इंदिरा गांधी कैनाल की लिफ्ट इरीगेशन स्कीम में 38 पम्प हैं। अध्यक्ष महोदय, उनमें से केवल 8 से ज्यादा नहीं चले थे। केवल एक दिन कुछ घंटे के लिए 12 पम्प चले थे। आगे तो पम्प चले नहीं। आगे तो बारिश न होने की वजह से अकाल पड़ गया तथा पीछे गांव डूब गए, पानी की वजह से अकाल पड़ गया। मैं विश्वास दिलाता हूं कि हम उन सभी कमियों को भी दूर करेंगे।इसी तरह से रोहतक और सोनीपत के इलाके का पानी जे०एल०एन० नहर में निकाला जा सकता था। मगर जे० एल० एन० के पम्प हाऊस काम नहीं कर रहे थे। इसलिए महेन्द्रगढ़, रिवाड़ी, नारनौल तथा सतनाली में बारिश न होने की वजह से अकाल पड़ गया और ऊपर का इलाका इसलिए डूब गया क्योंकि पम्प हाऊसों ने काम नहीं किया। मैं यकीन दिलाता हूं कि हम इनको भी सुधारने के लिए काम कर रहे हैं। मैं भी 2-3 मीटिंगज़ कर चुका हूं, चीफ सैक्रेटरी भी 2-3 मीटिंग कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त, जितने बाढ़ से प्रभावित इलाके थे, जहां-जहां बाढ़ आई थी, मैं खुद बाढ़ का प्रबंध देखने के लिए 15 दिन के अंदर अंदर फाईनैंशियल कमीशनर (इरीगेशन) व इंजीनियर्ज को साथ लेकर दौरा करने जा रहा हूं। वहां मैं मौके पर ही स्टडी करूंगा, मौके पर ही फैसले करूंगा तथा भगवान् ने चाहा तो इस बार बाढ़ से हरियाणा की जनता को तकलीफ नहीं होने देंगे। (थम्पिंग) इसके साथ-साथ पीने के पानी की भी समस्या बहुत ज्यादा है। ऑनरेबल मैम्बर्ज ने भी कई जगहें बताई हैं, जहां पानी की तकलीफ है। मैं मानता हूं कि पानी की तकलीफ है। खुद मेरी अपनी कंस्टीच्यूएंसी में 50-60गांव ऐसे हैं, जिनमें 3-4 साल से पानी नहीं गया और लोगों ने डोल भरी निकाल लिए। बाकी लोगों को भी ऐसी ही तकलीफ है तो उनकी सारी तकलीफों से मैं ना नहीं करता, मैं इस बात को मानता हूं कि वे सारी तकलीफें हैं। इसके लिए मैं किसी को ब्लेम नहीं करता। अब तो सारी जिम्मेदारी हमारे ऊपर है। अध्यक्ष महोदय, शिवालिक हिल्ज से जो टोरैंटस आते हैं उनके बारे में हम यह कोशिश करेंगे कि उनको हम टेम करें। उधर से कई टॅरैंटस आते हैं। जैसे टांगरी नदी, शाहबाद मारकण्डा और घग्गर नदी उन सभी का पानी हम इस्तेमाल करने की कोशिश करेंगे। पंचकूला के पास घग्गर नदी पर बांध बना कर उसके पानी को इरीगेशन के लिए और पंचकूला के लोगों के लिए पीने के पानी का प्रबन्ध करने की कोशिश करेंगे।अध्यक्ष महोदय, चार नदियां राजस्थान से आती थी जैसे हमारे साथियों ने बताया। यह बात ठीक है कि पिछले साल भाई रामबिलास शर्मा ने बताया था कि राजस्थान वालों ने 30-35 बांध बना लिए, यह इलाका इनकी कांस्टीच्यूएंसी के साथ लगता है। हम इस बारे में राजस्थान के मुख्य मंत्री से बात करेंगे कि वे उन बांधों का कोई ऐसा प्रबन्ध करें जिससे हमें हमारे हिस्से का पानी मिले। क्योंकि हमारा राईपेरियन राइट बना हुआ था। पिछले सैंकड़ों हजारों सालों से वह पानी हमारे प्रदेश में आता था। अगर वो वहां से हमें पानी देने में कोई मजबूरी जाहिर करते हैं तो वे हमें राजस्थान कैनाल से सिरसा जिले में पानी दे दें। जितना पानी वे हमें राजस्थान कैनाल से सिरसा जिले में दे सकें वह सिरसा जिलें में दे दें और बाकी का पानी दूसरे इलाको में दे दें। अध्यक्ष महोदय, मैं पानी की कमी की पूर्ति करने की कोशिश करूंगा। मसानी बांध की चर्चा यहां हाउस में आई। अध्यक्ष महोदय, मसानी बांध जब बनाया गया उस समय उसमें गेट नहीं लगाए गए। वैसे तो मसानी बांध ऐसी मनहूस घड़ी में बना था, ऐसे वक्त

[श्री बंसी लाल]
पर बना था कि उसके बनने के बाद उसमें कभी भी पानी नहीं आया। अध्यक्ष महोदय, उस समय की सरकार ने एक गलती यह की कि मसानी बांध बनाने का खर्चा दिल्ली सरकार से लेना चाहिए था जोकि नहीं लिया गया। वह बांध दिल्ली को बचाने के लिए बनाया गया था, इसलिए उस पर जितना पैसा खर्च किया गया वह सारा पैसा दिल्ली की सरकार से लेना चाहिए था न कि हमें बर्दाश्त करना चाहिए था। उस पर 40-45 करोड़ या जितना भी पैसा खर्च हुआ वह हमारे खजाने से खर्च नहीं होना चाहिए था। वह सारा पैसा दिल्ली की सरकार से लेना चाहिए था। मगर जो भी कुछ है, हम वह पैसा दिल्ली की सरकार से लेने की कोशिश करेंगे। दिल्ली की सरकार अब वह पैसा दे या न दे, उसका प्रबन्ध भी हम करेंगे। अध्यक्ष महोदय, जहां तक बिजली का सवाल है, इस वक्त बिजली के जो लाईन लोसिज हैं लगभग 40 परसैंट हैं और उसकी राष्ट्रीय औसत 21.04 परसैंट है। इसको भी हम चैक करेंगे। इस बारे में हम यह सोच रहे हैं कि जो फीडर हैं उन पर मीटर लगा दें उससे यह पता चल सकेगा कि फीडर से आगे इतनी बिजली सप्लाई की गई और इतनी बिजली की पेमेंट आई। यदि बिजली फीडर से आगे ज्यादा सप्लाई होगी और पेमेंट कम आएगी तो बाकी की बिजली कहां गई, उसका एक-एक लाईन के जो अधिकारी इन्चार्ज हैं, उनसे हिसाब पूछा जाएगा। इस चीज का हम पूरे तौर पर प्रबंध करने की कोशिश करेंगे। चौधरी भजन लाल जी ने कल बताया था कि बिजली के बारे में कई एग्रीमैंट किए हुए हैं लेकिन अभी तक किसी कंट्री के साथ इस बारे में कोई फाइनल एग्रीमैंट नहीं हुए हैं।

**श्री भजन लाल :** चौधरी साहब मैं आपको बताना चाहूंगा कि हमने इजराईल की एक कम्पनी के साथ पावर परचेज का फाइनल एग्रीमैंट किया था, यह आप फाईल से देख लें। यह बात रिकार्ड में मौजूद है।

**श्री बंसी लाल :** वह मैं देख लूंगा। मगर मुझे जो बताया गया है वह यह है कि अब तक इस बारे में कोई फाइनल एग्रीमैंट नहीं हुआ है। इस बारे में मैंने एक घंटा पहले अधिकारियों से बात की है। अभी तक किसी के साथ इस बारे में कोई भी फाइनल एग्रीमैंट नहीं हुआ है। पिछली सरकार ने जो अच्छे काम किए हैं उनको हम रोकेंगे नहीं उनको तेजी के साथ आगे बढ़ाएंगे। अगर हम यह समझेंगे कि यह काम प्रदेश के भले में नहीं है, उसको हम रिव्यू करेंगे और उसको हम दुरूस्त करने की कोशिश करेंगे। अध्यक्ष महोदय, हमने पंजाबी भाषा को दूसरी भाषा का दर्जा दिया है। उसके बारे में चौधरी भजन लाल जी ने कहा कि उन्होंने पंजाबी भाषा को दूसरी भाषा का दर्जा दिया था। मगर हमने पंजाबी भाषा को जो दूसरी भाषा का दर्जा दिया उसमें और चौधरी भजन लाल जी ने इसको जो दूसरी भाषा का दर्जा दिया, उसमें काफी अन्तर है। वह अन्तर भी मैं बता देता हूं कि वह क्या है। एक अंतर यह है कि पहले तो यह था कि पहली जमात में अगर 8 स्टूडैंट पंजाबी भाषा के पढ़ने वाले हैं तो उनको टीचर दिया जाएगा। हमने 8 की बजाये 4 कर दिया। पहले यह था कि 30 स्टूडैंट अगर प्राईमरी स्कूल में हों तो पंजाबी का टीचर दिया जाएगा, उसको हमने घटाकर 15 कर दिया। पंजाबी के जो टीचर्ज की 550 की कमी है, वह पिछली सरकार मंजूर कर गई थी लेकिन रिक्रूटमैंट उन्होंने नहीं किया। हम इस रिक्रूटमैंट को 3 महीने में कर लेंगे। पंजाबी भाषा के टीचरों की जो कमी है वह इस अवधि में पूरी कर देंगे। एक हमने नया सिस्टम किया है कि पंजाबी भाषा में 8वीं व 10वीं में पहले 30 नंबर पर आने वाले बच्चों को 2 साल के लिए 50-50 रुपये वजीफा देंगे। पहले छूट यह थी कि 8वीं व 10वीं क्लास में पंजाबी मीडियम में इम्तहान दे सकते थे अब यह छूट हमने 10+2 में भी दे दी है। इसी प्रकार से हमने एक पंजाबी साहित्य अकादमी को स्थापित करने का भी फैसला कर लिया है। इसके अलावा विरोधी साथियों में से कोई भी

साथी यह सुझाव दे कि किसी भी प्रदेश में दूसरी भाषा को जो भी दर्जा दिया गया है, उससे हमारे फैसले में कोई कमी हो। हिन्दुस्तान में किसी प्रदेश में दूसरी भाषा को इससे अच्छा दर्जा दिया गया हो , तो उस सुझाव को भी मैं बड़ी खुशी से मान सकता हूं।

**श्री भजन लाल :** आपने कह तो दिया कि सैकिण्ड भाषा कर दी है लेकिन यह सैकिण्ड भाषा नहीं है।

**श्री बंसी लाल :** मैंने यह कहा है कि पूरे हिन्दुस्तान में दूसरी भाषा का जो भी अच्छा दर्जा हो, वह दे सकते हैं।

**श्री भजन लाल :** पंजाब में दूसरी भाषा पंजाबी है। लेकिन हरियाणा में पहली भाषा हिन्दी है, दूसरी लैंग्वेज इंग्लिश है। आपने तेलगू भी लागू की थी तो तेलगू भी रहेगी, अब आपने पंजाबी भी लागू कर दी, पंजाबी भी रहेगी। हमने उर्दू भी लागू की थी। मेहरबानी करके पंजाबी के साथ-साथ उर्दू भी लागू करिये। दूसरी बात यह है कि पंजाबी भाषा के 553 टीचर्ज की कमी थी, वह हमने सैंक्शन कर दी थी लेकिन इलैक्शन आ गए, जिस कारण हम सिलेक्शन नहीं कर सके। हमने तो पहले ही पंजाबी भाषा के लिए काफी कुछ कर दिया था। अब आपने अच्छा किया है कि 8 स्टूडैंट की बजाये 4 कर दिए और 30 स्टूडैंट की बजाये 15 कर दिए, इन पर एक पंजाबी टीचर्ज लगाया जाएगा। जो आप अच्छा काम करेंगे उसकी हम सराहना करेंगे। लेकिन सैकिण्ड लैंग्वेज आप पंजाबी को नहीं कह सकते।

**श्री बंसी लाल :** मैंने कहा है कि पंजाबी भाषा दूसरी भाषा है। (विघ्न)

**Home Minister** (Shri Mani Ram Godara) : Speaker Sir, This is not the way of interrupting in the proceedings of the House. This is not the question hour.

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, मैंने यह बात साफ कर दी है फिर भी भजन लाल जी कह रहें हैं कि यह दूसरी भाषा का दर्जा नहीं है। मैं कहता हूं कि देश में किसी प्रदेश में दूसरी भाषा को जो दर्जा दिया गया है, वह मेरे से ले लें। मेरे को सुझाव दे दें, मैं कर दूंगा। जहां तक बुढ़ापा पैंशन की बात है, वह भी 30 तारीख तक मिल जाएगी।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, चौधरी बंसी लाल एक बात को स्पष्ट नहीं कर पाए, इनको क्लीयर कट निर्णय लेना चाहिए। इनके चुनाव घोषणा पत्र में भी यह बात कही थी और इस गवर्नर एड्रैस में भी यह बात आई है। ये इस बात को स्पष्ट करें कि क्या पंजाबी भाषा सैकिण्ड लैंग्वेज मानी जाएगी। ये लोक सभा में भी रहें हैं, डिफैंस मिनिस्टर भी रहे और रेलवे मिनिस्टर भी रहे हैं। देश के संविधान के मुताबिक हिन्दुस्तान में एक भाषा हिन्दी है और दूसरी भाषा अंग्रेजी है। जैसे इन्होंने बताया कि सैकिण्ड लैंग्वेज पंजाबी है। ये इस बात को स्पष्ट करें कि हरियाणा में पंजाबी भाषा सैकिण्ड लैंग्वेज है, थर्ड लैंग्वेज है, फोर्थ अथवा फिफ्थ लैंग्वेज है ?

**श्री बंसी लाल :** दूसरी भाषा है। स्पीकर सर, चौधरी भजन लाल जी ने उर्दू के बारे में बात कही है। (विघ्न) उर्दू को उन्होंने जो दर्जा दे रखा था उसको हम कम नहीं करेंगे। उर्दू के प्रोत्साहन के लिए चौधरी खुर्शीद अहमद जी जो सुझाव देंगे, वे हम मान लेंगें। इसमें कोई एतराज नहीं है क्योंकि मेवात एक पिछड़ा हुआ ऐरिया है। ट्रांसपोर्ट के परमिट्स के बारे में एक बात आई। ट्रांसपोर्ट परमिट्स जो पिछली सरकार ने दिए, वे सारे इतने छोटे रूट्स पर दिए कि लड़कों की किश्तें नहीं पहुंची। अब इस बारे में हम पौलिसी डिसीज़न लेने जा रहे हैं, 100 कि०मी० या 125 कि०मी० दोनों में से एक तय करेंगे कि उतने

[श्री बंसी लाल]

लम्बे परमिट्स कोआप्रेटिव सोसाईटीज के ज़रिये अन-एम्पलायिड यूथस को देंगे ताकि उन सबको रोजगार मिल सके। इसके साथ ही स्पीकर सर, गाड़ियों के एक्सीडैंट्स काफी ज्यादा होते हैं। हमारी रोडवेज की क्या हालत है। हमारी रोडवेज़ से एक्सीडैंट्स भी ज्यादा होते हैं। ड्राईवर्ज़ और कण्डक्टर्ज़ के बारे में किसी आनरेबल मैम्बर ने कहा कि वे ठीक बिहेव नहीं करते। हम उनको रिफ्रैशर कोर्स देंगे ताकि उनका बिहेवियर ठीक हो, वे हिसाब से भी चलें और कायदे कानून से भी चलें। अध्यक्ष महोदय, ट्रांसफारमर्ज़ के बारे में भी बात कही गई। ट्रांसफारमर्ज़ के बारे में हमने कहा था कि 3 महीने के अन्दर-अन्दर 24 घण्टे में ट्रांसफारमर बदला जाएगा। हम छोटे स्तर पर ऐसे बैंकस बना देंगे कि 24 घण्टे के अन्दर-अन्दर ट्रांसफारमर्ज़ बदले जाएंगे, 25 घण्टे नहीं होंगे। चौटाला साहब ने पंजाबी भाषा के बारे में बात कही। पंजाबी के बारे में इनको बड़ी चिन्ता है। चौधरी देवीलाल ने 1977 में यह कहा था कि पंजाबी को दूसरी भाषा का दर्जा देंगे। वे 1977 में मुख्य मंत्री बने फिर चौधरी भजन लाल जी द्वारा हाईजैक कर लिए गए। फिर उसके बाद चौधरी देवी लाल जी 1987 में मुख्य मन्त्री और चौटाला साहब भी तीन बार मुख्यमंत्री बने लेकिन इन्होंने इस तरफ कोई गौर नहीं किया। इसका मतलब यह नहीं है कि इनको मुझसे प्रश्न पूछने का हक नहीं है। इनको प्रश्न पूछने का पूरा हक है। इनकी एक-एक बात का मैं जबाव दूंगा। अगर कहीं पर मेरी गलती होगी तो उसको भी ठीक करूंगा। कोई आदमी ऐसा नहीं है जो गलती न करे। (विघ्न) बुढ़ापा पैंशन के बारे में भी हम जल्दी ही कानून पास कर देंगे कि हर महीने की 7 तारीख तक पैंशन उनके घर मिल जाएगी।

**श्री बलवन्त सिंह :** स्पीकर साहब, इनकी 7 तारीख की बात तो हमने मान ली लेकिन मैंने यह पूछा था कि चौधरी देवीलाल जी के राज में 8 लाख 56 हजार लोगों को पैंशन मिलती थी लेकिन चौधरी भजन लाल जी ने इसको घटाकर अढ़ाई लाख कर दिया था और आयु की सीमा अधिक कर दी थी। (विघ्न)

**श्री भजन लाल :** स्पीकर सर, जहां तक आंकड़ो की बात है, यह पैंशन 7 लाख 90 हज़ार यानि करीब आठ लाख लोगों को अब भी मिल रही है।

**श्री बंसी लाल :** जिस आदमी का हक बनता है और पैंशन से उसका नाम कट गया है या किसी कारण नाम रह गया होगा, हम सबको पैंशन देंगे।

**एक आवाज़ :** पैंशन कितने लोगों को देंगे ?

**श्री बंसी लाल :** जो इलिजिबल होंगे सबको पैंशन देंगे, तादाद से हमारा कोई मतलब नहीं है। (विघ्न)

**श्री बलवन्त सिंह :** अध्यक्ष महोदय, परमिट्स की बात तो इन्होंने बता दी। मैंने एक और बात पूछी थी। मैंने जिक्र किया था कि जिस शहर, जिस कस्बे में या जिस इलाके में जो प्राईवेट फैक्ट्रीज़ लगी हुई हैं। उनके लिए वे किसान की जमीन तो ले लेते हैं लेकिन क्या उन किसानों को उन फैक्ट्रीज़ में रोजगार भी देंगे ?

**श्री बंसी लाल :** मैं आपको इस बारे में भी बता दूंगा।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, यह भी बता दें कि पैंशनरों की ऐज क्या रखेंगे।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, ओम प्रकाश चौटाला के वक्त में 65 साल थी, हमने उसको 60 साल किया था।

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, जो ऐज इस समय है, मैं वही रखूंगा। न तो उसे घटाऊंगा और न ही बढ़ाऊंगा। अध्यक्ष महोदय, मैं परमिट्स के बारे में कहना भूल गया। मैं यह कहना चाहता हूं कि जो भी मैटाडोर, टैम्पो और जीप वाला है जिसके पास अपना लाईसैंस होगा, अगर वह हमारे पास आएगा, हम उसको परमिट दे देंगे। इसके अलावा मैं 'जुगाड़' के बारे में कहना चाहता हूं कि यह मामला कोर्ट में चल रहा है और इस मामले में हाईकोर्ट जो भी फैसला देगा, हम उसको मद्देनजर रखते हुए कार्यवाही

15.00 बजे करेंगे। अध्यक्ष महोदय, ट्यूब्वैल्ज़ को जो कनैक्शन हैं, इसका महकमा मेरे पास है। मैं इसको रिव्यू करूंगा और कोशिश करूंगा कि जल्दी से जल्दी ट्यूब्वैल्ज़ के कनैक्शन दे दिए जाएं। इसके अलावा चौधरी भजन लाल जी ने और चौटाला साहब ने कह दिया कि इनकी सरकार भाजपा गठबंधन से आई है, तो मैं कब इस बात से इंकार कर रहा हूं। इसमें ये भी मालिक हैं और हम भी हैं। आप तो इंतजार करते रहना, यह तो ऊंट वाली गिलदर है, यह पड़ेगी नहीं। गीदड़ को भाग कर बैठना पड़ेगा, यह याद रखना। (हंसी) सरकार बनी है, सरकार में बहुमत है, कोई गलत बात नहीं है।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से इनको यह बताना चाहता हूं कि यह मैंने नहीं कहा है। मैंने तो यह कहा था कि यह सरकार चलेगी।

**श्री बंसी लाल :** भजन लाल जी मैं भी उनको ही कह रहा हूं जिन्होंने यह बात कही है।

**विकास तथा पंचायत मंत्री** (श्री जगन्नाथ) अध्यक्ष महोदय, भजन लाल जी बार-बार बीच में खड़े हो जाते हैं और ऐसी बात बोलते हैं जिसका कोई मतलब ही नहीं होता है। अध्यक्ष महोदय, इन्होंने प्रैस कांफ्रेंस में कहा था कि अगर हविपा 20 सीटें भी निकाल लेगी तो मैं सन्यास ले लूंगा।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, मैंने तो यह कहा था कि अगर हविपा अकेली चुनाव लड़ती है और 20 से भी ज्यादा सीटें निकाल लेती है तो मैं सन्यास ले लूंगा। यह मैजोरिटी तो भाजपा के गठबन्धन की वजह से मिली है। अगर ये सोचते हैं कि इनकी वजह से मिली है तो ये आ जाएं और फिर से इलैक्शन करवा लें। पता चल जाएगा।

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी और खुर्शीद जी ने बहुत ही अच्छी बातें कहीं, अच्छे सवाल किए और साथ-साथ हमें वार्निंग भी दे दी। ये दोनों ही पढ़े-लिखे आदमी हैं। चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने शक जाहिर किया कि शराब की स्मगलिंग होगी, उनका शक सही है। मगर मैं उनको यह बात याद दिला दूं कि अब यहां पर चौधरी भजन लाल या चौधरी ओम प्रकाश चौटाला नहीं है, अब मैं हूं।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, ये एक बात और क्लीयर कर दें कि इन्होंने यह कहा था कि बसों की तलाशी ली जाएगी और जिस से शराब मिलेगी, उसको पेड़ से टांग दिया जाएगा। क्या इन्होंने पेड़ों पर सांगल बांध लिए हैं ? (हंसी)

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, यह काम इनका है, मेरा नही है। (विघ्न)

**श्री भागी राम :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है। मैं आपके जरिए मुख्य मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि हरियाणा में जो शराब बनाने की फैक्ट्रियां हैं, तो क्या ये उन फैक्ट्रियों के लाईसैंस कैंसिल करेंगे या और कुछ करेंगे या फिर ये फैक्ट्रियां अपनी शराब बनाकर हरियाणा से बाहर ही भेजेंगी। अगर ये अपनी शराब बाहर नहीं भेजेंगी तो कहां भेजेंगी ? मुख्य मंत्री जी ने शराबबंदी लागू करने के लिए तो कहा है ये हमें इस बारे में भी बता दें।

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, हम यह भी कोशिश करेंगे कि शराब की स्मग्लिंग भी न हो और जैसा पहले मैंने आपके सामने निवेदन भी किया कि इस काम के लिए हमें आप सभी भाईयों का, आम जनता का और जो सामाजिक संस्थाएं हैं, सभी का सहयोग जरूर चाहिए। मुझे आप सभी भाइयों से यह उम्मीद भी है कि आप सभी इस काम में हमारा सहयोग करेंगे। हमें यह भी उम्मीद है कि हमारी बहनें और माताएं भी हमें इस काम के लिए सहयोग करेंगी क्योंकि सबसे ज्यादा तकलीफ शराब से उनको ही होती है। अध्यक्ष महोदय, हम इनके सहयोग से और आर्शीवाद से तथा आप सभी साथियों के सहयोग से शराब को बंद करने में कामयाब होंगे।

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** बंसी लाल जी ने शराबबंदी के बारे में तो ठीक ही कहा लेकिन जो दूसरे नशे हैं जैसे अफीम है या भुक्की है, तो इनके बारे में भी क्या आप कोई इंतजाम करेंगे ? अभी जिस जिले को आप अढ़ाई हजार क्यूसिक पानी और दिलाना चाहते हैं वहीं पर ही यह अफीम और भुक्की आती जाती है। तो क्या इस बारे में भी कुछ विचार करेंगे ?

**श्री बंसी लाल :** हम इसका भी इंतजाम करेंगे। अध्यक्ष महोदय, बीरेन्द्र सिंह जी ने जिस भुक्की की बात कही, यह बात ठीक है कि हमारे प्रदेश में अभी यह उस इलाके में ट्रक के ट्रक आती है, जिस इलाके की तरफ बीरेन्द्र सिंह जी ने बताया है। हम इसको नहीं आने देंगे तथा हम इसको रोकेंगे। मैं आनरेबल मैम्बर्ज से भी प्रर्थना करूंगा कि वे सब भी हमको इस काम में सहयोग दें। अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा एक बात यहां पर शराब की फैक्ट्रियों के बारे में भी कही गयी कि क्या हम इनको भी बंद करेंगे या चालू रखेंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं तो व्यक्तिगत रूप से इस राय का हूं कि ये शराब की फैक्ट्रियाँ भी बंद होनी चाहिएं क्योंकि कहीं ऐसा न हो कि वहां पर ही गड़बड़ न हो जाए। लेकिन इस काम को करने से पहले हमें अदालत को भी देखना होगा कि हम तो इस बारे में आर्डर कर दें और जुडीशियरी में हमारे वे आर्डर स्टैंड न करें। अध्यक्ष महोदय, हम यह भी देखेंगे कि अगर शराब निकालने वाली फैक्ट्रियों के चलाने से हमारी आमदनी ज्यों की त्यों रहे बशर्ते कि हम 100 परसैंट यह श्योर कर लें कि हमारे प्रदेश में एक बोतल भी नहीं उतरेगी और 100 परसैंट बाहर चली जाएगी। यदि इनके चलने से हमारे ऐक्सचैकर को फायदा होगा तो हमको इन्हें चलाने में भी कोई नुकसान नहीं है। हम किसी के खिलाफ द्वेष भावना से या किसी और बात से कोई फैसला नहीं करेंगे बल्कि हम वह फैसला करेंगे जो हरियाणा की जनता के हक में हो तथा हम वह फैसला करेंगे जिससे हरियाणा में कोई भी शराब न पी पाए। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने एक बात और कही कि जो शराब की स्मग्लिंग करेंगे, उनको पोलिटिकल पैट्रीनेज मिलेगा। मैं उनको इस बात का आश्वासन ही दे सकता हूं कि हमारी दोनों पार्टियों की तरफ से तो मैं गारंटी लेता हूं कि किसी को भी पैट्रीनेज नहीं मिलेगी। इसके अलावा चौधरी बीरेन्द्र सिंह ने यह भी चर्चा की कि पुलिस के कुछ अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट ने सजा की थी तथा अब उनका क्या होगा। अध्यक्ष महोदय, जो बात चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी कह रहे हैं, वही बात मैं भी कल तक सामने बैठ कर कह रहा था। लेकिन अब तो मैं इस बारे में कागज देखकर ही कहूंगा, हम इसको रिव्यू जरूर करेंगे। इसी तरह से चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने यह भी कहा कि अब एस०पीज० की ए०सी०आर०, डी०सी० लिखेंगे। अध्यक्ष महोदय, यह तो मेरा पहले का भी तजुर्बा है। अंग्रेजी राज में भी ऐसा ही था तथा भीमसैन सच्चर के समय तक भी ऐसा ही होता था कि एस०पी० की ए०सी०आर० डी०सी० ही लिखता था। परन्तु उसके बाद यह प्रथा ऐग्जीक्यूटिव आर्डर के जरिए बंद कर दी गयी वरना कानून के अनुसार तो इनकी ए०सी०आर० डिप्टी कमिश्नर या डिस्ट्रिक मैजिस्ट्रेट ही लिखता था।

**श्री भजन लाल :** चौधरी साहब यह ठीक है कि डी०सी० जिम्मेवार अफसर है, जिले का हैड

है, उसको अधिकार होने चाहिएं। लेकिन पुलिस के कुछ कर्त्तव्य हैं, कुछ काम ऐसे हैं, कुछ सीक्रेसी हैं कुछ सीक्रेट्स हैं। वे डी०आई०जी० और डी०जी० को ही बता सकते हैं। अगर ऐसी बात बीच में जाएगी तो पुलिस के जो काम हैं उनमें बड़ी भारी रुकावट आएगी। दो बातों पर आपको विचार करना चाहिए। एक तो एस०पीज० की रिपोर्ट डी०सी० लिखेगा तो डी०आई०जी० और डी०जी० का क्या काम रहेगा। यह बहुत दिक्कत का काम है। इस बारे में आप विचार कर लेना। दूसरे, आपने जो कहा है कि यूनियन बनानी चाहिए। यूनियन बनाना भी आसान काम नहीं है। आज डी०आई०जी० और एस०पी० के सामने सिपाही आकर बैठेगा और कहेगा कि मैं यूनियन का प्रेजिडैण्ट हूं तो क्या वह उस सिपाही से आमने-सामने बात करके अनुशासन रख सकेगा ? इन दोनों बातों के बारे में मेहरबानी करके आप स्पष्टीकरण दें।

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, मैंने यूनियन बनाने की हां नहीं की थी, ऐसोसिएशन बनाने की हां की थी। आज आई०ए०एस० आफिसरों की ऐसोसिएशन है, आई०पी०एस० की एसोसिएशन है और आई०एफ०एस० की भी एसोशिएशन है तो फिर अगर हम एक कांस्टेबल, हैड कांस्टेबल, इंस्पैक्टर या सब-इंसपैक्टर को ऐसोसिएशन बनाने की इजाजत देते हैं तो उसमें कोई पोलिटीशयन तो आ नहीं सकेगा। सब सरकारी मुलाजिम हैं, डिसिप्लन्ड आदमी हैं। हम उनको इजाजत देंगे। हिन्दुस्तान में 14 और स्टेटों ने ऐसी इजाजत दे रखी है, हम भी देंगे, इसका कोई नतीजा खराब नहीं होगा। रही बात ए०सी०आर० लिखने की (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** चौधरी भजन लाल के दिमाग में सन्देह है कि यूनियन और ऐसोसिएशन एक ही बात है।

**श्री बंसी लाल :** नहीं अध्यक्ष महोदय, वे मेरी बात समझ गए हैं।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, आपको भी ज्ञान होना चाहिए शायद चौधरी बंसी लाल जी भूल गए हों तो वह अलग बात है। चौधरी बंसी लाल जी ने बार-बार यूनियन कहा था और फिर जब इनको पता लगा तो इन्होंने सुधार करके ऐसोसिएशन कहा यह रिकार्ड की बात है। उसके बाद जब इनको अक्ल आई तो फिर ऐसोसिएशन कहा।

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, मैंने तो हमेशा ही ऐसोसिएशन कहा है। अब मैं क्या करूं कि मेरे माननीय लीडर आफ दि अपोजिशन इतनी बातें ही जानते हैं और कहते हैं कि मुझे अब अक्ल आई, क्या पता इनको ही अब अक्ल आई हो।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** यह तो रिकार्ड की बात है, मैं आपको रिकार्ड दिखा दूंगा।

**श्री बंसी लाल :** आप रिकार्ड के तौर पर हमारा चुनाव घोषणा पत्र पढ़ दें।

**श्री अध्यक्ष :** यह बात ऑन दि फ्लोर ऑफ दि हाउस आई है, इसी का रिकार्ड देख लें।

**श्री बंसी लाल :** हमारी पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र पढ़ लें।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** मैनीफैस्टो में ऐसोसिएशन है, आपने यूनियन कहा है।

**श्री बंसी लाल :** अजी महाराज, क्यों लड़ने की कोशिश कर रहे हो, अब घड़ी नहीं जाती। (विघ्न) बीरेन्द्र सिंह जी, आपने ए० सी० आर० के बारे में पूछा था। मेरा भी पिछले 7-8 साल का ऐक्सपीरियैंस रहा है मुझे तो कोई तकलीफ महसूस हुई नहीं। चौधरी भजन लाल जी ने कहा कि कुछ बातें

[श्री बंसी लाल]
ऐसी हैं जो वे सीधे ही ऊपर बता सकते हैं। ऊपर कोई बताना चाहेगा तो मैं सुनने के लिए तैयार बैठा हूं। क्या ऐतराज है। पहले तो ऐसी कोई नौबत आई नहीं। फिर भी आप बता देना। जो बात सीधे करने की होगी उसे सीधे कर लूंगा। जिले में जब तक कोई एक आदमी जिम्मेदार न हो तब तक बात नहीं बनती। चीफ मिनिस्टर आए, मिनिस्टर जाए, वह जिले में डी० सी० से पूछे कि पानी का क्या हाल है, बिजली का क्या हाल है तो वह कहेगा कि बिजली वाले को बुलाता हूं नहर वालों को बुलाता हूं फिर कहेगा कि नहर वाले हिसार में नहीं रोहतक में बैठते हैं। I know only one person i.e. the Deputy Commissioner. Every officer in the district is responsible to him and he is responsible to the Government.

**श्री भजन लाल :** यह बहुत मुश्किल काम है चौधरी साहब।

**श्री बंसी लाल :** मैंने हमेशा मुश्किल काम हल किए हैं। मुश्किल कामों को हल करने का ही मेरा इतिहास रहा है।

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** स्पीकर सर, ए०सी०आर० की बात मैंने इस इरादे से की थी कि डी०सी०, एस०पी० और एस०ईज० की ए०सी०आर० लिखेंगे या नहीं लिखेंगे, इसका फैसला सरकार ने करना है। मैंने तो पावर को एक हाथ में करने का विरोध किया था क्योंकि मैं समझता हूं कि विगत् 30 वर्षों में जो विकृतियां पैदा हुई हैं यह सैन्ट्रलाइजेशन ऑफ पॉवर की वजह से हुई हैं। आप अपने समय में कामयाब हुए लेकिन अगर आप इस किस्म की पावर एक आदमी को देंगे तो वह इसका मिसयूज करेगा। डी०सी० किस किस्म के आदमी को पसन्द करता है, यह मैं अच्छी तरह से जानता हूं। जो अफसर डी०सी० के घर पपलू खेलने आएगा, उसकी रिपोर्ट अच्छी होगी और जो पपलू खेलने नहीं आएगा, उसकी रिपोर्ट अच्छी नहीं होगी।

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, मैं चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी को यह अश्योर करना चाहता हूं कि कोई सैन्ट्रलाईजेशन ऑफ पावर नहीं होगी। इसका मतलब यह नहीं की एस०ई० बिजली का अपना काम नहीं करेगा, इसका मतलब यह नहीं कि एस०पी० अपना काम नहीं करेगा। हर आदमी अपना-अपना काम करेगा। यह तीन लिमिटिड चीजों तक ही उसकी राय महफूज होगी। पब्लिक डीलिंग होगी, दो-तीन चीजें हैं कोई खास बात नहीं है। एक और चीज अध्यक्ष महोदय, मैं आपको और सदन को बता देना चाहता हूं कि हमारी सरकार की फंक्शनिंग बिल्कुल ट्रांसपेरेण्ट होगी। हम कोई चीज सीक्रेट नहीं रखेंगे। सदन से नहीं छिपायेंगे, कोई ऑनरेबल मैम्बर आयेगा उससे भी नहीं छिपायेंगे। हम हर चीज सामने रख कर करेंगे, कोई काम चोरी छिपे नहीं करेंगे या सीक्रेट रख कर नहीं करेंगे। सीक्रेट वही चीज रखेंगे जो नेशनल इन्ट्रैस्ट की होगी, बाकी हम चाहते हैं कि हमको कोई चीज सीक्रेट रखने की आवश्यकता ही न रहे। There will be 100% transparency in the functioning of the Government. यही वजह है कि हमने लोकपाल बिल पास करने का फैसला किया है और जल्दी ही करेंगे। अध्यक्ष महोदय, औद्योगिक नगरियों की बिजली के लिए चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने सुझाव दिया कि पांच जो बड़े-बड़े टाउन हैं, वहां पर ऐसा कर दिया जाये। अगर सभी पार्टियों के 5, 7 या 10 ऑनरेबल मैम्बर्ज बैठकर बात करके यह कहें तो मैं उनकी एक कमेटी बना देता हूं। जो वे सलाह देंगे, मैं कर दूंगा। प्रदेश कोई मेरी बपोती तो है नहीं। ये इलैक्टिड रिप्रेजेंटेटिव हैं, ये जो कहेंगे वह मैं कर दूंगा, मुझे क्या तकलीफ है। मेवात कैनाल का जिक्र आया। अध्यक्ष महोदय, मेवात की धरती बहुत अच्छी है और पानी न होना वहां की बदकिस्मती है। हमारी पूरी कोशिश होगी कि हम मेवात में कैनाल बना कर या कोई भी नहर बनाकर

मेवात को पानी देंगे। वहां गुरबत बहुत है, लोग बहुत तकलीफ में हैं वहां पीने का पानी नहीं है। उनका भी उतना ही हक है जितना किसी दूसरे का हक है। जहां तक आगरा नहर के कंट्रोल की बात है, जब मैं पहले यहां पर मुख्यमंत्री था, उस समय उत्तर प्रदेश में श्री कमलापति त्रिपाठी जी मुख्यमंत्री थे। हमारी एक बात इन-प्रिंसिपल तय हो गई थी कि आगरा कैनाल का कंट्रोल हम ले लें। हम कहते थे कि बुक वैल्यू ले लो, वे कहते थे नहीं मार्किट वैल्यू दो। वहां बात रह गई थी। उसके बाद मुझे नहीं पता क्या चल रहा है। मगर यह बात सही है कि जब तक हम उसका कंट्रोल नहीं लेंगे तब तक बात बनने वाली नहीं है क्योंकि पूरी आगरा कैनाल जलखुम्बी से भरी पड़ी है। किसान के खेत में पानी नहीं जाता। खेत सूखा पड़ा रह जाता है और तावान लग जाता है। तावान को भुगतने के लिए मथुरा और आगरा जाते हैं। हम यह नहीं चलने देंगे। (विघ्न) आप देखना, चौधरी साहब ले के दिखाउंगा। (विघ्न) चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने एक वेग पासपोर्ट की बात कही। यह मैं समझा नहीं इसमें हम क्या कर सकते हैं। अगर ये हमें कोई रास्ता बतायेंगे कि हम क्या कर सकते हैं तो हमें कोई एतराज नहीं होगा। मगर यह सैन्ट्रल गवर्नमेंट का सबजैक्ट है, हमारा तो सबजैक्ट है नहीं। फिर भी ये अगर कोई रास्ता बतायेंगे कि इस तरीके से हम सहायता कर सकते हैं तो We will be too happy to help them.

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** चौधरी साहब, मैंने यह कहा था कि एजेण्ट लोगों को ठगते हैं और बाहर भेजने के लिए लोगों से 50-50 हजार और एक-एक लाख रुपये लेते हैं। हरियाणा स्टेट से यह मांग की थी कि उनको असिस्ट करने के लिए किसी डिपार्टमैंट के साथ एक सैल आप कायम कर सकते हैं जो उनको पासपोर्ट और वीजा प्रदान करने के लिए मदद कर सके।

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी भी सरकार में रहे हुए हैं। ये मुझे कोई स्कीम बना कर दे दें। अगर पोसीबल होगा तो मुझे ऐसा करने में कोई एतराज नहीं होगा। एक सवाल जो चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने उठाया कि एजुकेशन प्रो-इंडस्ट्रीज़ होनी चाहिए so that people can come up for good job. यह एक बहुत अच्छा सुझाव है। इसके ऊपर हम जरूर विचार करेंगे और कोशिश भी करेंगे। यह काम करने का है, खाली जवाब देने का नहीं है। यह बहुत अच्छा सुझाव है। अध्यक्ष महोदय, एक बात चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने कही कि प्रदेश में स्वास्थ्य की सेवाएं बड़ी खस्ता हालत में हैं। मैं उनके साथ इस बात से सहमत हूं। इसमें कोई दो राय नहीं है। मैं कहता हूं कि चाहे डाक्टर हो, चाहे मास्टर हो, चाहे किसी महकमे का मुलाजिम हो, रात को गांव में तो उसको ठहरना चाहिए। दूसरे मुलाजिमों की बात तो चल जाएगी लेकिन अगर बीमारी हो जाए तो रात को डाक्टर कहां से उपलब्ध होगा। इसके ऊपर भी हम गौर करेंगे। चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने एक सुझाव यह दिया कि डाक्टरों का देहात का काडर अलग बना दो। मैं कहता हूं कि अगर लीगली संभव हुआ तो हमें कोई दिक्कत नहीं है। एक उन्होंने नौकरियां बेचने की बात कही। मैं उनको यह आश्वासन दे सकता हूं कि हम नौकरियां नहीं बेचेंगे। हम नौकरियां मैरिट पर देंगे। (थंपिंग) एक उन्होंने तबादलों में गड़बड़ी की बात कही। हम कोई गड़बड़ तबादलों में नहीं करेंगे। बाकायदा प्रिंसीपलज़ ले डाउन कर देंगे, जिनके तहत सरकारी मुलाजिमों का ट्रांसफर किया जाएगा। ऐसा नहीं होगा कि आज बच्चों का दाखिला यहां कराया हुआ है, कल ट्रांसफर होने पर वहां कराना पड़ रहा है, परसों कहीं और। ऐसा करने का हमारा कोई इरादा नहीं है। (विघ्न) अगर एम०एल०ए० सिफारिश करेगा तो उसके कोई मायने नहीं क्योंकि जब बात मैरिट पर आ गई है तो सिफारिश करे या न करे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। इसके अतिरिक्त मैं बताना चाहता हूं कि बाढ़ के डेमेजिज से संबंधित जो मुआवजा राशि का बंटवारा हुआ, वह ठीक ढंग से नहीं हुआ। बहुत जगहों से शिकायतें आ रही हैं। हम उन शिकायतों की जांच पड़ताल तो कर देंगे

[श्री बंसी लाल]
मगर हमने जो 450-500 करोड़ रुपए का घाटा कर लिया शराब बंद करके, इसलिए हम वित्तीय सहायता कितनी दे सकेंगे, यह आप जानते हैं। अध्यक्ष महोदय, इस बात की मैं कमिटमैंट नहीं करूंगा, क्योंकि बात कहूंगा तो देना ही होगा। (विघ्न)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, चौधरी बंसी लाल जी सभाओं में प्रैस के लोगों को कहा करते थे, जब उनसे वे पूछते थे कि यह 600 करोड़ रुपए का घाटा कहां से कवर करोगे। तो इस पर बंसी लाल जी कहते थे कि ओ०पी० चौटाला और भजन लाल को जंगले में बंद कर दूंगा और 10-10 रु० के टिकट लगा दूंगा (हंसी) ये सामने बैठे हैं। मैं इस बात के लिए उन से निवेदन करूंगा कि जल्दी से जल्दी उस कार्यवाही को अमली जामा पहनाएं ताकि स्टेट का रैवन्यू भी पूरा हो सके।

**श्री खुर्शीद अहमद :** इस आमदनी में से फिफ्टी फिफ्टी कर लेना, फिफ्टी स्टेट को और फिफ्टी इन दोनों को बांट देना (हंसी)

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, मैंने ऐसा कभी नहीं कहा। श्री चौटाला ने ऐसी बातें घड़ने का न जाने कहां कारखाना लगाया हुआ है, मुझे नहीं मालूम। अध्यक्ष महोदय, चौधरी रणदीप सिंह सुर्जेवाला ने फूलों के निर्यात करने की बात कही। इनका सुझाव बहुत अच्छा है। सरकार ने इस तरफ कुछ कदम भी उठाए हैं। हमारी इच्छा है कि हम उनको आगे बढ़ाएंगे। यह उनका बहुत अच्छा सुझाव है। उन्होंने एक बात और फल तथा सब्जी के निर्यात को प्रोत्साहन देने की कही। इसके लिए भी मैंने कल चीफ सैक्रटरी से तथा दूसरे साथियों से बात की थी। इस तरफ भी हम कदम उठाएंगे। एक बात श्री सुर्जेवाला ने कही कि दिल्ली के चारों तरफ किसानों की जमीन चली जाए तो यह भी कोई ठीक बात नहीं है। मैं इस बात से भी सहमत हूं। हमारी कोशिश होगी कि दिल्ली के बिल्कुल साथ लगती सारी जमीन को हम कोलोनाईजेशन में तथा इंडस्ट्रीज में प्रयोग नहीं करेंगे। हमें थोड़ा बहुत पोल्यूशन का भी ध्यान रखना है। हमारी कोशिश यह होगी कि दिल्ली से सौ-सवा सौ कि०मी० दूर तक इसके तीनों तरफ सैटेलाइट टाउन्ज बना दें। श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि पिछली हरियाणा सरकार ने एन०टी०पी०सी० के साथ समझौता किया हुआ है। पिछली सरकार ने एन०टी०पी०सी० के साथ जो भी कोई समझौता किया है, उसको हम लागू करेंगे, उसमें हमें कोई एतराज नहीं है क्योंकि एन०टी०पी०सी० गवर्नमैंट की अंडरटेकिंग है। एक बात श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला ने यह भी कही कि कांग्रेस पार्टी तो हमेशा ही शराब बंद करने के हक में रही है। आज से 15 दिन पहले तक कांग्रेस पार्टी की ही सरकार थी, शराब बंद कर दी होती। हमने तो यह मांग की थी कि हरियाणा में शराब कम्पलीट बंद कर दो। एक बात उन्होंने यह भी कही कि हरिजनों पर अत्याचार होते हैं तो हरिजनों पर आगे तो कोई अत्याचार होने देंगे नहीं। पीछे तो उन्हीं की पार्टी की सरकार थी। चौधरी भजन लाल जी आपके नेता हैं आप इस बारे में आपस में बात कर लेना, हमें कोई एतराज नहीं है। एक बात उन्होंने 27 तारीख को नरवाना में गोलियां चलाने के बारे में कही। उस दिन हमारी पार्टी के किसी आदमी ने कोई गोली नहीं चलाई। बाकी उन्होंने जो भी कुछ कहा है, उसकी मैं पूरी तहकीकात करवा लूंगा और उसमें जो भी सही बात होगी वह कर दी जाएगी। हम किसी के साथ कोई रियायत नहीं करेंगे। अध्यक्ष महोदय, एक बात बहन करतार देवी ने कही कि हरिजनों को कैसे प्रोत्साहित किया जाएगा। बहन जी भी पांच साल तक सरकार में रही हैं और बहन जी खुद उसी समाज से संबंधित हैं। उनके वक्त में हरिजनों की जितनी देखभाल हुई, उससे ज्यादा देखभाल हम करेंगे और उनको उनसे ज्यादा प्रोत्साहित करेंगे। प्रोत्साहित करने के कई तरीके हैं। अध्यक्ष महोदय, एक बात उन्होंने कही कि ड्रेनेज और रनिंग कैनाल्ज के डिपार्टमैंट अलग अलग होने चाहिएं। अध्यक्ष महोदय, उनकी इस बात में काफी दम है। इसको हम करने की कोशिश करेंगे।

**श्री भजन लाल :** इस डिपार्टमैंट को तो हमने ही अलग अलग कर दिया था।

**श्री बंसी लाल :** बताया गया है कि अभी तक हुआ नहीं है। यदि अलग नहीं हुआ है तो हम कर देंगे। यह तो कर देने वाली बात है।

**श्री अध्यक्ष :** क्या यह डिपार्टमैंट पहले एक ही था।

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, पहले यह एक ही डिपार्टमैंट था। अब ये कह रहे हैं कि इस डिपार्टमैंट को अलग अलग कर दिया था। अगर इन्होंने उसको अलग अलग डिपार्टमैंट किया होगा तो मुझे मालूम नहीं है। यदि वह अलग अलग डिपार्टमैंट नहीं है तो हम ड्रेनेज और रनिंग कैनाल्ज डिपार्टमैंट अलग अलग कर देंगे। यह तो कर देने वाली बात है। अध्यक्ष महोदय, बहन करतार देवी ने एक बात कैलंगा गांव की लेडी सरपंच के बारे में कही कि उसको थाने में बुला कर हास किया गया। मैंने इस बारे में पता करवाया था, उनका गांव में आपस का कोई झगड़ा था। उस झगड़े के कारण पुलिस ने न किसी को थाने में बुलाया और न किसी को हास किया। वह लेडी सरपंच थाने में थानेदार को, या इंस्पैक्टर को या ए०एस०आई० को मिलने के लिए गई थी। जिससे वह मिलने गई थी वह उसको वहां पर मिला नहीं, वह वहां से वापिस आ गई। पुलिस वालों ने उसको कुछ नहीं कहा।

**श्रीमती करतार देवी :** चौधरी साहब, आपको यह सूचना पूरी नहीं दी गई। सी०आई०ए० स्टाफ वाले उसको घर से बुला कर ले गए थे। उन्होंने पूरे दिन उसको थाने में बैठाए रखा। यह बात मेरे नोटिस में आ गई थी। मैंने एस०पी० को टैलीफोन किया था कि यह महिला सरपंच है, इसका कोई कसूर नहीं है उसको थाने में बैठाया हुआ है। वैसे तो सी०आई०ए० स्टाफ वाले उस महिला को बुला ही नहीं सकते क्योंकि उसको बुलाने के लिए कोई लेडी पुलिस भी नहीं गई थी। तो एस०पी० ने उस वक्त कहा था कि मैं अभी कह देता हूं। वह लेडी सरपंच शाम को अपने घर आ गई थी। मैं आप को यह सच कह रही हूं कि पुलिस के छोटे नौजवान लड़के उस लेडी सरपंच के घर जा कर के उसको गन्दी गन्दी गालियां देते हैं उसको जान से मारने की भी धमकी देते हैं। उस लेडी सरपंच को तंग किया जा रहा है।

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, मुझे इस बारे में जो इत्तलाह दी गई थी वह मैंने बता दी है। फिर भी मुझे जो इत्तलाह दी गई है, अगर वह ठीक नहीं है तो मैं होम मिनिस्टर साहब से कहूंगा कि वे इस बारे में अच्छी तरह से पता करवा लें। इसमें जो भी इन्साफ की बात होगी, वह होम मिनिस्टर साहब करेंगे। अध्यक्ष महोदय, एक बात बहन करतार देवी ने खुद मानी है कि बाढ़ के कारण जो नुकसान हुआ था और उसका जो मुआवजा बांटा गया वह ठीक नहीं बांटा गया। अध्यक्ष महोदय, यह उन्हीं की सरकार के टाईम की बात है इसलिए वे आपस में ही सुलट लें दोनों साथ साथ ही बैठे हैं।

**श्रीमती करतार देवी :** चौधरी साहब, मैंने यह भी कहा था कि उस वक्त सर्वे किया जा रहा था और यह हमने अपने चुनाव घोषणा-पत्र में लिखा था कि जिनको मुआवजा नहीं मिला उनको हम मुआवजा देंगे। तो आप से मैंने यह रिक्वैस्ट की थी कि जिनका सर्वे हो गया या जिनका सर्वे नहीं हुआ उनका सर्वे करवा करके, जिनका जायज हक बनता है क्या उनको आप मुआवजा देंगे या नहीं देंगे ?

**श्री बंसी लाल :** इसका जवाब मैं पहले दे चुका हूं। कैप्टन अजय सिंह ने मसानी बैराज के बारे में अच्छी बात की है, उसका भी मैंने जवाब दे दिया। इन्होंने एक बात कही कि भिवानी ज्यादा डिवैल्प हो गया तो मैं आपके माध्यम से उनको एक ओफर देना चाहता हूँ कि अगर रिवाड़ी जिले को भिवानी के बराबर रख दूं तो उनको कोई एतराज नहीं होगा। (विघ्न) चलो तोशाम के बराबर रख दूंगा। अभी आपके साथ कमिटमैंट हो गई इसलिए आप फिर कुछ नहीं कहेंगे। (विघ्न) क्योंकि रिवाड़ी तोशाम से व

[श्री बंसी लाल]
भिवानी से बहुत आगे गुजर गया है। तोशाम में मुख्यमंत्री भजन लाल जब गए थे तो वे तोशाम में क्या कह कर आये थे, उनको याद होगा। अजय सिंह ने रिवाड़ी में एक ओवर ब्रिज की बात की, वहां पर एक नहीं बल्कि दो ओवर ब्रिजिज़ की आवश्यकता है। इसके लिए हम कोशिश करेंगे। एक बात अजय सिंह ने कही कि जिस एरिया में इण्डस्ट्रीज लगें उसी एरिया के लोगों को नौकरियां मिलनी चाहिएं। इस बारे में मायना साहब ने भी कहा कि जिस एरिया में इण्डस्ट्रीज लगे उसी गांव के लोगों को भी नौकरियां मिले। मैं कहना चाहूंगा कि जिस इलाके में इण्डस्ट्रीज लगेंगी वहां पर टैक्नीकल और एक्सपर्ट को छोड़ कर टोटल लेबर वहीं के लोगों को मिलेगी बाहर से नहीं आयेगी।

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** क्या हमारे बच्चे लेबर लगने के लिए ही रह गए हैं। हमारे बच्चों को भी टैक्नीकल और मैनेजमैंट में जोब मिलनी चाहिए, उन पर भी हमारे बच्चों का हक है। उनको वहीं पर ट्रेनिंग दी जाये ताकि उनको भी उन पदों पर मौका मिले वरना तो बाहर से आयेंगे और हम लेबर के लिए ही रह जाएंगे।

**श्री बंसी लाल :** अगर मैं यह कह दूं कि हमारे ही रखने पड़ेंगे तो कोई इण्डस्ट्री लगाने के लिए आयेगा ही नहीं। अगर हमारे बच्चे उस लायक होंगे तो वे लगेंगे। मैं उसके लिए यह नहीं कह सकता कि हमारे बच्चों को मैनेजमैंट दे दो। जो बात आपने कही कि ट्रेनिंग आदि दे कर उन बच्चों को लगाया जाये, यह सुझाव अच्छा है। हम कोशिश करेंगे कि इस तरह की तालीम दी जाये। एक चौटाला साहब ने कहा कि डीप ट्यूबवैल लगाये गए जिस कारण पानी नीचे चला गया। इस बारे में मैंने पहले ही इरीगेशन डिपार्टमैंट वालों को कह दिया कि जहां जहां पर किसानों को एतराज है कि डीप ट्यूबवैल लगाने से पानी नीचे चला गया है, वहां पर ऐसे ट्यूबवैल फौरन बंद कर दें, हमें कोई एतराज नहीं होगा। एक बात चौटाला साहब ने कह दी और मैं उन से ऐक्सपैक्ट भी क्या कर सकता हूं, यही कर सकता हूं। इन्होंने कहा कि शराब के ठेकेदारों से 15 करोड़ रुपये लेकर पहली जुलाई तक उनको शराब बेचने के लिए छूट दे दी। चौटाला साहब को तो सिवाये करोड़ों के कुछ दिखता ही नहीं। (विघ्न) मुझे 2 रोटी सुबह, दोपहर और शाम को चाहिएं और इनको करोड़ों के सिवाये कुछ नहीं दिखता। इनका मेरे पास कोई इलाज नहीं है। (विघ्न) हां जनता ने पीछे मेरी 20 साल तक सफाई कर रखी थी। अगर मैं फिर गलत काम करूंगा तो फिर कर देगी। जनता तो सबका इलाज कर सकती है। उसके पास सबका इलाज है। चौटाला साहब ने कह दिया कि मुख्यमंत्री जी अपने कुटुंब वालों से पूछें कि 15 करोड़ रुपए कहां गए। मेरे कुटुम्ब में तो पैसे लेने की प्रथा नहीं है, यह चौटाला साहब के कुटुम्ब को ही मुबारक हो। मैं इस चक्कर में नहीं पड़ता। इन्होंने एक रेड्डी कमीशन की बात कही। मैंने वह भी भुगत लिया और उन्होंने मेरे खिलाफ कोई खास बात नहीं कही। एक इन्होंने नागर कमीशन की बात कही। मैं चौटाला साहब से पूछना चाहता हूं कि वे बता दें कि यह नागर कमीशन क्या है।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** आप यह बता दें कि क्या जगन मोहन रेड्डी कमीशन की रिपोर्ट आपके खिलाफ आयी कि नहीं। मैं एक ही सवाल पूछना चाहता हूं।

**श्री बंसी लाल :** आप एक सवाल पूछते हो मैं दो सवालों का जवाब देता हूं।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री केवल इस बात को स्पष्ट करें कि जगमोहन रेड्डी कमीशन में इनके खिलाफ एडवर्स रिपोर्ट आई है कि नहीं आई।

**श्री बंसी लाल :** रेड्डी कमीशन में मेरे खिलाफ कोई ऐसी रिपोर्ट नहीं आयी है जो बहुत डैरोगेटरी

हो। उन्होंने कोई बात यह लिख दी कि यह इरैगूलेरिटि है यह बह है। (विघ्न) आप शांत रहें। सेतिया कमीशन की रिपोर्ट सामने आने वाली है।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** सेतिया कमीशन क्या, सभी कमीशन की रिपोर्ट आनी चाहिए।

**श्री बंसी लाल :** यह नागर कमीशन क्या है।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार को कहता हूं कि जितने भी हमारे यहां पर कमीशन मुकर्रर हुए हैं, उन कमीशनों की रिपोर्ट्स इम्पलीमैंट हों और जो लोग दोषी पाये जायें उन्हें सजा मिले ताकि राजनीति में इस प्रकार की प्रथा न पनप पाये हम इस बात के पक्षधर हैं। मुख्यमंत्री जी इस बात को स्वयं स्पष्ट करें और उन आयोगों की रिपोर्ट्स लागू करें।

**श्री बंसी लाल :** किसी भी कमीशन की फाईन्डिंगज़ पर प्रोपर एक्शन होगा। नागर कमीशन के बारे में इन्होंने ज़िक्र किया था यह क्या है जरा ये बता दें।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** स्पीकर साहब, यह आई० बी० के ज्वांयट डायरैक्टर हैं। यह कोई कमीशन नहीं है। उनके द्वारा की गई इन्क्वायरी में इनके खिलाफ फाईडिंग्ज़ आई हैं। इस बारे में इण्डियन एक्सप्रैस में खबर छपी थी और अरुण शोरी ने अपनी किताब में भी लिखा है, ये इसको कन्फर्म करें।

**श्री बंसी लाल :** स्पीकर साहब, ये मुझे बता दें मैं उसको कन्फर्म भी करुंगा और जबाब भी दूंगा। स्पीकर सर, खानों के लाईसैंस की बाबत बात आई और चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने भी उस पर चर्चा की थी और चौधरी करतार सिंह ने भी इस बारे चर्चा की थी । अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे एक प्रार्थना करना चाहूंगा की जितने भी आनरेबल मैम्बर्ज की आप ठीक समझें, सदन की एक कमेटी बना दें जिसमें सभी पार्टियों के मैम्बर्ज़ हों। डेढ़ या मैक्सीमम दो महीने की म्याद आप रख दें कि खानों के लाईसैंस हों या नैशनेलाईज़ेशन के बारे में सरकार की क्या पोलिसी हो। हाउस की कमेटी जो भी सिफारिश करेगी हम उसको लागू कर देंगे, हमें कोई ऐतराज़ नहीं है। स्पीकर सर, इसी प्रकार लैण्ड एक्वीजीशन एक्ट को अमैंड करने के बारे में भी बात आई। इसको एग्ज़ामिन कर लेंगे कि इस बारे में क्या हो सकता है। यह बात ठीक है कि किसान को जमीन का मुआविज़ा सुप्रीम कोर्ट से मिलने में 5-10 साल का समय लग जाता है। इसको हम देख लेंगे और जो कर सकते हैं करेंगे। श्री खुर्शीद अहमद जी ने एक बहुत ही अच्छा सुझाव दिया था और साथ ही मेरी खिंचाई भी की थी, मैं उनका धन्यवादी हूं। उन्होंने कहा कि लैण्ड ग्रैब का माफिया कहीं न उभरे, मैं उनको विश्वास दिलाता हूं कि यह उभरने नहीं पाएगा, वे इस बात का यकीन रखें। इसके साथ ही उनके जिले में उनके नोटिस में कोई माफिया आए तो मुझे बताएं, फौरन प्रबन्ध कर दिया जाएगा। चौधरी खुर्शीद अहमद ने एक और बात कही कि हर कामन मैन को इन्साफ मिलना चाहिए। चौधरी खुर्शीद अहमद मेरी सरकार में मन्त्री भी रहे हैं और वे मेरी आदत भी अच्छी तरह से जानते हैं। आज मैं उनको आश्वासन देता हूं कि कामन मैन को इन्साफ मिलेगा। कहीं कोई गैर इन्साफी की बात उनके नोटिस में आए मुझे बताएं, फौरन उस पर एक्शन होगा। करप्शन के केसिज़ के बारे में भी उन्होंने ज़िक्र किया । उनके नोटिस में जो भी केस आए मुझे बताएं, फौरन एक्शन लिया जाएगा। एक बात उन्होंने और बहुत ज़ोर की कही। उन्होंने कहा की कुछ मणियां ऐसी हैं जो कि मुकुट में ही लगती हैं। उन्होंने मुझे यह बहुत ही अच्छी वार्निंग दी, मैं उनकी इस वार्निंग को याद रखूंगा और उन मणियों को मुकुट में नहीं लगने दूंगा, वे इस बारे में निश्चिन्त रहें। चौधरी धीरपाल सिंह जी ने एस०वाई०एल० और यमुना जल समझौता और दोनों पार्टियों के गठबन्धन के बारे में कहा, उनका जबाब मैं दे चुका हूं। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली को पानी देने के बदले में हरियाणा को पानी देंगे, इस बात

[श्री बंसी लाल]

का भी मैं जवाब दे चुका हूं। आगरा कैनाल के बारे में भी मैं जवाब दे चुका हूं। राजस्थान टौरेन्ट्स की बात भी उन्होंने कही और 'जुगाड' तथा जीप वगैरह का भी जिक्र किया, इन बातों का भी मैं जवाब दे चुका हूं। ट्रांसपोर्ट परमिट्स की बात भी उन्होंने कही, उसका जवाब भी मैंने दे दिया है। एक उन्होंने बहुत ही अच्छी बात कही कि शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है यानी घरवाले खुद भी बच्चे से नक्ल करवाते हैं। उसके बाद भी 14 या 15 परसैंट रिज़ल्ट रहा। अध्यक्ष महोदय, इस बात पर तो गहराई से विचार करना पड़ेगा। इस बारे में चौधरी धीरपाल सिंह जी, चौधरी भजन लाल जी, चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी और चौधरी खुर्शीद अहमद जी से भी मैं सहायता चाहूंगा क्योंकि अगर शिक्षा का स्तर ऊंचा नहीं होगा तो हम तरक्की नहीं कर पाएंगे। शिक्षा का स्तर तो ऊंचा होना ही चाहिए। अगर आप एक लड़के को नौकरी में भर्ती कर लें और वह एक सन्टेंस भी न लिख पाए तो सरकार का या जहां भी वह जाएगा वहां काम कैसे चलेगा ? लॉ एंड आर्डर और आगरा कैनाल के बारे में मैंने जवाब दे दिया है। धीरपाल जी ने एक बात सड़कों की मरम्मत के बारे में कही तो मैं इनको यह बताना चाहता हूं कि हमने सबसे पहले प्रायरिटी फल्ड कंट्रोल को दी है, उसके बाद ड्रेनेज की सफाई, नहरों की डिसिल्टिंग करके टेल तक पानी पहुंचाने, फिर बिजली की कमी को दूर करने और उसके बाद सड़कों की मरम्मत करवाएंगे। अगर आपके हल्के में कोई ज्यादी सड़क टूट जाए तो हमें बता देना, हम मरम्मत करवा देंगे, इसके बाद डिच ड्रेन के बारे मे कहा है। रोहतक में कई गांव ऐसे हैं जिन्होंने पांच साल से फसल की शक्ल ही नहीं देखी है। एक इन्होंने कहा कि डिच ड्रेन से मिट्टी बाहर फैंक दी, धीरपाल जी वह मिट्टी बाहर नहीं बल्कि अन्दर ही फैंक दी थी। ड्रेन नं० 6, ड्रेन नं० 8 पर काम शुरू कर दिया है। इसके अलावा और भी ड्रेनों पर काम शुरू करवा देंगे। मैं खुद 15 दिन के अन्दर इनकी इन्सपैक्शन करूंगा। अध्यक्ष महोदय, इसके बाद राव नरेन्द्र सिंह ने कहा कि बी०जे०पी० और ह०वि०पा० का यह राजनैतिक मिलन है। तो मैं उनको यह बताना चाहता हूं कियह हमारे दिलों का मिलन है। इसके बाद इम्पलाईमैंट और परमिटस के बारे में कहा, जिनका मैं जवाब दे चुका हूं। जहां तक परमिट ठीक न देने की बात इन्होंने कही है तो इस बारे में आप अपने नेता से पूछें। अध्यक्ष महोदय, इसके बाद इन्होंने कडंकटर्ज और ड्राईवरों के व्यवहार और ट्यूबवैल्ज के बारे में कहा है, मैं इस बारे में भी कह चुका हूं।

अध्यक्ष महोदय, एक चौटाला साहब ने कहा कि हमने हरिजनों को नहीं लिया है। मैं इनको यह बताना चाहता हूं कि हमने जिसको भी लगाया है वह सिनयोरिटी के बेस पर ही लगाया है। लियाकत के हिसाब से लगाया, हमने किसी को जाति के हिसाब से नहीं लगाया है। अध्यक्ष महोदय, इनके वक्त में इन्होंने आर०आर० सिंह, डी०जी०पी० को उनकी रिटायरमैंट के एक महीने पहले ही हटा दिया था, जोकि हरिजन थे। उसकी जगह ये राजस्थान से दूसरे कैडर के व्यक्ति को लेकर आए और यहां पर लगा दिया। अब ये ऐसी बात करते हैं तो यह बात इनके मुंह से अच्छी नहीं लगती है। हमने जो डी०जी०पी० लगाया है वह हरिजन लगाया है। अब ये कहें कि ज्यादती हो गई, कुछ अच्छा सा नहीं लगता है। इनके अलावा यह बात कोई और कहता तो हम समझ लेते कि उसने ठीक बात कही है। अध्यक्ष महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं यह कहता हूं कि जो मोशन श्री जसवन्त सिंह जी ने पेश किया है उसको पास कर दिया जाए। धन्यवाद।

## राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर मतदान

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, now I put the motion to the vote of the House.

Question is-

'That an Address be presented to the Governor in the following terms :—

"That the Members of the Haryana Vidhan Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the Governor for the Address which he has been pleased to deliver to the House on the 23rd May,1996.'.".

The motion was carried

**Mr. Speaker :** Now the House stands adjourned sine-die.

*15.45 hrs. (The Sabha then *adjourned sine-die).

27933—H.V.S.—H.G.P., Chd.